आदिकाल की प्रामाणिक रचनाएँ

आदिकाल की प्रामाणिक रचनाएँ

डॉ० गणपतिचन्द्र गुप्त
एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्०
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
निदेशक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
स्नातकोत्तर प्रादेशिक केन्द्र,
रोहतक (हरियाणा)

हिन्दी की विभिन्न प्राचीन रचनाओं के प्रामाणिक पाठ-सपादन एवं वैज्ञानिक विवेचन के द्वारा आदिकाल का स्वरूप स्पष्ट करने मे अतुलनीय योग देने वाले स्वर्गीय डॉ० माताप्रसाद जी गुप्त एम ए., डी. लिट् की पुण्य-स्मृति में ।

प्राक्कथन

हिन्दी-साहित्य के इतिहास के अध्येताओ एव शोधकर्त्ताओ के लिए आदिकाल सर्वाधिक विवादास्पद रहा है। इसके नामकरण एव सीमा-निर्धारण से लेकर इसकी प्रमुख रचनाओ एव प्रवृत्तियो तक के वारे मे मतैक्य का अभाव दृष्टि-गोचर होता है। इसका मूल कारण यह है कि अभी तक यही स्पष्ट नही हो पाया कि इस काल के अन्तर्गत किन रचनाओ को स्थान दिया जाय और किन्हे नही। विभिन्न इतिहासकारो ने इस काल के अन्तर्गत विभिन्न रचनाओ को स्थान दिया है जिनमे से अनेक अस्तित्व-शून्य, अप्रामाणिक या परवर्ती युग की हैं तो अनेक हिन्दी की न होकर अपभ्रंश की हैं। ऐसी स्थिति मे कुछ वर्षों पूर्व यह धारणा वनने लग गयी थी कि रचनाओ की दृष्टि से यह काल 'शून्य-काल' है तथा इस दृष्टि से इसे 'अस्तित्व-हीन' भी कह दिया जाय तो अनुचित न होगा। इसी स्थिति की ओर विद्वानो का ध्यान आकर्षित करने के लिए मैंने "आदिकाल का अस्तित्व कहाँ है ?" शीर्षक लेख सन् १६५४ मे 'साहित्य-संदेश' मे प्रकाशित करवाया था।

किन्तु इसी वीच अनेक शोधकर्त्ताओ ने गुजरात के जैन-भाडारो मे प्राप्त हिन्दी रचनाओ का अध्ययन प्रस्तुत किया जिससे अनेक ऐसी प्रामाणिक रचनाएँ प्रकाश मे आयी जिनके आधार पर आदिकाल का अस्तित्व तो प्रमाणित हो जाता है किन्तु साथ ही उसकी काल-सीमा, नामकरण, प्रवृत्तियो आदि के वारे मे प्रच-लित परम्परागत धारणाएँ भी निराधार एव भ्रामक सिद्ध हो जाती हैं। इस काल की उपलव्ध प्रामाणिक रचनाओ की दृष्टि से देखा जाय तो यह चारण-कवियो का युग न होकर जैन कवियो का युग सिद्ध होता है। इस काल की अधिकाश रचनाए भी वीरगाथात्मक न होकर शान्त रसात्मक है जिनमे जैन-धर्म के विभिन्न तत्त्वो का प्रतिपादन किया है। जैन-काव्य के अतिरिक्त सत-काव्य एव दरवारी-काव्य भी गौणरूप से इस काल मे मिलता है।

अत नवोपलव्ध प्रामाणिक रचनाओ के प्रकाश मे इस काल के वारे मे बिल्कुल नये सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। मैंने 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' मे इस दिशा मे किंचित् प्रयास भी किया है किन्तु हमारे विद्यार्थियो,

प्राध्यापको, आलोचको एव शोधकर्त्ताओ के मन मे अभी तक 'आदिकाल' या 'वीर-गाथाकाल' का वही पुराना बिम्ब बना हुआ है जो कि तथाकथित चारण कवियों की वीरगाथाओ का द्योतक है। यदि हमे वास्तविकता का बोध प्राप्त करना है तो इस भ्रामक बिम्ब को खडित करना होगा तथा इसी लक्ष्य से प्रस्तुत पुस्तक मे आदिकाल की प्राय सभी उपलब्ध प्रामाणिक रचनाओ को एक साथ प्रस्तुत किया गया है जिससे कि उसका यथार्थ बिम्ब उभर सके।

'पृथ्वीराज रासो' के लघुतम सस्करण को भी मैं आदिकाल की प्रामाणिक रचना मानता हूँ। इसका पाठ-शोधन एव सपादन स्वर्गीय डॉ० माताप्रसाद जी गुप्त द्वारा तथा इसका प्रकाशन साहित्य-सदन, चिरगाँव से हुआ है। यह रचना आकार-प्रकार की दृष्टि से इतनी बडी है कि उसे इसमे समेट पाना सभव नही हो सका।

इनमे से अनेक रचनाएँ विभिन्न सपादको द्वारा प्रकाशित हो चुकी है। कुछ रचनाओ के पाठ के लिए डॉ० दशरथ ओझा एव डॉ० दशरथ शर्मा द्वारा सम्पादित 'रास और रासान्वयी काव्य', डॉ० हरीश के 'आदिकाल के अज्ञात हिन्दी रास-काव्य' से सहायता ली गयी है, इसके लिए मैं इन ग्रन्थो के सपादको एवं प्रकाशको का आभारी हूँ।

—गणपतिचन्द्र गुप्त

अनुक्रमणिका

(क) भूमिका-भाग

(ख) मूल रचनाएँ

आदिकाल की प्रामाणिक रचनाएँ

१. आदिकाल की प्रामाणिक रचनाएँ

हिन्दी साहित्य के विभिन्न इतिहासकारो ने प्रारम्भिक काल या आदिकाल को विभिन्न नामो से पुकारते हुए इसके अन्तर्गत विभिन्न रचनाओ का उल्लेख किया है, जिनमे परस्पर गहरा अन्तर है। एक ही काल-खण्ड के अन्तर्गत लिखी गयी हिन्दी रचनाओ के बारे मे यह मतभेद अत्यन्त विचित्र एव आश्चर्यजनक है। जहाँ जार्ज ग्रियर्सन ने इस काल को 'चारण-काल' (७००-१३०० ई०) की सज्ञा देते हुए इसके अन्तर्गत कुल नौ रचनाओ का उल्लेख किया है, वहाँ उन्ही के उत्तराधिकारी मिश्र-वन्धुओ ने अपने 'मिश्रवन्धु विनोद' मे आरम्भिक-काल (स० ७००—१४४४ वि०) मे १६ कवियो की विभिन्न रचनाओं को स्थान दिया है। किन्तु उन्हे इमीसे सतोष नही हुआ, 'मिश्रवन्धु-विनोद' के नये सस्करण मे उन्होने सिद्धो और नाथपथियो को भी सम्मिलित करते हुए इस काल के कवियो की सख्या ७५ तक पहुँचा दी है। किन्तु आगे चलकर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने केवल वारह रचनाओ को ही इस काल मे स्थान देने के योग्य समझा जिनमे से चार उनकी ही मान्यता के अनुसार अपभ्र श मे रचित हैं। शुक्ल-परवर्ती इतिहासकारो मे से डा० रामकुमार वर्मा ने मिश्रबन्धुओ के मार्ग का अनुसरण करते हुए इस काल मे (सधिकाल एवं चारण-काल मे) शताधिक रचनाओ को स्थान दिया है, तो आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने पुन शुक्ल जी की परम्परा के अनुसार केवल आठ-नौ कवियो की ही चर्चा इस काल मे की है, इतना ही नही, इनमे से भी अनेक को उन्होने अस्तित्वहीन, सदिग्ध एव अर्द्ध प्रामाणिक घोषित किया। वस्तुत आचार्य द्विवेदी ने अन्यत्र ईमानदारी से यह स्वीकार किया है, कि चौदहवी शती से पूर्व रचित हिन्दी का कोई भी ऐसा काव्य उपलब्ध नही है, जिसे प्रामाणिक कहा जा सके।

इस प्रकार आदिकाल की स्थिति वडी विचित्र है—यदि एक इतिहास-ग्रन्थ मे देखें तो वह शताधिक रचनाओ से भरा-पूरा दिखाई पडता है, तो दूसरे के अनुसार वह प्रामाणिक रचनाओ से सर्वथा शून्य प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति मे आदिकाल के सीमा-निर्धारण, नामकरण, उसकी साहित्यिक प्रवृत्तियो-विशेषताओ आदि का निर्णय करना कठिन ही नही असम्भव है। जब हमें यही पता नही है कि इस काल की वास्तविक रचनाएँ कौन सी हैं, तो उसकी प्रवृत्तियो व विशेषताओ का निर्णय किस आधार पर किया जायगा ? फिर भी हमारे इतिहासकारो व इतिहास के प्राध्यापको

का उत्साह एव साहस प्रशसनीय है कि वे विना इस बात की परवाह किये कि वास्तविकता क्या है, इस काल की वीरगाथात्मकता, चारण प्रवृत्ति एव ओजपूर्ण शैली का बखान इस आत्म-विश्वास के साथ किये जा रहे है कि जिससे विद्यार्थियो के मन मे इस काल का एक ऐसा काल्पनिक चित्र अकित हो गया है, जो वास्तविकता से वहुत भिन्न है ।

पर यदि हम इतिहास के नाम पर कोरी कल्पना एव भ्रामक धारणाओ से संतुष्ट न होकर वास्तविकता का साक्षात्कार करना चाहते हैं तो हमे आदिकाल की तथोक्त शताधिक रचनाओ पर पुर्नविचार करके यह देखना होगा कि इनमे से कौनसी हिन्दी की हैं, और कौनसी हिन्दीतर हैं, तथा रचनाकाल की दृष्टि से वे इस काल की सीमाओ मे आती हैं, या नही ? साथ ही हमे उन रचनाओ को भी अलग कर देना होगा जो कि हिन्दी की होती हुई भी साहित्य की श्रेणी मे नही आती अपितु दर्शन-शास्त्र, नीति-शास्त्र या व्याकरण-ग्रथ की कोटि मे आती हैं । अस्तु, इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए आगे प्रमुख इतिहासकारो द्वारा उल्लिखित रचनाओ पर क्रमश: विचार किया जाता है ।

(क) जार्ज ग्रियर्सन द्वारा उल्लिखित रचनाएँ

ग्रियर्सन ने नौ कवियो—पुष्यकवि, खुमानसिह, केदार, कुमारपाल, अनन्यदास, चन्द्र, जगनिक, शार्ङ्गधर एव जोधराज का उल्लेख किया है, जिनमे से पुष्य और केदार के बारे मे तो उन्होने स्वय स्वीकार किया है, कि इनकी कोई रचना उपलब्ध नही है । इसी प्रकार शार्ङ्गधर के दो ग्रन्थो मे से शार्ङ्गधर-पद्धति को सस्कृत का काव्य-सग्रह माना गया है तथा उनका दूसरा ग्रन्थ 'हम्मीर रायसा' या 'हम्मीर चरित' भी अनुपलब्ध हैं । 'कुमारपाल चरित' के रचयिता 'कुमारपाल' भी कोई कवि न होकर इस काव्य के नायक हैं, तथा इस काव्य की रचना प्रसिद्ध जैनाचार्य हेमचन्द्र सूरि द्वारा अपभ्र श मे हुई थी—अत न तो इस काव्य का ही और न ही इसके रचयिता को हिन्दी-साहित्य मे स्थान दिया जा सकता है । 'अनन्य योग' के रचयिता अनन्यदास का जीवन-काल स० १७१०–९० विक्रमी तथा 'हम्मीर रासो' के रचयिता जोधराज का रचनाकाल स० १८७५ वि० निश्चित हो चुका है, अत ये भी आदि-काल की सीमा से बहुत दूर पडते है । इसी प्रकार 'खुमानरासो के रचयिता 'खुमान-सिह' न होकर दलपति विजय थे जिनका जीवन-काल डा० मोतीलाल मेनारिया द्वारा अठारहवी शती सिद्ध हो चुका है, अत उन्हें भी इस काल मे स्थान नही दिया जा सकता । इसके बाद केवल दो कवि—'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता चन्द्र (चन्दवर-दायी) एव आल्हा 'खण्ड' के रचयिता "जगनिक" बचते हैं, किन्तु इनकी भी रचनाएँ मूल रूप मे प्राप्य नही है, फिर भी पृथ्वीराज रासो के लघुतम सस्करण के शोधित रूप को मूल के बहुत निकट माना जा सकता है । अत. इस प्रकार ग्रियर्सन द्वारा

उल्लिखित कवियो मे से केवल चन्दवरदायी ही एक ऐसे हैं, जिन्हे एक सीमा तक आदिकाल के हिन्दी कवि के रूप मे स्वीकार किया जा सकता है, शेष की या तो रचनाएँ अनुपलब्ध हैं या वे परवर्ती युग के हैं।

(ख) मिश्रबन्धुओं द्वारा-उल्लिखित रचनाएँ—

जैसा कि पीछे सकेत किया जा चुका है, मिश्रबन्धुओ ने 'मिश्रबन्धु-विनोद' के प्रथम संस्करण मे आरम्भिककाल (स० ७००–१४४४ वि०) के अन्तर्गत इन १६ कवियो को स्थान दिया है—

१ पुष्य या पुड (रचना अज्ञात , काल ७७० वि०)
२. अज्ञात कवि (खुमान रासो , ८६० वि०)
३ नन्द कवि (रचना अज्ञात , ११३७ वि०)
४ मसऊद (स० ११८० वि०)
५ कुतुब अली (स० ११८० वि०)
६ साईदान चारण (सम्वतसार, स० ११६१)
७ अकरम फैज (वर्तमाल, स० १२०५–५८ वि०)
८. चन्द (पृथ्वीराज रासो, स० १२२५–४६ वि०)
६ जगनिक (आल्हा)
१० केदार कवि
११ बारदर वेणा (स० १२२५)
१२ जल्हन
१३ भूपति (भागवत दशम स्कन्ध भाषा १३४४)
१४. नरपति नाल्ह (वीसलदेव रासो, सं १३५४)
१५ नल्लसिंह (विजयपाल रासो : स० १३५५)
१६. शार्ङ्गधर (हम्मीर काव्य , स० १३५७)
१७ अमीर खुसरो
१८ मुल्ला दाउद (नूरक चदा की प्रेम कहानी , स० १३८५)
१६ गोरखनाथ (४० ग्रन्थ , स० १४०७)

इनमे से पुष्य, नन्द, मसऊद, कुतुबअली, केदार, बारदरवेणा और जल्हन—ये सात कवि तो ऐसे हैं जिनकी रचनाएँ ही उपलब्ध नही हैं। शेष मे से भूपति या भुआल को डा० रामकुमार वर्मा ने १७वी-१८वी शती का कवि सिद्ध किया है। वर्त्तमाल के रचयिता अकरमफैज को मिश्रबन्धुओ ने जयपुर के महाराजा माधवसिंह का आश्रित बताया है—जयपुर सत्रहवी शती मे बसाया गया था तथा महाराजा माधवसिंह उन्नीसवी शती मे हुए थे, अत. यह कवि भी आदिकाल के स्थान पर आधुनिक काल का ही सिद्ध होता है। साईदान चारण, नल्लसिंह, और शार्ङ्गधर की रचनाओ

का भी केवल नाम लिया जाता है, उनका पाठ उपलब्ध नही है। गोरखनाथ का भी न तो जीवन-काल निश्चित है और न ही उनकी रचनाएँ मूल रूप मे उपलब्ध हैं, जो रूप मिलता है वह बहुत परवर्ती है—अत उन्हे भी आदिकाल के हिन्दी-कवि के रूप मे स्वीकार करना कठिन है। इस प्रकार चन्द, जगनिक, नरपति नाल्ह, अमीर खुसरो एव मुल्ला दाऊद—ये पाँच कवि ही ऐसे रह जाते हैं जिन्हे परवर्ती इतिहासकारो ने भी आशिक रूप मे स्वीकार किया है। इनमे से भी जगनिक का 'आल्हा-खड' एव अमीर खुमरो की कविता की भाषा बहुत परिवर्तित है तथा मुल्ला दाऊद के 'चदायन का रचनाकाल ७८१ हिजरी अर्थात् स० १४३६ वि० प्रमाणित हो चुका है, अत इन्हे भी आदिकाल मे स्थान देना उचित न होगा। अस्तु, उल्लिखित कवियो मे से चन्दवरदायी एव नरपति नाल्ह ही ऐसे हैं जिनके काव्य को अर्द्धप्रामाणिक मानते हुए भी आदिकालीन हिन्दी-साहित्य मे स्थान दिया जा सकता है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा उल्लिखित काव्य—आचार्य शुक्ल ने अपने इतिहास मे आदिकालीन सामग्री को दो वर्गों मे—अपभ्र श और देशभाषा (बोलचाल) की रचनाएँ—विभक्त करते हुए निम्नांकित बारह रचनाओ को साहित्य मे स्थान दिया है—

(क) अपभ्र श की साहित्यिक रचनाए—(१) विजयपाल रासो (२) हम्मीर रासो (३) कीर्तिलता और (४) कीर्ति पताका।

(ख) 'देश भाषा काव्य' की पुस्तकें—(१) खुमानरासो (२) बीसलदेव रासो (३) पृथ्वीराज रासो (४) जयचन्द्र-प्रकाश (५) जय मयक जस चन्द्रिका (६) परमाल रासो (आल्हा का मूल रूप) (७) खुसरो की पहेलियाँ और (८) विद्यापति पदावली। इनमे से अपभ्रश की रचनाओ को तो अब हिन्दी-साहित्य मे स्थान देने का प्रश्न ही नही उठता शेष मे से 'जयचन्द्र प्रकाश' और 'जय मयक जस चन्द्रिका' अनुपलब्ध हैं तथा खुमान रासो का रचना-काल अठारहवी शती सिद्ध हो चुका है। परमाल रासो एव खुसरो की पहेलियाँ भाषा की दृष्टि से सदिग्ध या परवर्ती प्रतीत होती हैं। विद्यापति का रचना-काल स्वय शुक्लजी के ही अनुसार सवत् १४६० के लगभग है तथा इस दृष्टि से वे आदिकाल के नही भक्तिकाल के कवि सिद्ध होते हैं—इस तथ्य की ओर विद्वानो का ध्यान आज से लगभग २० वर्ष पूर्व आकर्षित किया जा चुका है। इस प्रकार शुक्ल जी द्वारा उल्लिखित रचनाओ मे से पृथ्वीराज रासो को ही आदिकालीन हिन्दी काव्य के रूप मे स्वीकार किया जा सकता है, यद्यपि इसका भी रचनाकाल एव मूल पाठ विवादास्पद है।

डा० रामकुमार वर्मा द्वारा उल्लिखित रचनाएं—डा० वर्मा ने हिन्दी साहित्य के प्रारम्भिक काल को भी दो खडो—सधिकाल (स० ७५०—१२००) एव चारण-काल (स० १०००—१३७५ वि०)—मे विभक्त करते हुए सधिकाल की रचनाओ को सिद्ध-साहित्य, जैन-साहित्य, नाथ-साहित्य, मनोरजक-साहित्य और प्रेम कथा

साहित्य—इन वर्गों मे विभक्त किया है। इन वर्गों मे आने वाले कवियों की सख्या सौ से अधिक है। पर क्या यह साहित्य आदिकाल के हिन्दी-साहित्य के रूप मे स्वीकार्य कहा जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर पाने के लिये यहाँ प्रत्येक वर्ग पर क्रमश. विचार करना उचित होगा।

(क) सिद्ध साहित्य—ईसा की पहली शताब्दी के लगभग बौद्ध धर्म दो सप्रदायो मे विभक्त हो गया—महायान और हीनयान। महायान की ही एक शाखा आगे चलकर मत्रयान एव वज्रयान मे परिवर्तित हो गयी। वज्रयानियों ने धर्म-साधना के कठोर रूप को त्याग कर जीवन की सहज-स्वाभाविक पद्धति का अनुसरण किया इसलिए इसे 'सहजयान' भी कहते हैं। वज्रयान या सहजयान के साधक 'सिद्ध' कहलाते थे जिनकी सख्या ८४ बताई जाती है। इन्ही के साहित्यो को 'सिद्ध-साहित्य' कहा जाता है। सिद्धो मे सर्व प्रथम सरहपा हुए जिनके जीवन-काल के सम्बन्ध मे विद्वानो मे मतभेद है किन्तु राहुल साकृत्यायन ने उनका आविर्भाव स० ८१७ वि० के लगभग माना है। डा० रामकुमार वर्मा ने भी इसी मत का अनुसरण करते हुए उनका जीवन काल स० ७९५—८२६ वि० अनुमित किया है। सरहपा के अतिरिक्त शवरपा (स०-८३७), भुसुकुपा (स० ८५७), लुइपा (स० ८८७), विरूपा (स० ८८७), डोम्बिपा (स० ८९७), दारिकपा (स० ८९७), गुडरीपा (स० ८९७), कुकुरिपा (स० ८९७) कमरिपा (स ८९७)। कण्हपा (स० ८९७)। गोरखपा (स० ९०२), तिलोपा (स०-१००७), शान्तिपा (स० १००७) के काव्य की भी चर्चा डा० वर्मा ने सोदाहरण की है। इन कवियो की भाषा के जो उदाहरण प्रस्तुत किये गए हैं, वे हिन्दी के वहुत निकट पडते हैं, यथा—

> तिअड्डा चापी जोइनि दे अङ्कवाली।
> कमल कुलिश घाण्ट करहूँ विआली।
> जोइनि तंइ विनु खनहिं न जीवमि।
> तो मुह चुम्बी कमल रस पीवमि ॥

—गुडरिपा

कही-कही तो इनकी भाषा और भी सरल हो गयी है, जैसे—

> जइ मन पवन न सचरइ,
> रवि शशि नाह पवेश ;
> तहि वट चित्त विसाम करू,
> सरहे कहिअ उवेश ॥

—सरहपा

इसमे कोई सन्देह नही कि उपर्युक्त अशो की भाषा को हिन्दी कहा जा सकता है किन्तु विचारणीय प्रश्न यह है कि यदि आठवी-नवी शताब्दी में हिन्दी का

यह रूप विकसित हो गया था तो फिर हमारे भाषा वैज्ञानिक हिन्दी भाषा का उद्भव १००० ई० से क्यो मानते हैं ? वस्तुत इस प्रश्न पर हम अन्यत्र विस्तार से विचार कर चुके हैं, अत यहाँ सक्षेप मे इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि सिद्ध कवियो के मूल ग्रन्थ अभी तक अनुपलब्ध हैं, उनके नाम पर जो ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं वे या तो तिब्बती भाषा से अनूदित हैं अथवा अठारहवी-उन्नीसवी शती की पाडुलिपियो पर आधारित। ऐसी स्थिति मे यह कैसे कहा जा सकता है कि उनकी भाषा मूलत हिन्दी थी या अपभ्रश या कोई अन्य। इस तथ्य को स्वय महापडित राहुल साकृत्यायन ने स्पष्ट शब्दो मे स्वीकार करते हुए 'दोहाकोश' की भूमिका मे लिखा है— "..... उनके दोहाकोश एव चर्यागीति के तो एक-एक पद मे उपमाएँ भरी पडी हैं। अफसोस है सरह की इस अनमोल कृति को अभी मूल भाषा मे नही पाया गया और उसके तिब्बती अनुवाद से ही हमे सन्तोष करना पडेगा।" आगे चलकर वे लिखते हैं— "आठ सौ से कुछ ऊपर के दोहो के मूलरूप मे आये बिना हम उनकी कविता का पूरा मूल्याकन नही कर सकते।"[1] कहना न होगा कि डा० रामकुमार वर्मा भी इस तथ्य से परिचित है कि सिद्धो का साहित्य मूल रूप मे अनुपलब्ध है, इसीलिए उन्होने लिखा है—"ये रचनाएँ मगही मे हैं और हमे भोटिया मे अनुवादित ग्रन्थावली से प्राप्त हुई जो भोटिया ग्रन्थ-सग्रह तन्-जूर मे सुरक्षित हैं।"[2] वस्तुत ये ग्रन्थ भोटिया या तिब्बती भाषा मे प्राप्त हैं जिन्हे राहुल साकृत्यायन तथा अन्य विद्वानो ने अनुवादित एव सम्पादित किया है। ऐसी स्थिति मे यह कहना ठीक नही कि सिद्धो के मूल ग्रन्थ मगही या पुरानी हिन्दी मे लिखे गये थे क्योकि आठवी-नवी शती मे लोक-भाषा अपभ्रश थी न कि हिन्दी। इसीलिए प० राहुल साकृत्यायन ने इनकी भाषा को अपभ्रश मानते हुए लिखा है—".....इस प्रकार अपभ्रश की सर्वप्रथम कृति सरह के दोहो के रूपो मे ही आज मौजूद है इसलिए अपभ्रश के आदि कवि के तौर पर सरहपाद का ही नाम लिया जा सकता है।" यह आश्चर्य की बात है कि जिस कवि को महापण्डित ने अपभ्रश का आदि कवि माना था उसी को उन्ही के अनुयायियो ने हिन्दी का पहला कवि घोषित कर दिया और इस प्रकार अपभ्रश-साहित्य की पूरी परम्परा को ही लुप्त कर देने या हिन्दी मे समेट लेने का प्रयास किया। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस भ्रामक प्रयास के मूल मे किंचित् योगदान स्वयं साकृत्यायन जी का भी है क्योकि उन्होने अपनी पुस्तक 'हिन्दी काव्य-धारा' मे जो कि सन् १९४५ मे प्रकाशित हुई थी, अपभ्रश को हिन्दी से अभिन्न मानते हुए समूचे अपभ्रश साहित्य को हिन्दी-काव्य मे सम्मिलित कर लिया था। पर आगे चलकर उन्हें इस बात का बोध हो

---

१ 'दोहाकोश' सम्पादक—श्री राहुल साकृत्यायन, १९५७ सस्करण, पृ० स० २४

२ वही, पृ० स० ५८

गया कि अपभ्रंश हिन्दी से भिन्न है, इसीलिए उन्होंने अपनी पिछली मान्यता में संशोधन करते हुए 'दोहाकोश' (प्रकाशन १९५७ ई०) की भूमिका मे स्वीकार किया है—"अपभ्रंश केवल हिन्दी की अपनी चीज नहीं है उस पर उत्तर भारतीय या भारत की हिन्दू आर्य सभी भाषाओ का एक समान अधिकार है।"[३]

अस्तु, साकृत्यायन जी की अन्तिम धारणाएँ भी इसी मान्यता के अनुकूल हैं कि अपभ्रंश को हिन्दी से भिन्न मानने की स्थिति मे सिद्ध कवियो को अपभ्रंश-काव्य मे स्थान दिया जाना चाहिए न कि हिन्दी काव्य मे।

(ख) जैन साहित्य—इस शीर्षक के अन्तर्गत डा० रामकुमार वर्मा ने जैन कवियों द्वारा लिखित रचनाओ को स्थान दिया है जिन्हे हम दो वर्गों मे विभक्त कर सकते हैं—(१) जो साहित्यिक अपभ्रंश मे रचित हैं, और (२) जो अपभ्रंश-परवर्ती लोक भाषा या प्रारम्भिक हिन्दी मे रचित हैं। प्रथम वर्ग मे क्रमश स्वयभूदेव, देवसेन, पुष्पदन्त, धनपाल, मुनि रामसिह, अभयदेव सूरि, चन्द्रमुनि, कनकामर मुनि, नयनदि, जिनदत्त सूरि, योगचन्द्र, हेमचन्द्र, हरिभद्र सूरि, सोमप्रभ सूरि, मेरुतुग आदि कवियो की रचनाएँ आती हैं, जिनका रचनाकाल आठवी शती से लेकर चौदहवी शती तक है। दूसरे वर्ग मे शालिभद्र सूरि (भरतेश्वर बाहु वली रास), जिन पद्म सूरि (थूलिभद्द फागु), विनय चन्द्र सूरि (नेमिनाथ चउपई), धर्म सूरि (जम्बू स्वामी रासा), विजयसेन सूरि (रेवतगिरि रासा), अम्बदेव सूरि (सघपति समरा रासा) राजशेखर सूरि (नेमिनाथ फ ग) की रचनाओ को स्थान दिया जा सकता है। अनेक विद्वानो ने इन दोनो वर्गों की रचनाओ को एक ही श्रेणी की मानकर अपभ्रंश एव हिन्दी साहित्य मे स्थान दिया है जबकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि इनमे भाषा की दृष्टि से परस्पर गहरा अन्तर है। जैसा कि सामान्यत स्वीकार किया जाता है, ग्यारहवी-बारहवी शती मे अपभ्रंश भाषा एक ओर तो साहित्यकारो द्वारा परिनिष्ठित अपभ्रंश मे परिणत हो गयी थी तो दूसरी ओर उसके लोक प्रचलित रूप से, जिसे आचार्य हेमचन्द्र ने 'ग्राम्य अपभ्रंश' कहा है, एक नयी भाषा विकसित हो गयी थी जो स्थान-भेद से हिन्दी, गुजराती, आदि के नाम से प्रसिद्ध है। दूसरे वर्ग के कवियो ने बारहवी शती के मध्य से लेकर चौदहवी शती के मध्य तक इसी लोक भाषा—हिन्दी—मे काव्य-रचना की है, अत दोनो वर्गों के कवियो के अन्तर को ध्यान मे रखते हुए उन्हे क्रमशः अपभ्रंश एव हिन्दी मे स्थान दिया जाना चाहिए।

(ग) नाथ साहित्य—नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक गुरु गोरखनाथ माने जाते हैं जिनके जीवन-काल के बारे मे विद्वानों मे परस्पर गहरा मतभेद है। डा० रामकुमार वर्मा ने इन्हे लगभग सम्वत् १२७० मे वर्तमान माना है[४] जब कि आचार्य हजारी

---

३ 'दोहाकोश', पृ० स० ८
४. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, चतुर्थ सस्करण, पृ. स. १०५

प्रसाद द्विवेदी उनका आविर्भाव विक्रम की दसवी शताब्दी मे मानते हैं।[५] डा० पीताम्बर दत्त बडथ्वाल ने 'गोरखबानी' मे इनकी रचनाओ को सगृहीत किया है। नाथ-साहित्य के अन्तर्गत डा० वर्मा ने गोरखनाथ के अतिरिक्त गाहिणीनाथ, चर्पट-नाथ, चौरगीनाथ, ज्वालेन्द्रनाथ, भर्तृनाथ और गोपीचन्द की रचनाओ को भी स्थान दिया है तथा इनका रचना-काल तेरहवी-चौदहवी शती माना है। किन्तु हमारे विचार से इन रचनाओ को हिन्दी-साहित्य मे स्थान देना उचित नही है। एक तो इनका रचना-काल ही निश्चित नही है। दूसरे, ये अपने मूल रूप मे प्राप्य नही हैं। विषय-वस्तु और भाषा—दोनो की ही दृष्टि से ये काफी परिवर्तित एव विकृत हो गयी हैं—इस तथ्य को नाथ-पन्थी साहित्य के सम्पादको ने भी स्वीकार किया है। डा० पीताम्बरदत्त बडथ्वाल ने 'गोरखबानी' की भूमिका मे गोरखनाथ की रचनाओ के बारे मे लिखा है—"इन सब प्रतियो के द्वारा अब तक गोरखनाथ के नाम से प्रचलित चालीस छोटी-मोटी रचनाओ का पता चलता है। ... हिन्दी के ग्रन्थो की हस्तलिखित प्रतियाँ बहुत प्राचीन नही मिलती। जो कुछ मिलती हैं विक्रम की सत्रहवी-अठारहवी शती के इधर की ही हैं। ... कोई भी दो प्रतियाँ आपस मे सर्वथा मेल नही खाती।"[६] वस्तुत डा० बडथ्वाल को स १७७५ विक्रमी से पूर्व की कोई प्रति उपलब्ध नही हुई। इन प्रतियो मे भी कई प्रकार से परिवर्तन हुआ है, इसे स्वीकार करते हुए डा० बडथ्वाल जी ने लिखा है—"श्रुति-परम्परा से होती आती हुई इन बानियो के सम्बन्ध मे दो तथ्यो की ओर ध्यान दिया जाता है। एक ओर तो नाथ-गुरुओ की बानी के प्रति उनके शिष्यो मे जो प्रगाढ श्रद्धा और विश्वास की भावना होती है, वह उसे नष्ट होने से बचाती है, और दूसरी ओर स्मृति के कारण उसमे कुछ परिवर्तन या छूट हो जाती है तथा साम्प्रदायिक उद्देश्य और मत-विकास या परि-वर्तन या स्पष्टीकरण की अभिलाषा गुरुओ के नाम से नई रचनाओ के गढे जाने और पुरानी रचनाओ मे परिवर्धन या परिवर्तन का कारण होती हैं।'[७] इसीलिए उनका निष्कर्ष है—"ये रचनाएँ जैसी हमे उपलब्ध हो रही हैं ठीक वैसी ही उस समय (मूल रचना-काल) की हैं, यह नही कहा जा सकता।"[८]

उपर्युक्त उद्धरणो से स्पष्ट है कि गोरखनाथ की तथाकथित रचनाओ को प्रामाणिक मानना उचित नही है। उनकी भाषा को देखते हुए वे सत्रहवी-अठारहवी शती के पहले की नही कही जा सकती, उदाहरण के लिए यहाँ कुछ अश प्रस्तुत हैं—

---

५. हिन्दी-साहित्य, प्रथम सस्करण, पृ स १०६

६ गोरखबानी, स डा. पीताम्बरदत्त बडथ्वाल, द्वितीय सस्करण (२००३ वि.), पृ. सं १४

७. वही, पृ. स १५-१६

८. वही, पृ स. २०

गोरख कहै हमारा खरतर पथ ।
जिभ्या इन्द्री दीजै बध ॥
लोग जुगति मैं रहै समाय ।
ता जोगी कू काल न खाय ।

(पृ० स० ७२)

× × ×

कौण देस स्यू आये जोगी, कहा तुम्हारा भाव ।
कौण तुम्हारी बहण भाणजी, कहाँ धरोगे पाव ॥

(पृ० स० ८१)

गोरखनाथ के अतिरिक्त अन्य नाथपन्थी कवियो की वाणी का सम्पादन आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किया है तथा उन्हे 'नाथ-सिद्धो की बानियाँ' मे सगृहीत करके प्रकाशित करवाया है । इसमे अजयपाल, गोपीचन्द्र, चर्पटनाथ, चौरगी-नाथ, जलन्ध्री पाव, दत्तात्रेय, नागार्जुन, पृथ्वीनाथ, भरथरी, मच्छेन्द्रनाथ, आदि २५ साधको की वाणियाँ सकलित हैं । जैसा कि विद्वान् सम्पादक ने इसकी भूमिका मे स्पष्ट किया है, ये वाणियाँ मुख्यतः तीन हस्तलिखित प्रतियो पर आधारित हैं जिनका लिपि-काल क्रमश, स १७७१ वि, स. १८३६ वि एव स १८५५-५६ वि है । इस सग्रह की रचनाओ की प्रामाणिकता के बारे मे भी उन्होंने स्पष्ट रूप मे स्वीकार किया है —"... इस सग्रह की अनेक रचनाओ की प्रामाणिकता सदिग्ध है ।"[९] इनके मूल रचनाकाल के सम्बन्ध मे आचार्य द्विवेदी ने अपना अनुमान इन शब्दो मे प्रस्तुत करते हुए लिखा है—"इस प्रकार इस सग्रह मे जिन नाथ-सिद्धो की वाणियाँ सगृहीत हैं उनमे से अधिकाश चौदहवी शताब्दी (ईसवी) के पूर्ववर्ती हैं । कुछ चौदहवी शताब्दी के हैं और बहुत थोडे उसके बाद के । ... यद्यपि इन वाणियो के रूप बहुत-कुछ विकृत हो गये हैं, परन्तु भाषा का कुछ न कुछ पुराना रूप उनमे रह गया है ।"[१०]

वस्तुत डा० द्विवेदी भी इस बात का निर्णय नही कर सके कि इनमे कौनसी वाणी ईसा की चौदहवी या विक्रम की पन्द्रहवी शती के पहले की है और कौनसी बाद की । किन्तु आज इनका जो रूप मिलता है वह भाषा की दृष्टि से सत्रहवी शती से लेकर उन्नीसवी शती तक का है, अत. आदिकालीन साहित्य मे इन्हे स्थान देकर एक बहुत बडी भ्रान्ति बनाये रखना होगा । फिर भावात्मकता एव शैली की साहित्यिकता की दृष्टि से भी ये शून्य हैं—जैनियो, सन्तो एव वैष्णव कवियो की

९. नाथ-सिद्धो की बानियाँ, पृ. स. ५
१० वही, पृ. स. २५

भाँति इन्होने अपने विचारो को काव्यात्मक शैली मे प्रस्तुत नही किया, अत. केवल तुकबन्दी के कारण ही इनकी रचनाओ को 'काव्य' की सज्ञा से विभूपित करना भी उचित नही होगा। वास्तव मे इन वाणियो का महत्त्व केवल इस दृष्टि से है कि इनके माध्यम से नाथपन्थी विचारधारा एव साधन-पद्धति का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, काव्यात्मकता एव भाषा की प्रामाणिकता की दृष्टि से नही। अतः रचना-काल, काव्यत्व एव भाषा-रूप तीनो मे से किसी भी दृष्टि से इन्हे आदिकालीन हिन्दी-साहित्य मे स्थान नही दिया जा सकता।

शृंगारी व मनोरंजक साहित्य एवं प्रेमकथा-साहित्य—इस काल के शृङ्गारी व मनोरजक साहित्य के अन्तर्गत डा० रामकुमार वर्मा ने तीन कवियो की रचनाओ का उल्लेख किया है—(१) अब्दुर्रहमान का 'सन्देश-रासक', (२) वब्बर की स्फुट रचनाएँ और (३) अमीर खुसरो की रचनाएँ। इनमे से 'सन्देश-रासक' तो भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश की रचना है। कुछ विद्वानो ने इसकी भाषा को परिनिष्ठित अपभ्रंश से कुछ आगे बढी हुई मानते हुए इसे हिन्दी-काव्य मे स्थान देने की चेष्टा की है किन्तु भाषा-वैज्ञानिको ने इसे स्वीकार नही किया। डा० उदयनारायण तिवारी ने इसकी भाषा का विश्लेषण करते हुए प्रतिपादित किया है—'ध्वनि-विकास एव शब्द-रूपो की दृष्टि से सन्देश-रासक की भाषा साहित्यिक अपभ्रंश से बहुत आगे नही बढी है।'[11] इसी प्रकार डा० नामवरसिंह ने भी इसकी भाषा को साहित्यिक अपभ्रंश मानते हुए स्पष्ट शब्दो मे घोषणा की है कि यह समझना भ्रान्ति है कि यह ग्राम्य अपभ्रंश मे रचित है।[12] अस्तु, इसे हिन्दी-काव्य मे स्थान देना उचित नही है। वब्बर के कुछ छन्द प्राकृत-पैंगलम् मे उपलब्ध हैं किन्तु उनके व्यक्तित्व, रचना-काल एव कृतित्व के बारे मे निश्चित रूप से कुछ नही कहा जा सकता—ऐसी स्थिति मे उन्हे भी आदि-कालीन हिन्दी कवियो मे स्थान देना अनुचित होगा। अमीर खुसरो अवश्य ही इस काल के कवि हैं, किन्तु उनकी रचनाओ की भाषा इतनी परवर्ती है कि इससे उनकी प्रामाणिकता सदिग्ध हो गयी है।

प्रेमकथा-साहित्य के अन्तर्गत डा० वर्मा ने मुल्ला दाऊद द्वारा रचित 'चदावत' को स्थान दिया है। दाऊद को डा० वर्मा ने अलाउद्दीन खिलजी का समकालीन मानते हुए उनका रचना-काल सवत् १३७५ के आस-पास अनुमित किया है किन्तु परवर्ती विद्वानो ने—जिनमे डा० माताप्रसाद गुप्त का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है—अन्तर्साक्ष्य एव बाह्य प्रमाणो के आधार पर दाऊद को बादशाह फीरोजशाह का सम-कालीन सिद्ध करते हुए 'चदायन' का रचना-काल सन् १३७९ ई. (सवत् १४३६ वि)

---

११ हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास, द्वितीय सस्करण, पृ स. १४७

१२ हिन्दी के विकास मे अपभ्रंश का योग, चतुर्थ सस्करण, पृ स २३९

निश्चित किया है। ऐसी स्थिति मे यदि हम आदिकाल की अन्तिम सीमा विक्रम की चौदहवी शती तक भी मान ले तो भी यह रचना उसके परवर्ती युग मे आती है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि उपर्युक्त वर्गों मे उल्लिखित रचनाओ को आदिकाल की प्रामाणिक हिन्दी रचनाओ के रूप मे स्वीकार नही किया जा सकता।

चारण-साहित्य —डा. रामकुमार वर्मा ने 'सधिकाल' के अनन्तर 'चारण-काल' (स १०००–१३७५ वि.) का विवेचन अलग अध्याय मे करते हुए उसके अन्तर्गत दो दर्जन से भी अधिक रचनाओ की चर्चा की है। इनमे से कवि तो वे ही हैं जिनकी चर्चा उनके पूर्ववर्ती इतिहासकार करते रहे हैं—(१) पुष्य (२) भुवाल (३) मोहनलाल द्विज (४) भट्टकेदार (५) मधुकर (६) दलपति विजय (७) शार्ङ्गधर (८) नल्लसिह। इन कवियो मे से पुष्य या पुष्प को स्वय डा वर्मा ने अस्तित्वहीन माना है। भुवाल और मोहनलाल द्विज का रचना-काल उन्होने सत्रहवी-अठारहवी शती मे माना है। दलपति विजय और शार्ङ्गधर की रचनाएँ भी उनके विचारानुसार मूल रूप मे उपलब्ध नही हैं तथा नल्लसिह की रचना अपभ्रंश मिश्रित है। भट्टकेदार और मधुकर की भी रचनाओ का केवल नाममात्र ज्ञात है, रचनाएँ प्राप्य नही है। अत इन कवियो को स्वय डा० वर्मा ने भी अनिश्चत घोषित किया है। इस काल के निश्चित कवियो मे उन्होने नरपति नाल्ह (वीसलदेव रासो), चदवरदायी (पृथ्वीराज रासो), जगनिक (आल्हाखड) तथा बारह अन्य डिगल कवियो को स्थान दिया है। इनमे से नरपति नाल्ह एव चदवरदायी के सम्बन्ध मे तो हमे कोई आपत्ति नही है किन्तु जगनिक का आल्हाखड न तो मूल रूप मे प्राप्त है और न ही उसका रचनाकाल निश्चित है। उसका प्रचलित रूप भाषा की दृष्टि से अठारहवी-उन्नीसवी शती का है, अत. उसे आदिकाल मे स्थान देना अनुचित होगा। शेष बारह डिगल कवियो की रचनाओ का रचना-काल स्वय डा० वर्मा ने ही सोलहवी शती से लेकर उन्नीसवी शती तक माना है, देखिये—

१. जैतसी रानै पावू जी रा छन्द	(सवत् १५६८ वि)
२. अचलदास खीची री वचनिका	(स. १६१५ वि.)
३ माधवानल प्रबन्ध	(सं. १५८४ वि.)
४ क्रिसन रुक्मिणी री वेलि	(स १६३७ वि)
५ सुन्दर सिणगार	(स. १६८८ वि.)
६. वचनिका राठौर रतनसिह जीरी	(स. १७१५ वि)
७. सोढी नाथी री कविता	(स. १७३० वि.)
८. ढोला मारवाडी चउपही	(स १६०७ वि.)
९. वरसलपुर गढविजय	(स १७६९ वि)
१०. महाराज गजसिह जी रौ रूपक	(स. १८०४ वि)

११. ग्रन्थराज गाडण गोपीनाथ री कहियौ (स. १८१० वि)
१२ महाराज रतनसिंह जी री कविता (स. १८६५ वि)

इन रचनाओ का रचना-काल जो कि कोष्ठक मे दिया गया है, स्वय डा० वर्मा के इतिहास के अनुसार है। यह विचित्र बात है कि वे एक ओर चारण-काल की सीमा स १३७५ वि मानते है तथा दूसरी ओर उसके अन्तर्गत स १५८४ से लेकर स १८६५ तक की रचनाओ को स्थान देते है। सम्भवत ऐसा उन्होने चारण-काव्य या डिंगल-साहित्य की पूरी परम्परा का विकास दिखाने के लिए किया हो किन्तु इतिहास की दृष्टि से इससे असगति आगयी है।

अस्तु, चारण-काल के अन्तर्गत विवेचित रचनाओ मे से वीसलदेव रासो एव पृथ्वीराज रासो के अतिरिक्त कोई भी ऐसी नही है जिसे आदिकालीन हिन्दी-साहित्य मे स्थान दिया जा सके।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा उल्लिखित रचनाएँ—आचार्य द्विवेदी ने अपने ग्रन्थ 'हिन्दी-साहित्य, मे प्रस्तावना के अन्तर्गत अपभ्रश के जैन, सिद्ध एव नाथ-पन्थी कवियो की रचनाओ पर विहगम दृष्टि से प्रकाश डालने के अनन्तर पृथक अध्याय—'हिन्दी साहित्य का आदिकाल,—मे हिन्दी की रचनाओ का परिचय दिया है। इससे स्पष्ट है कि वे अनेक पूर्ववर्ती इतिहासकारो की भाँति जैन, सिद्ध एव नाथ-साहित्य को हिन्दी मे स्थान देना उचित नही समझते। इस काल की हिन्दी रचनाओ के अन्तर्गत उन्होने खुमाण रासो, वीसलदेव रासो, हम्मीर रासो, विजयपाल रासो और अमीर खुसरो की रचनाओ की चर्चा की है किन्तु साथ ही उन्हे परवर्ती, परिवर्तित या सदिग्ध माना है। इनके अतिरिक्त अर्द्धप्रामाणिक रचनाओ के अन्तर्गत 'पृथ्वीराज रासो, और 'परमाल रासो, (आल्हा खड) को स्थान दिया गया है। अन्त मे अब्दुर्रहमान की 'सन्देश रासक, एव विद्यापति की 'कीर्तिलता' का विस्तृत परिचय दिया गया है किन्तु जैसा कि हम पीछे लिख चुके हैं, 'सन्देश रासक' की भाषा हिन्दी की अपेक्षा अपभ्रश के अधिक निकट है तथा विद्यापति का जीवन-काल स्वय आचार्य द्विवेदी के अनुसार ही सवत् १४२५ से पन्द्रहवी शती के उत्तरार्द्ध तक है, अतः इन्हे भी हम हिन्दी-साहित्य के आदिकाल मे स्थान नही दे सकते। अस्तु, आचार्य द्विवेदी के द्वारा उल्लिखित रचनाओ मे से भी कोई भी आदिकाल की प्रामाणिक हिन्दी रचना सिद्ध नही होती।

'हिन्दी-साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' मे उल्लिखित रचनाएँ—सन् १९६५-ई० मे प्रकाशित 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' मे हमने 'आदिकाल' या 'प्रारम्भिककाल' की सीमा सन् ११८४ से १३५० ई० तक निर्धारित करते हुए निम्नाकित रचनाओ को स्थान दिया है, (क) धार्मिक रास-काव्य-परम्परा—इसके अन्तर्गत जैन कवियो द्वारा प्रारम्भिक हिन्दी मे रचित रास-काव्यो को लिया गया है,

जो ये हैं—(१) भरतेश्वर वाहुबली रास (शालिभद्र सूरी · ११८४ ई०) (२) चन्दनवाला रास (आसगु , १२०० ई०) (२) जीव दया रास (आसगु, १२०० ई०) (४) स्थूलि भद्र रास (जिन धर्म सूरि , १२०१ ई०) (५) रेवतगिरि रास (विजयसेन सूरि, १२३१ ई०) (६) आवूरास (पल्हण, १२३२ ई०) (७) नेमिनाथ रास (सुमति गुणि , १२३८ ई०) (८) कच्छुली रास (प्रज्ञातिलक , १३०६ ई०) (९) गयसुकुमाल रास (देल्हण, १४वी शती। (११) जिन पद्मसूरि पट्टाभिषेक रास (सारमूर्ति, १३३३ ई०) (११) पच पाडव चरित रास (शालिभद्र सूरि , १३५३ ई०)। ये सभी रचनाएँ रचना काल, भाषा एव काव्यात्मकता की दृष्टि से आदिकाल की प्रामाणिक हिन्दी रचनाओ के रूप मे स्वीकार की जा सकती हैं। किन्तु इनके अतिरिक्त भी कुछ रचनाएँ और हैं, जिनका मूल रूप संदिग्ध हैं—(१) वीसलदेव रास (नरपतिनाल्ह , १२७२ वि० अर्थात् १२१५ ई०) (१) पृथ्वीराज रासो (चन्दवरदायी , १३वी शती) (३) सन्त नामदेव की रचनाएँ (१३५० ई० तक)। यद्यपि इन रचनाओ का मूल रूप थोडा बदल गया है फिर भी रचना-काल की दृष्टि से हमने इन्हे आदिकाल मे ही स्थान देना उचित समझा है।

परवर्ती प्रयास—पिछले कुछ वर्षों के आदिकाल सम्बन्धी और कई नई पुस्तके प्रकाशित हुई हैं—(१) आदिकालीन हिन्दी साहित्य (डा० शम्भूनाथ पाडेय) (२) हिन्दी साहित्य का उद्भव-काल (डा० वासुदेव सिंह) (३) आदिकाल की भूमिका (श्री पुरुषोत्तम प्रसाद आसोपा)। इनके अतिरिक्त डा० नगेन्द्र द्वारा सम्पादित 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' (१९७३ ई०) भी उल्लेखनीय है जिसमे आदिकाल सम्बन्धी अध्याय डा० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' द्वारा लिखा गया है। इन सभी प्रयासो की एक सामान्य विशेषता यह है कि इनमे पूर्ववर्ती इतिहासकारो द्वारा आदिकाल के अन्तर्गत उल्लखित उन सभी रचनाओ को समेट लेने का प्रयास किया गया है जिनका रचना-काल सातवी शती से लेकर सत्रहवी शती तक है। डा० शम्भूनाथ पाण्डेय, डा० वासुदेव सिंह, डा० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' ने सिद्ध, जैन एव नाथ पथी कवियो की रचनाओ को हिन्दी-काव्य मे स्थान देकर पूर्ववर्ती इतिहासकारो की भ्रान्तियो का निराकरण करने के स्थान पर उन्हें और दृढ करने का प्रयास किया है। डा० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' ने प्रयत्नपूर्वक सिद्ध कवियो को हिन्दी-कवि सिद्ध करने की चेष्टा करते हुए सरहपा को हिन्दी का पहला कवि घोषित किया है जब कि वास्तविकता यह है कि सरहपा तथा अन्य सिद्ध कवियो की रचनाएँ मूल-रूप मे अनुपलब्ध हैं। इसीलिए प० राहुल साकृत्यायन ने भी भाषा की दृष्टि से सिद्ध-साहित्य को अप्रामाणिक मानते हुए उन्हे अपभ्रश काव्य मे स्थान दिया है। इसी प्रकार नाथ-पथी साहित्य के बारे मे पीछे विस्तार से स्पष्ट किया जा चुका है कि इसे हिन्दी साहित्य के आदिकाल मे स्थान देना उचित नही है। इसके अतिरिक्त अस्तित्वहीन रचनाओ ·जयमयक

जस चन्द्रिका, जयचन्द प्रकाश, मूजरास आदि), हिन्दीतर रचनाओ (सन्देश-रासक) और परवर्ती रचनाओ (नेमिनाथ फागु स० १४६०) विद्यापति की पदावली (सवत् १४६०) ढोला मारूरा दूहा, (रचनाकाल पन्द्रहवी शती) को भी आदिकाल मे स्थान देना पूर्ववर्ती इतिहासकारो की त्रुटियो की पुनरावृत्ति मात्र है। यह कितना असगत है कि एक ओर हमारे विद्वान विद्यापति का रचना-काल पन्द्रहवी शती मानते हैं और दूसरी ओर उन्हे उस आदिकाल मे भी स्थान देते हैं जिसकी अन्तिम सीमा चौदहवी शती है। इसका परिणाम यह हुआ कि आदिकाल की दृष्टि से हम घूम-फिर कर पुन वही पहुँच गये है जहाँ से मिश्रबन्धु लगभग ६० वर्ष पूर्व चले थे।

निष्कर्ष—उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि यद्यपि जार्ज ग्रियर्सन से लेकर डा० नगेन्द्र तक विभिन्न इतिहासकारो ने आदिकाल के अन्तर्गत शताधिक रचनाओ का उल्लेख किया है जिन्हे हम दो वर्गों—अप्रामाणिक एव प्रामाणिक मे विभक्त करते हुए क्रमश इस प्रकार प्रस्तुत कर सकते है—

(क) **अप्रामाणिक रचनाएँ**—इस वर्ग की रचनाओ को भी निम्नाकित पाँच उप-वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है—

१ **अस्तित्वहीन रचनायें**—इस वर्ग मे उन रचनाओ को स्थान दिया जा सकता है जो उपलब्ध नही हैं किन्तु उनके नाम का या उनके रचयिताओ के नाम का उल्लेख विभिन्न इतिहासकारो ने किया है, जैसे पुष्य, केदार, शार्ङ्गधर कुमारपाल, नन्द, मसऊद, कुतुबअली आदि कवियो की अज्ञात रचनाए।

२ **अपभ्रंश की प्रामाणिक रचनाएं**—इस वर्ग मे मुख्यत जैन कवियो—स्वयभू देवसेन, पुष्पदन्त, धनपाल आदि के चरित-काव्य तथा सन्देस-रासक आदि रचनायें आती हैं जिनकी भाषा अपभ्रश है।

३ **परिवर्तित या प्रक्षिप्त रचनाए**—इस वर्ग मे सिद्धो की और नाथ-पथियो की उन रचनाओ को स्थान दिया जा सकता है जो अब परिवर्तित, अनूदित या प्रक्षिप्त रूप मे मिलती हैं।

४ **परवर्ती युग की रचनाए**—इस वर्ग मे उन रचनाओ को स्थान दिया जा सकता है जो रचना-काल की दृष्टि से आदिकाल-परवर्ती हैं, जैसे— खुमानरासो, ढोला मारूरा दोहा, विद्यापति की रचनायें, आल्हा खण्ड आदि।

५ **साहित्येतर रचनाएं**—इस वर्ग मे व्याकरण, दर्शन, नीति-उपदेशादि से सम्बन्धित उन रचनाओ को स्थान दिया जा सकता है जो भाषा एव रचना-काल की दृष्टि से आदिकालीन हिन्दी रचना के रूप मे मान्य होती हुई भी काव्यात्मकता से शून्य हैं, जैसे–'उक्ति-व्यक्ति प्रकरण' उपदेश रसायन-रास आदि।

(ख) **प्रामाणिक रचनाएं**—जो रचनाए भाषा, रचना-काल एव साहित्यिकता की दृष्टि से आदिकालीन हिन्दी-साहित्य मे स्थान पाने के योग्य सिद्ध होती हैं उन्हे

भी मुख्यत तीन वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है—(१) जैन काव्य (२) सन्त-काव्य और (३) दरबारी काव्य। यहाँ तीनो वर्गों की नामावली उनके रचयिता एव रचना-काल के निर्देश सहित क्रमश प्रस्तुत की जाती है—

१ जैन-काव्य

(अ) रास सज्ञक-काव्य

रचना	रचयिता	रचनाकाल
(१) भरतेश्वर बाहुबली रास	शालिभद्र सुरि	११८४ ई
(२) बुद्धिराम	,,	१२०० ई
(३) चन्दन बाला रास	आसगु	,,
(४) जीवदया रास	,,	,,
(५) स्थूलिभद्र रास	जिन धर्म सूरि	१२०६ ई
(६) रेवन्त गिरिरास	विजयसेन सूरि	१२३१ ई.
(७) आबूरास	पल्हण	१२३२ ई
(८) नेमिनाथ रास	सुमति गुणि	१२३८ ई.
(९) कछूली रास	प्रज्ञातिलक	१३०६ ई
(१०) गयसुकुमाल रास	देल्हण	१४वी शती
(११) जिनपद्मसूरि पट्टाभिषेक रास	सारमूर्ति	१३३३ ई
(१२) पच पाडव चरित रास	शालिभद्र सूरि (द्वितीय)	१३५३ ई §
(१३) गौतम स्वामी रास	उदयवन्त	१३५५ ई §

(रासेतर काव्य)

रचना	रचयिता	रचनाकाल
(१) जिनचन्द सूरि फागु	?	१२८५ ई लगभग
(२) सिरिथुलि भद्द फागु	जिन पद्मसूरि	१३४० ई ,,
(३) नेमिनाथ फागु	राजशेखर सूरि	१३४८ ई ,,
(४) वसन्त विलास फागु	अज्ञात	१३५० ई ,,
(५) नेमिनाथ चउपई	विनयचन्द्र सूरि	१३५० ई ,,

२ सन्त काव्य

रचना	रचनाकाल
(१) चक्रधर के हिन्दी-पद	(११९४-१२७४ ई)
(२) ज्ञानेश्वर के हिन्दी-पद	*(१२७५-१२९६ ई)
(३) नेमिदेव के हिन्दी-पद	*(१२७०-१३५० ई)

---

§ ये रचनाएँ रचना-काल की दृष्टि से आदिकाल की अन्तिम सीमा के बाद पडती है।

* यहाँ कोष्ठक मे कवि का जीवन-काल दिया गया है।

३. दरबारी काव्य

(१) पृथ्वीराज रासो	चदवरदायी	१२०० ई. लगभग
(२) वीसलदेव रासो	नरपति नाल्ह	१२१५ ई

उपर्युक्त रचनाओ मे से जैन-रास-काव्यो की प्रामाणिकता एव उनके रचना-काल के सम्बन्ध मे तो विद्वानो मे मतैक्य है जबकि शेष वर्गो की रचनाओ के रचना-काल के सम्बन्ध मे कही-कही मतभेद दृष्टिगोचर होता है तथा यह मत-भेद अन्तिम वर्ग की रचनाओ—पृथ्वीराज रासो एव वीसलदेव रासो—के सम्बन्ध मे सर्वाधिक है फिर भी हमने इस सूची मे उन रचनाओ को ही सम्मिलित किया है जिनके सम्बन्ध मे इस बात के ठोस प्रमाण मिलते हैं कि वे ईसा की चौदहवी शती के मध्य के पूर्व रचित हैं।

२. धार्मिक (जैन) रास काव्य

हिन्दी मे रासो-परम्परा का प्रवर्तन जैन साधु श्री शालिभद्र सूरि द्वारा रचित 'भरतेश्वर वाहुवली रास' से होता है। यद्यपि इसमे किंचित् पूर्व की एक अन्य रचना 'भरतेश्वर वाहुबलिघोर रास' (वज्रसेन सूरि द्वारा रचित) भी उपलब्ध है किन्तु एक तो उसका रचना-काल सदिग्ध है, दूसरे वह केवल तीन पृष्ठो की अत्यन्त लघु कृति है जिसे विद्वानो ने विशेष महत्त्व नही दिया है, अत अब तक इस क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न शोधकर्त्ता 'भरतेश्वर वाहुबलि रास' को ही प्राथमिकता देते रहे हैं। मुनि जिन विजय के विचारानुसार यही ग्रन्थ हिन्दी जैन-रास-परम्परा का आदि काव्य है तो डा० दशरथ ओझा एव डा० हरीश ने भी इसे देशी भाषा या हिन्दी के प्रथम रासक काव्य के रूप मे स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति मे इसी ग्रन्थ को हिन्दी का आदि काव्य होने का गौरव दिया जाना चाहिए, तथा इसी से न केवल रासो-परम्परा का अपितु हिन्दी-साहित्य का भी प्रवर्तन समझा जाना चाहिए।

भरतेश्वर-बाहुबली-रास

इसके रचयिता जैन कवि शालिभद्र सूरी थे जिन्होने इसके रचना-काल का निर्देश करते हुए इस ग्रन्थ के अन्त मे लिखा है—

जो पढइ ए वसह वदीत सो नरो नितु नव निहि लहइ ए।
सवत ए बार एकतालि फागुण पचमिइं एउ कीउ ए॥

उपर्युक्त पक्तियो मे उल्लिखित 'बार' (बारह) एकतालि (इकतालीस) के आधार पर इसका रचना काल सवत् १२४१ विक्रमी स्वीकार किया जाता है। अन्य दृष्टियो से भी यह रचनाकाल सगत प्रतीत होता है। अत इसके सम्बन्ध मे विद्वानो मे किसी भी प्रकार का मतभेद या विवाद नही है।

कथावस्तु—'भरतेश्वर वाहुवली रास' की कथा-वस्तु जैन पुराणो पर आधारित है। प्राकृत एव अपभ्रश के अनेक जैन कवियो ने 'भरतेश्वर बाहुवली रास' की कथा अपने-अपने काव्यो मे वर्णित की है। प्रस्तुत काव्य की कथा-वस्तु सक्षेप मे इस प्रकार है—अयोध्या के प्रतापी नरेश ऋषभदेव ने अपनी वृद्धावस्था मे सन्यास लेकर अपना राज्य अपने दो पुत्रो एव बाहुबली भरत मे विभक्त कर दिया। भरत को अयोध्या का तथा बाहुबली को तक्षशिला का राज्य प्राप्त हुआ। भरत बाहुबली की अपेक्षा अधिक महत्त्वाकाक्षी थे। एक बार उनकी आयुधशाला मे दिव्य चक्र रत्न

उत्पन्न हुआ जिसके बल पर उन्होने दिग्विजय प्राप्त की। जब भरत धरती के सभी राजाओ पर विजय प्राप्त करके पुन: घर लौटे तो उनका चक्ररत्न अयोध्या के बाहर ही रुक गया। उनके मन्त्रियो ने बताया कि इसका कारण यह है कि अभी तक उनके ही भाई बाहुबली ने उनकी आधीनता स्वीकार नही की। अत बाहुबली को दूत के द्वारा यह सन्देश भेजा गया कि वह भरतेश्वर की अधीनता स्वीकार कर ले अन्यथा उस पर आक्रमण कर दिया जायगा। किन्तु बाहुबली ने इसका कडा उत्तर दिया जिसके परिणामस्वरूप भरतेश्वर ने उन पर आक्रमण कर दिया। दोनो के बीच घमासान युद्ध छिड गया।

दीर्घ-काल तक दोनो के बीच भयकर युद्ध चलता रहा जिससे उभय पक्षो की अपार क्षति हुई। इसे देखकर इन्द्र ने दोनो भाइयो को प्रेरणा दी कि वे द्वन्द्व युद्ध के द्वारा हार-जीत का निर्णय कर लेवे। किन्तु बाहुबली द्वन्द्व युद्ध मे भी पराजित नही हुए इस पर भरतेश्वर ने चक्ररत्न से प्रार्थना की कि वह बाहुबली को नष्ट कर दे। चक्ररत्न का नियम था कि वह परिवार के लोगो पर वार नही करता था, अत भरतेश्वर की प्रार्थना सफल नही हुई। उनकी इस क्षुब्ध एव दयनीय स्थिति को देखकर बाहुबली के मन मे ग्लानि एव निर्वेद का उद्रेक हो गया। उन्होने घोषणा की कि भरतेश्वर की जीत हो गई है और वे स्वय सन्यास ले लेगे। इस घोषणा को सुनकर भरतेश्वर का मन भी पसीज गया। उनके मन का सोया हुआ भ्रातृभाव पुन जाग गया। उन्होने बाहुबली से अपने कुकृत्य के लिए क्षमायाचना करते हुए उनसे अनुरोध किया की वे वैराग्य धारण न करे किन्तु बाहुबली इससे विचलित न हुए। उन्होने अनेक वर्षो तक तपस्या करके कैवल्य ज्ञान प्राप्त कर लिया तथा दूसरी ओर भरतेश्वर ने चक्रवर्ती पद प्राप्त कर लिया।

काव्य-सौन्दर्य—भरतेश्वर बाहुबली रास को कुछ विद्वानो ने वीररस प्रधान काव्य माना है किन्तु हमारे विचार मे यह ठीक नही। यद्यपि काव्य का आरम्भ वीररसात्मक वातावरण मे होता है, तथा उसमे युद्धो का वर्णन भी अत्यन्त सजीव रूप मे किया गया है किन्तु इसकी परिणति शान्तरस मे होती है। वस्तुत कवि का लक्ष्य युद्धो से होने वाली हिंसा की निरर्थकता सिद्ध करते हुए अन्त मे वैराग्य एव कैवल्य ज्ञान के महत्त्व को प्रतिपादित करना था इसलिये वीररस इसमे शान्तरस की पृष्ठभूमि निर्मित करने का ही कार्य करता है। काव्य की परिणति अन्तत निर्वेद स्थायी भाव एव शान्त रस मे होती है। इस स्थिति को ध्यान मे रखते हुए इस काव्य का अगीरस शान्त रस को ही मानना उचित होगा।

काव्य का आरम्भ भरतेश्वर से होता है तथा वही काव्य का केन्द्रीय पात्र है किन्तु फिर भी हम उसे काव्य का नायक नही मान सकते। चारित्रिक दृष्टि से भरतेश्वर की अपेक्षा बाहुबली अधिक प्रभावशाली है तथा पाठक की भावनाओ का

तादात्म्य बाहुवली के साथ होता है। बाहुवली का धैर्य, पराक्रम एव निर्वेद आदि सभी का साधारणीकरण हो जाता है । कवि की दृष्टि मे भी भरतेश्वर के चक्रवर्ती पद की अपेक्षा बाहुवली की कैवल्यज्ञान लाभ का अधिक महत्त्व है। अत इस काव्य का नायक बाहुवली को ही मानना अधिक उचित होगा।

विभिन्न दृश्यो एव कार्य-व्यापारो के चित्रण मे कवि को अच्छी सफलता मिली है, विशेषत सेना के प्रयाण, युद्धभूमि एव योद्धाओ के क्रिया-कलापो से सम्बन्धित अनेक सजीव चित्र प्रस्तुत किये गये हैं। यहाँ कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं—

(क) सेना का प्रयाण—

टलटलीया गिरिटक टोल खेचर खलभलीया,
कड्डीय कूरम कध सधि सायर झलहलीया।
चल्लीय समहरि सेससीसु सलसलीय न सक्कइ,
कचण गिरि कधार भारि कमकमीय कसक्कइ। १२८।

अर्थात् (सेना के चलने से) पर्वतो की चोटियाँ टलमलाने लगी। आकाश मे खलबली मच गयी। पृथ्वी को धारण करने वाले कूर्म के कन्धो के जोड फटने लग गये। सागर उफनने लग गया। शेषनाग के सिर चचल हो उठे जिससे धरती सँभलने मे नही आ रही। कचनगिरि और कधार भी भार के कारण कसमसा रहे हैं।

(ख) विश्राम करती हुई सेना का दृश्य —

एकि उतारा करीय तुरीय तलसारे बाँधइ,
इकि भरडइ केकाण रवाण इकि चारे राधइ।
इकि झीलीय नय नीरि तीरि तेनीय बोलावइ,
एकि वारु असवार सार साहण वेलावइ ॥ १३४॥

अर्थात् कोई अपने घोडे की जीन आदि को उतार कर उसे तलसरा या छाया मे बाँध रहा है। कोई घोडो को खुराक दे रहा है और कोई चारा तैयार कर रहा है। कोई नदी से घडा भरकर औरतो को बुला रहा है। कोई सवार 'हाँ' करता हुआ अपने सार-साधन को अदल-बदल रहा है।'

उपर्युक्त उदाहरणो से स्पष्ट है कि विभिन्न दृश्यो के बिम्ब प्रस्तुत करने की क्षमता कवि मे है। साथ ही विषय-वस्तु एव गति-विधि के अनुरूप ही अनुप्रासपूर्ण शब्दावली का चयन भी कवि की काव्य दृष्टि को प्रमाणित करता है।

विभिन्न भावो की व्यजना के लिए कवि ने प्राय उक्तियो एव सवादो का माध्यम ग्रहण किया है। बाहुबली की उक्तियो मे प्रेम, उत्साह, व्यग्य, निर्वेद आदि की व्यजना अत्यन्त प्रभावोत्पादक रूप मे हुई है। जब भरतेश्वर का दूत अपने नरेश की प्रशसा मे बहुत-कुछ कहता है तो बाहुबली उसे जो उत्तर देते हैं, वह शात्रुत्व भाव से ओत-प्रोत है—'जिसके पीछे मेरे जैसा भाई हो उससे भला युद्ध मे कौन सामना कर

सकता है।.... यदि मैं भाई के राज्याभिषेक के समय नही पहुँचा तो क्या हुआ। उन्होने भी तो हमे याद नही किया। (यदि वे मुझे प्रेम से बुलाते तो) जहाँ वे कहते वहाँ मे पहुँचता। वे बडे राजा ही नही मेरे बडे भाई भी है।"[1]

जब हम भरतेश्वर के दूत द्वारा दी गयी धमकियो के परिप्रेक्ष्य मे बाहुबली की उन उक्तियो को देखते है तो वे निश्चय ही भ्रातृत्व भाव एव आत्मीयता से ओत-प्रोत सिद्ध होती हैं। बाहुबली न तो भाई का विरोधी था और न ही उससे युद्ध करना करना चाहता था—यदि उसे प्रेमपूर्वक बुलाया जाता तो वह उसके चरणो मे भी लौटने को तैयार था किन्तु अपनी शक्ति के मद मे भरतेश्वर ने स्नेह और प्रेम के स्थान पर भय और आतक का मार्ग ग्रहण किया। किन्तु बाहुबली ऐसे कायर नही थे जो कि किसी से भयभीत एव आतकित होकर समर्पित हो जाते। इसलिए वे निश्शक भाव से दूत की चुनौती को स्वीकार करते हुए कहते हैं—"जिसकी अपनी भुजाओ मे बल नही है वह भला दूसरो से क्यो आशा रखे। जो मूर्ख और अज्ञानी होता है वही दूसरो के बल पर गरजता है। मै अकेला ही युद्ध मे भरतेश्वर से भिडकर उसके भुजबल को नष्ट कर दूंगा। बाघ के सामने भेड नही ठहरती।"[2]

इसी प्रकार जब दूत भरतेश्वर के चक्र-रत्न प्राप्ति एव चक्रवर्ती पद-धारण की बात को बार-बार कहकर बाहुबली को प्रभावित करना चाहता है तो वे अत्यन्त उपेक्षा एव व्यंग्यपूर्ण शब्दो मे उत्तर देते हुए कहते हैं—

कहिरे भरहेसर कुण कहीइ,
मइ मिउ रणि सुरि असुरि न रहीइ।
जे चक्किइ चक्रवृत्ति विचार,
अम्ह नगरि कुँभार अपार॥११४॥

अर्थात् अरे भरतेश्वर की क्या बात करता है, मेरे सामने तो युद्ध मे सुर-असुर भी नही ठहरते। हाँ, यदि उन्हे चक्र और चक्रवर्तीपन का बहुत विचार है तो (कह देना) हमारे नगर मे अनगिनत चक्रवर्ती (चक्र चलाने वाले) कुम्हार विद्यमान हैं।

उपर्युक्त उक्तियो मे बाहुबली के रोष, उत्साह, व्यग्य आदि की व्यजना अत्यन्त स्वाभाविक रूप मे की गई गयी है जिनके साथ पाठक के हृदय का पूर्ण तादात्म्य

---

१ भरतेश्वर बाहुबली रास, ठवणि ४, पक्तियाँ ८६-८८

२ तव सु जपइ, तव सु जपइ, बाहुबलि राउ
अप्पह बाह भजा न बल, परह आस कहइ कवण कीजइ।
सु जि मूरख अजाण पुण अवर देखि वखयइ ति गज्जइ।
हुँ एकल्लउ समर भरि, भड भरहेसर धाइ।
भजउ भुजबलि रे भिडिय, भाह न भेडि न थाइ॥१०४॥

स्थापित हो जाता है। किन्तु दूसरी ओर जब भाई के वैराग्य की घोषणा को सुनकर भरतेश्वर का हृदय-परिवर्तन हो जाता है तो उनकी ग्लानि, दैन्यता एव कातरता की व्यजना भी अत्यन्त मार्मिक शब्दो मे की गई है, देखिए—

"धिग धिग ए एय ससार,
धिग धिग राणिम राजसिद्धि।
एवड् ए जीव सहार,
कीधउ कुण विरोधवसि ए! ॥१६१॥
कीजइ एकहि कुण काजि,
जउ पुण बधन आवरई ए।
काज न ईणइ राजि,
घरि पुरि नयरि न मदिरिहि ॥१६२॥
× × ×
कीजई ए आजु पसाउ,
छाँडि न छाँडि न छयल छलो।
हीयडइ ए म धरि विमाउ,
भाई य सम्हे विरामीया ए॥
× × ×
मानई ए नवि मुनि राउ,
मौन न मेल्हई मन्नवीय।
मुक्कइ ए नहु नीय माण,
वरस दिवस निरसण रहीय॥

अर्थात्—धिक्कार है! धिक्कार है इस ससार को! रानी और राज वैभव को भी धिक्कार है जिसके लिए इतनी मात्रा मे जीव-सहार होता है! भला किसके विरोध के लिए मैंने यह किया! यह सब कुछ किसके लिए किया! यदि किसी प्रकार भाई पुन. आ जाय (या आहत हो जाय) तो मुझे इस राज्य, पुर, घर, नगर मन्दिर की कोई इच्छा नही है!.. भाई! दया करो, मुझे इस तरह बिल्कुल अकेला मत छोडो! भाई, मैंने ही तुझे विश्वब्ध किया है, पर इसका दु ख हृदय मे मत रखो।

× × ×

नये मुनिराज! मेरी बात मान जाओ! यदि मनाने पर भी रुठे रहोगे तो फिर मुझे साल-छह मास का अनशन रखना पड़ेगा।

कितना भ्रातृत्व एव आत्मीयता है इन पक्तियो मे! कवि ने यह दिखा दिया कि सच्ची शान्ति और सच्चे स्नेह मे कितना मेल है। वे ही भाई जो एक-दूसरे को नष्ट करने के लिए कटिबद्ध थे, निर्वेद का सचार होते ही किस प्रकार एक-दूसरे के लिए

आत्मत्याग के लिए आतुर हो रहे हैं। वस्तुतः राग-द्वेष से ऊपर उठे हुए इसी पवित्र भाव को रस-शास्त्र में 'शान्त रस की' की सज्ञा दी गयी है तो सौन्दर्य शास्त्र में इसे गौरवपूर्ण 'औदात्य' (Sublime) का नाम दिया गया है।

अस्तु, कठोर और कोमल, क्षुद्र और उदात्त, रौद्र एव स्नेह आदि विभिन्न प्रकार के भावो की इसमे सफल अभिव्यक्ति हुई किन्तु अन्त मे इसकी परिणति निर्वेद या शान्त मे ही होती है। पूर्ववर्ती कवि शान्त रस की पृष्ठभूमि मे शृङ्गार रस की नियोजना करते रहे है जबकि शालिभद्र ने वीर एव रौद्र जैसे कठोर भावो की भूमिका पर शान्त रस की प्रतिष्ठा का सफल प्रयास किया है। अत शान्तरस या औदात्य की अभिव्यक्ति की दृष्टि मे यह निश्चय ही एक उच्चकोटि का काव्य है।

शिल्प एवं शैली—रचना-शैली की दृष्टि से इसे प्रबन्धात्मक काव्य कहा जा सकता है क्योकि पूरा काव्य एक क्रमबद्ध कथावस्तु मे आबद्ध है किन्तु फिर इसे सस्कृत के महाकाव्य या खण्ड-काव्यो की परम्परा मे नही रखा जा सकता। वस्तुत कवि का लक्ष्य इसे परम्परागत महाकाव्य या खण्ड-काव्य का रूप देने का नही था, अपितु प्रबन्धात्मक शैली मे भरतेश्वर-बाहुबली का चरित प्रस्तुत करते हुए उसे रासक-रूप प्रदान करने का था। कदाचित् जैन-मन्दिरो मे गान एव अभिनय के साथ प्रस्तुत किये जाने के उद्देश्य से ही इसकी रचना हुई थी, इसीलिए इसमे सवादो की प्रमुखता है।

कवि ने प्रारम्भ मे 'रासह छदिहि' का उल्लेख किया है किन्तु इसमे रास के अतिरिक्त सोरठा, चउपइ, वस्तु, त्रोटक, धवल आदि छन्दो का भी प्रयोग हुआ है। पूरा काव्य चौदह ठवणियो मे विभक्त है। 'ठवणि' से कवि का तात्पर्य कदाचित 'ठहरावणि' या 'ठहराव' से है। आकार-प्रकार की दृष्टि से काव्य बहुत बडा नही है—लगभग २०० छन्दो मे ही यह समाप्त हो जाता है।

भाषा की दृष्टि से इसे प्रारम्भिक हिन्दी का काव्य कहा जा सकता है। कुछ विद्वानो ने प्रारम्भ मे भ्रान्तिवश इसे अपभ्रश का काव्य माना था किन्तु इसकी भाषा अपभ्रश न होकर प्रारम्भिक राजस्थानी या हिन्दी है। जो लोग इसे अब भी अपभ्रंश की रचना मानते है वे इसी की समकालीन अपभ्रश रचना—'सदेश रासक' की भाषा से इसकी तुलना करके देखे—यहाँ इन दोनो के उदाहरण प्रस्तुत है :—

(क) सदेशरासक—

सयडिड जु सिक्खइ कुइ सगत्यु
तसु कहउ विबुइ सगहहि हत्थु।
पडिनह मुक्खइ मुणहि भेउ,
तिह पुरउ पढिव्वहु ण हु वि एउ॥ २०

(ख)भरतेश्वर बाहुबली रास—

तु बाहूबलि जपइ कहि वयण म काचुं ।
भरहेसर भय कपइ ज जगतुं साचु ।।
समरंगणि तिणि सिउ कुण काछइ ।
जिहि बन्धव मइ सरिसउ पाछइ ।।

'भरतेश्वर बाहुबली रास' की भाषा का विश्लेषण करते हुए डा. हरीश ने स्पष्ट किया है कि इसकी 'भाषा सरल पुरानी हिन्दी है तथा प्राचीन राजस्थानी शब्दो की भरमार है । साथ ही अपभ्र श अपना स्थान रिक्त करती हुई एव तत्सम शब्द ग्रहण करती प्रतीत होती है ।"

यद्यपि इसमे उत्तरकालीन अपभ्र श की लुप्त होती हुई अनेक प्रवृत्तियाँ भी हैं किन्तु वे विकासोन्मुख राजस्थानी या हिन्दी की नयी प्रवृत्तियो की तुलना मे उपेक्षणीय हैं । अत इसे हिन्दी काव्य कहना ही उचित होगा । हाँ, इतना अवश्य है कि गुजराती के विद्वान इसे पुरानी गुजराती का काव्य कहते हैं किन्तु उस समय तक राजस्थानी एव गुजराती पृथक नही हो पायी थी—अत. इसे जितनी सरलता से पुरानी गुजराती का काव्य कहा जा सकता है उतनी से ही पुरानी राजस्थानी का भी स्वीकार किया जा सकता है ।

कवि ने अपनी भाषा-शैली को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न शब्दालकारो व अर्थालकारो का प्रयोग उचित रूप मे किया है, यहाँ कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

(क) छेकानुप्रास—'गद गयत गयवर गुडीय'
(ख) यमक—'वेगि सुवेगि सु बोलइ'
(ग) श्लेष—'वाम तुरीय वाहिणी तणउ'
(घ) उपमा—'जिमि उदयाचल सूरि तिमि, सिरि सोहँहि मणि मवडे'

इसी प्रकार अनेक लोकोक्तियो का भी प्रयोग सुन्दर रूप मे हुआ है—

विण वन्धव सवि सपय ऊणी ।
जिम विण लवण रसोइ अलूणी । ८३

अर्थात्—विना बाधव के सभी सपत्ति न्यून है जिस प्रकार नमक के विना रसोई अलोनी (फीकी) रहती है ।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि 'भरतेश्वर बाहुबली रास' हिन्दी काव्य-परम्परा व रास-परम्परा का प्रथम काव्य होते हुए भी वस्तु वर्णन, दृश्य-चित्रण, भाव-व्यंजना, उक्ति-सौष्ठव एव शैली के सौन्दर्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण काव्य है । साथ ही हिन्दी की विभिन्न काव्य-परम्पराओ, काव्य पद्धतियो

---

१ आदिकाल के अज्ञात हिन्दी रास-काव्य, पृ ३०

एवं भाषागत प्रवृत्तियो के उद्गम-स्रोत एव विकास-प्रक्रिया के अध्ययन की दृष्टि से भी हिन्दी की इस प्रथम काव्य-रचना का ऐतिहासिक महत्त्व है। अतः हमारे विचार से शुद्ध साहित्यिक एवं भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से इस रचना के और अधिक विवेचन-विश्लेषण की अपेक्षा है। निश्चय ही हिन्दी भाषा एव हिन्दी साहित्य के मूलोद्भव एव विकास की अनेक गुत्थियो को खोल देने की क्षमता इस रचना मे है।

अन्य धार्मिक रास-काव्य—

मुनि शालिभद्र सूरि की एक अन्य रचना 'बुद्धि रास' बताई जाती है जिसमे जैन-धर्म की शिक्षाए प्रस्तुत है। किन्तु जैसा कि डा० दशरथ ओझा ने लिखा है— 'शालिभद्र सूरि नाम के एक दो और भी ग्रन्थकार हो गये हैं और उन्होने भी रास की रचना की है।' ऐसी स्थिति मे यह कहना कठिन है कि बुद्धि रास के रचयिता भी वही शालिभद्र सूरि हैं जिन्होने भरतेश्वर बाहुबली रास रचा या कोई अन्य हैं। हमारे विचार से दोनो एक नही हैं। भरतेश्वर बाहुबली के रचियता ने जहाँ अपने को केवल शालिभद्र सूरि लिखा है वहाँ दूसरे रास मे उनके साथ 'गुरु' विशेषण का प्रयोग हुआ है—

(क) गुण गणह ए तणु भडार, सालिभद्र सूरि जाणीइए।

—भरतेश्वर बाहुबली रास—

सालिभद्र गुरु सकुलीय, सिविहूँ गुर उपदेसि।
पढइ गुणइ जे सभलहि, ताहइ विघ्न टलेसि ॥

—बुद्धि रास

दूसरे अश से स्पष्ट रूप मे पता चलता है कि यह रचना गुरु सालिभद्र के उपदेशो का सग्रह है जिसे उनके किसी शिष्य ने (समवत. उसका नाम 'सिवि' ही हो) काव्य-रूप मे प्रस्तुत किया है। गुरु के उपदेशो की प्रशसा करते हुए शालिभद्र को गुरु कहना, यह बताता है कि ये उनके किसी शिष्य के उद्गार हैं।

काव्य-सौष्ठव एव रचना-शैली की दृष्टि से भी यह रचना 'भरतेश्वर-बाहुबली रास' के स्तर की नहीं है तथा इसका रचना-काल भी सदिग्ध है।

बारहवी शती के अतिम रास-काव्यो मे कवि आसगु द्वारा रचित दो काव्य— 'चन्दन-बाला-रास' एव 'जीव-दया-रास' विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनो का ही रचना-काल सन् १२०० ई० के आस-पास माना जाता है। **चन्दन-बाला-रास** मे इसकी नायिका चन्दन बाला की चारित्रिक पवित्रता, एव धार्मिक साधना का चित्रण करते हुए जैन-धर्म की महत्ता का प्रतिपादन किया गया है। वह चम्पा नगरी के राजा दधिवाहन की कन्या थी, जिसे कोशाम्बी के राजा शतानीक ने, उसकी माता धारिणी के सहित कैद कर लिया था। धारिणी ने तो आत्म-हत्या कर ली किन्तु चन्दन-बाला ऐसा नही कर सकी। इसके अनन्तर उसे किसी सेठ को बेच दिया गया। वहाँ सेठ की

स्त्री को यह शक होने पर कि कदाचित् उसके पति का चन्द-बाला से गुप्त सम्बन्ध है, उसे असह्य यातनाए दी गयी। किन्तु चन्दन-बाला अपने सतीत्व, सयम, एव साधना पर अटल रही जिसके परिणाम स्वरूप अन्त मे उसे भगवान महावीर स्वामी को अपने हाथ से भोजन कराने का सौभाग्य तथा कैवल्य ज्ञान की उपलब्धि हुई। इस प्रकार कवि का दृष्टिकोण मूलत धार्मिक ही है, पर इससे रचना की काव्यात्मकता मे विशेष अन्तर नही आया है। उसने नारी-सौन्दर्य, नायिका की चेष्टाओ, रति, करुणा, उत्साह आदि भावो की व्यजना पूर्ण सरसता से की है। उदाहरण के लिए यहाँ रानी धारिणी के नख सिख की एक छटा द्रष्टव्य है—

दधि वाहण गेहिणी सु पाहिणी, रूपवत सा धारिणी राणी।
तुग पयोहर खीर सर कुडिल वेस भुय नयण सुचगी।
हस गमणि सा मृग नयणि नव जोवण नव नेह सुरगी॥

इस की शैली के सम्बन्ध मे डा० हरीश का निष्कर्ष है—'छन्द और अलकारो की दृष्टि से कृति का विशेष महत्त्व नही लगता। परन्तु भाषा तथा सरल भावपूर्ण शब्दावली के कारण रास का महत्त्व बहुत बढ जाता है। भाषा की प्रमुख विशेषता यह है कि उसमे गुजराती और राजस्थानी का मिश्रण है। . ऐसी भाषा को सरलता से पुरानी हिन्दी कहा जा सकता है।'

आसगु की दूसरी रचना—जीव दया रास—मे जैन-धर्म के उपदेशो को पद्य-बद्ध किया गया है, जिसका साहित्यिक दृष्टि से विशेष महत्त्व नही है। हाँ, बीच मे कही कही रूपको का प्रयोग सुन्दर रूप मे हुआ है, जैसे—

देहा सरवर मज्झिहि कमलु,
नहि वइसउ हसा धुरि धवलो।
काल भमरु उपरि भमइ,
आउखए रस मधु वि ले सइ।
अगखूटइ नहु जिउ मरइ,
तूटा ऊपर घरी न दीसइ॥

किन्तु इस प्रकार के अश बहुत कम हैं, अधिकाश मे उपदेशो की चर्चा शुष्क अभिधात्मक शैली मे हुई है।

आगे तेरहवी व चौदहवी शताब्दी मे बहुत बडी सख्या मे रासो काव्य लिखे गये जिनमे कुछ ये हैं—स्थूलिभद्र रास (जिन धर्म सूरि, १२०९ ई०), रेवतगिरिरास (विजयसेन सूरि, १२३१ ई०), आबू रास (पल्हण' १२३२ ई०), नेमिनाथ रास (सुमति गुणि, १२३८ ई०), कच्छुली रास (प्रज्ञातिलक, १३०६ ई०), गय सुकुमालरास (देल्हण, १४वी शती), जिन पद्मसूरि पट्टाभिषेक रास (सारमूर्ति १३३३ ई) पच पाडव चरित रास (शालिभद्रसूरि, १३५३ ई०), गौतमस्वामी रास (उदयवन्त,

१२५५ ई०), मयण रेहा रास (रयणु, १४वी शती)। 'स्थूलिभद्ररास' के रचयिता का नाम स्पष्ट रूप मे उपलब्ध नही, किन्तु इसके अन्त मे एक स्थान पर 'जिणधाम' आता है, इसी के आधार पर जिनधर्म सूरि का नाम का अनुमान किया गया है। इसमे जैन तपस्वी स्थूलिभद्र सूरि की सयमशीलता का प्रतिपादन प्रभोत्पादक रूप मे किया गया है। मुनिराज चातुर्मास व्यतीत करने के लिए अद्भुत सुन्दरी वेश्या कोशा के यहाँ ठहरते हैं। यद्यपि वेश्या उन्हे आकर्षित करने के लिए सभी प्रकार के प्रयास करती है, फिर भी मुनिवर अपने सयम पर अडिग रहते है। दूसरी ओर एक अन्य मुनि जब कोशा के यहाँ गये तो वे अपनी सयमशीलता को भूल कर उसके चरणो मे लोटने लग गये। इस प्रकार समान परिस्थितियो मे दो मुनियो के चरित्र का वैषम्य दिखाते हुए सयमशीलता के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है। यद्यपि इस दृष्टि से काव्य का मूल भाव निर्वेद ही है किन्तु वेश्या कोशा के प्रसग मे नारी, सौन्दर्य, हाव-भाव, प्रकृति के उद्दीपक रूप, काम-लालसा आदि की भी व्यजना आकर्षक शैली मे हुई है।

'रेवतगिरि रास' मे जैन तीर्थ रेवतगिरि के महत्त्व का प्रतिपादन ऐतिहासिक, एव पौराणिक इतिवृत्त तथा प्राकृतिक सौन्दर्य के आधार पर किया गया है। सारा काव्य चार कडवको मे विभक्त है, किन्तु इसमे कथा-सूत्र का अभाव है। इनमे क्रमश गिरनार, नेमिनाथ, सघपति, अबिका, यक्ष तथा मन्दिरो का वर्णन करते हुए तीर्थ-स्थल की प्रतिष्ठा का आख्यान किया गया है। बीच-बीच विभिन्न दान वीरो की सघ-यात्रा, उनकी दान-वीरता, मूर्ति का पराक्रम आदि की व्यजना भी की गई है। काव्यत्व की दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण स्थल वे हैं जिनमे प्राकृतिक सुषमा का चित्रण किया गया है, यथा —'जैसे-जैसे भक्त गिरनार के शिखर पर चढने लगता है वैसे वैसे वह ससार की वासना से धीरे-धीरे मुक्त होता जाता है। जैसे-जैसे ठडा जल अग पर बहता जाता है वैसे-वैसे कलियुग का मैल घटता जाता है। जैसे जैसे वहाँ निझर को स्पर्शकर शीतल वायु चलती है, वैसे-वैसे निश्चय तत्काल भवदु ख का यह दाह नष्ट होता जाता है। वहाँ कोकिला और मयूर का कलरव एव मधुकर का मधुर गु जार सुनने मे आता है। मेघजाल के समूह और निर्झर से भी रमणीय तथा अलि एव कज्जल सम श्यामल शिखर शोभित है।' यद्यपि कवि का दृष्टिकोण यहाँ भी धार्मिक प्रभाव से मुक्त नहीं है, फिर भी इसमे प्रकृति-सौन्दर्य की सहज स्वाभाविक झलक मिलती है। इसकी शैली मे आलकारिकता की प्रवृत्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

'रेवतगिरिरास' की ही भाँति 'आबूरास' मे भी जैनियो के प्रसिद्ध स्थान आबू मन्दिर का आख्यान किया गया है। इसमे विशेषत आबू-मन्दिर के निर्माण-

मे सम्बन्धित व्यक्तियो का गुण-गान करते हुए धार्मिक वातावरण की व्यजना की गयी है, जैसे—

अनेक सघपति आबुइ आवहिं,
कनक कपड नेमि जिणु पहिरावहिं,
पूजहिं माणिक मोतीयड हुले,
किवि पूजहि गोगाधिहि फूले।

इसकी भाषा-शैली मे पर्याप्त सरलता एव प्रवाहपूर्णता विद्यमान है।

'नेमिनाथ रास' में मुनि सुमतिगणि ने जैन तीर्थङ्कर नेमिनाथ के चरित का वर्णन अत्यन्त सक्षेप मे किया है। इसमे कुल ५८ छन्द हैं। इसमे नायक के पराक्रम, विवाह, वैराग्य, तपस्या आदि से सम्बन्धित प्रसगो मे उत्साह, रति निर्वेद आदि भावो की व्यजना अत्यन्त प्रभावोत्पादक शैली मे हुई है। नेमिनाथ के द्वारा परित्यक्त सुन्दरी राजुल के बाह्य सौन्दर्य एव आन्तरिक भावो का भी उद्घाटन पूर्ण सहृदयता से किया गया है। डा० हरीश के शब्दो मे—इसका सौन्दर्य-वर्णन पर्याप्त सुघड है तथा सौन्दर्य के उपमानो मे भी मौलिकता है। रूपवती राजमती की जीवन भर की साधना व्यर्थ हो गई, राजमती का सारा शृगार क्रदन मे तिरोहित हो गया। उसकी कान्ति रुदन मे बदल गई, पर उसने धैर्य नहीं छोडा। ऐसे दिव्य पुरुष मुझ मूर्ख के वल्लभ कैसे हो सकते है? वस्तुत कवि ने इस प्रसग मे नारी-हृदय की प्रतिक्रियाओ का विश्लेषण सफलता से किया है।

'कच्छूलीरास' मे कच्छूली नगरी के पट्टाधिपति उदयसिंह सूरी के पराक्रम, धर्म-प्रचार एव आध्यात्मिक सिद्धि का प्रतिपादन अत्यन्त सक्षेप में किया गया है। सारी रचना केवल तीन पृष्ठो मे समाप्त हो जाती है। इसी प्रकार **'गय सुकुमाल रास'** जिसमे देवकी पुत्र (अर्थात् कृष्ण के भाई) गय सुकुमार मुनि के चरित्र का आख्यान किया गया है, केवल ३४ छन्दो की रचना है। वस्तुत 'पच पाडव चरित को छोडकर चौदहवी शती के अन्य सभी रास प्राय सक्षिप्त प्रबन्धात्मक कविताएँ मात्र हैं। 'पच-पाडव-चरित' रास अवश्य आठ सौ छन्दो का वृहत काव्य है जिसमे महाराज शान्तनु के जीवन से लेकर महाभारत युद्ध मे पाडवो के विजयी होने तक की सारी कथा सक्षेप मे प्रस्तुत की गई है। अन्त मे नेमिमुनि के उपदेश से पाडवो के जैन धर्म स्वीकार कर लेने की बात कही गई है। जैन-धर्म के प्रभाव से ही वे परीक्षित को राज्य देकर हिमालय की ओर प्रस्थान कर जाते है। इस प्रकार इसके कथानक के जैनेतर होते हुए भी उसमे जैन तत्त्वो का समावेश कर दिया गया है।

इसमे इतिवृत्तात्मक गीति शैली का प्रयोग हुआ है, जिससे घटनाओ के वर्णन एव भावो की व्यजना मे पारस्परिक सतुलन है। उदाहरण के लिए द्रौपदी चीर हरण प्रसग के कुछ पद्य द्रष्टव्य हैं—

३. ऐतिहासिक रासो काव्य

जैसा कि अन्यत्र बताया जा चुका है, हिन्दी साहित्य के प्रारम्भिक काल मे जैन-धर्म के आश्रय मे एक विशिष्ट काव्य-परम्परा का विकास हुआ था, जिसे 'धार्मिक रास काव्य-परम्परा' की सज्ञा दी गयी है। इस परम्परा की लोकप्रियता एव प्रचार को देखकर अनेक जैनेतर कवियो का भी ध्यान इसकी ओर आकृष्ट हुआ, जिन्होने इसे नया मोड दिया। इन कवियो मे से अधिकाश राज्याश्रित थे, जिन्होने महापुरुषो एव तीर्थंकरो के स्थान पर अपने आश्रयदाताओ के गुण-गान के लक्ष्य को लेकर काव्य-रचना की। उनके सामने धर्म-प्रचार का उद्देश्य न होकर राजाओ को प्रसन्न करना ही उद्देश्य था। फलत उनके ग्रन्थ रासो सज्ञक होते हुए भी दृष्टिकोण, विषय-वस्तु एवं शैली की दृष्टि से मूल परम्परा से इतनी दूर चले गये कि उन्हें एक नयी या भिन्न परम्परा के रूप मे मान्यता देने की आवश्यकता अनुभव प्रतीत होती है। वैसे डा० माता प्रसाद गुप्त 'रास' एव 'रासो'—इन दोनो सज्ञाओ मे मूलभूत अन्तर मानते हुए उनका सम्बन्ध दो भिन्न परम्पराओ से मानते है। हमारे विचार से ये परम्पराएँ मूलत सर्वथा विच्छिन्न नही हैं, उनमे परस्पर माँ-बेटी का सम्बन्ध है, अत दोनो का पृथक अस्तित्व मानते हुए भी हम उन्हे बिलकुल असम्बद्ध नही मानते। 'रास' और 'रासो' सज्ञा मे भी व्युत्पत्ति एव अर्थ की दृष्टि से विशेष अन्तर नही है, 'रास' का राजस्थानी सस्करण ही 'रासो' है, क्योकि राजस्थानी मे अकारान्त एव आकारान्त सज्ञाएँ ही प्राय ओकारान्त हो जाती हैं, जैसे, 'घोडा' से 'घोडो'। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक काव्यो मे भी 'रास' एव 'रासो' दोनो सज्ञाओ का प्रयोग मिलता है, (जैसे, बीसलदेव रास पृथ्वीराज रासो) अत हम दोनो का ही सम्बन्ध 'रासक' परम्परा से मानते हुए, उन्हे विषय-वस्तु, एव विकास-क्रम की दृष्टि से ही दो भिन्न परम्पराओ के रूप मे स्वीकार करते हैं, अन्यथा उनका उद्गम-स्रोत एक ही है।

रास काव्य-परम्परा मे नया मोड तेरहवी शती मे ही आ गया था, जबकि नरपति नाल्ह ने 'बीसलदेव' रास की रचना की, जो धार्मिक काव्य न होकर ऐतिहासिक काव्य है, पर ऐतिहासिक काव्यो की अखण्ड परम्परा उसके एक-डेढ शताब्दी बाद ही प्रतिष्ठित हुई। इसके अतिरिक्त 'पृथ्वीराज रासो' भी ऐतिहासिक रासो काव्य है जो आदिकाल या प्रारम्भिक काल की सीमा में पडता है। अत इन दोनो का परिचय यहाँ क्रमश दिया जाता है।

व दिन आदि मे नही, ऐसी स्थिति मे यह सम्भव है कि एक ही संवत विभिन्न लिपिकारो के कारण बदल गया हो, जैसे—'सवत सहस तिहुतर जाणि' और सवत सहस सतिहुतरह जाणि' मे केवल एक 'स' का अन्तर है जिससे तिहुत्तर सतिहुत्तर हो गया। दूसरी ओर प्रारम्भक उल्लेख मे बारहसै बहोहत्तर का निर्देश है। राजस्थानी मे बहोत्तर का प्रयोग ७२ के लिए होता है। अत इसका अर्थ १२७२ लिया जा सकता है। तिथि-वार की दृष्टि से भी इसकी पुष्टि की गई है। ऐसी स्थिति मे 'सवत सहस तिहुत्तर' का अर्थ १०७३ न लेकर १२७३ लेना चाहिए जो कि १२७२ के समीप पडता है। यद्यपि यहाँ अधिक विवेचन के लिए स्थान नही है, फिर भी निष्कर्ष रूप मे हम कह सकते हैं कि इस काव्य का आरम्भ सवत् १२७२ जेठ वदी नवमी बुधवार को हुआ तथा इसकी समाप्ति सवत् १२७३ श्रावण शुक्ल पचमी को हुई। इसीलिए कवि ने जहाँ १२७२ के साथ 'नाल्ह रसायण आरभई' कहा है, वहाँ दूसरे के साथ भूतकालिक क्रिया का प्रयोग करते हुए 'नल्ह कवीसरि कही अमृत वाणि' कहा गया है जो इसकी समाप्ति का सूचक है। अस्तु दूसरे निर्देश मे १२७३ से ही १०७३, १०५७, १३६७ आदि का बन जाना स्वाभाविक है। अन्य ऐतिहासिक एव भाषा वैज्ञानिक साक्ष्यो के आधार पर श्री गौरीशकर हीराचन्द ओझा श्री अगरचन्द नाहटा, डा० उदयनारायण तिवारी प्रभृति विद्वान भी इसका रचनाकाल १२७२ वि० मानने के पक्ष मे हैं। कुछ विद्वान इसका रचना-काल तेरहवी शती ही मानते हैं, किन्तु वे 'बारह सौ बहोत्तरा' का अर्थ १२७२ लगाते हैं, जो राजस्थानी भाषा के सम्यक् ज्ञान के अभाव का सूचक है।

अत हम इसे निश्चित रूप से १२७२ वि० अर्थात् १२१५ ई० की रचना मान सकते हैं यह दूसरी बात है कि आज इसका मूल रूप उपलब्ध नही है, जो भी प्रतिलिपियाँ मिलती हैं वे बहुत परवर्ती एव परिवर्तित हैं।

कुछ विद्वानो ने 'बीसलदेव रास' के रचयिता नरपति नाल्ह को पन्द्रहवी शती के किसी गुजराती कवि से अभिन्न सिद्ध करने का प्रयास किया है, किन्तु उक्त गुजराती कवि का नाम केवल मात्र 'नरपति' है, उसके आगे 'नल्ह' या 'नाल्ह' का प्रयोग नही मिलता। साथ ही दोनो के रचना-काल मे भी पर्याप्त अन्तर है, अत दोनो को एक नही माना जा सकता।

इस काव्य मे अजमेर व साँभर के राजा बीसलदेव एव रानी राजमती के विवाहोत्तर जीवन की एक विशेष घटना का वर्णन किया गया है। राजा बीसलदेव की इस गर्वोक्ति पर कि उसके यहाँ नमक की खान है, उसके समान कोई नरेश और नही, रानी कह देती है कि उससे भी बढकर ऐसे नरेश हैं जिनके यहाँ हीरो की खान है जैसे—उडीसा पति। राजा क्रुद्ध होकर उडीसा चला जाता है और बारह वर्ष पश्चात् लौटता हैं। यही इसका सक्षिप्त कथानक है।

वीसलदेव या विग्रहराज नाम के इतिहास मे कई राजा मिलते है, अत यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि प्रस्तुत काव्य का सम्बन्ध किससे है ? कुछ ने विग्रहराज तृतीय का समर्थन किया है, क्योकि एक शिलालेख मे इसकी रानी का नाम राजदेवी मिलता है, जबकि अन्य विद्वानो ने पराक्रमी नरेश विग्रहराज चतुर्थ को, जो कि 'ललित विग्रहराज' नाटक का नायक भी है, इसका नायक सिद्ध किया है। वीसलदेव तृतीय का राज्य-काल ११५१-११७५ वि० तथा चतुर्थ वीसलदेव का राज्य-काल लगभग १२०८ से १२२० वि० तक माना जाता है। इस दृष्टि से चतुर्थ वीसलदेव ही कवि के अधिक समीप पडता है। इसके अतिरिक्त इस रचना मे जैसलमेर का भी उल्लेख आया है जिसे राजा जैसल ने स० १२१२ वि० मे बसाया था। ऐसी स्थिति मे इसका नायक विग्रहराज (वीसलदेव) चतुर्थ का ही होना सम्भव है। रचना-काल से भी इसी की पुष्टि होती है।

फिर भी ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन करने वाले विद्वानो को इस काव्य से प्राय निराशा ही होती है। वस्तुत कवि का लक्ष्य न तो इतिहास का आख्यान करने का था और न ही किसी सामयिक नरेश या आश्रयदाता के गौरव का बढा-चढा कर गान करने का था, अपितु उसका मूल लक्ष्य नारी-चरित्र का गुण-गान करने का था, जिसकी व्यजना उसने बार बार की है—

वागवाणी मो वर दियो,
अस्त्री रसायण करूं बखाण ;

× × ×

हस वाहणि मिगलोचनि नारि,
सीस समारइ दिन गिणइ ;
जिण सिरजइ उम्रिगण घर नारि
जाइ दिहाडाउ झूरिता ॥

अर्थात् सरस्वती ने मुझे वर दिया है, स्त्री रसायण का वर्णन करता हूँ। × × हस गवनी मृगलोचनी नारी सिर को सुलझाती हुई दिन गिनती है। हाय ! किसी को परदेशवासी की पत्नी न बनावे, उसके सारे दिन विलाप करते ही व्यतीत होते हैं।'

काव्य का केन्द्रीय पात्र भी वीसलदेव न होकर राजमती ही है, उसी से इसका आरम्भ होता है, उसी के विरह का इसमे निरूपण हुआ है तथा पाठक उसी के चरित्र एव व्यक्तित्व से प्रभावित होता है। वीसलदेव तो इसमे केवल एक पूरक पात्र के रूप में आता है। बीच बीच मे जैसी उक्तियाँ कही गई हैं, उनमे भी कवि की नारी-जीवन के प्रति गहरी सहानुभूति का पता चलता है, जैसे—

श्री जनम काई दियो हो महेस ?
अवर जनम थारे घणा हो नरेस ।
× × ×
बन खड काली कोइली
बइसती अब कइ चप की डालि ।

अर्थात् महेश ! त्रिया का जन्म क्या दिया ! तुम्हारे पास और भी बहुत से जन्म (जीवन) थे ···· (इससे अच्छा तो) 'किसी वन-खड मे काली कोयल ही बना देते जो (स्वतन्त्रतापूर्वक) किसी चपा की डाली पर बैठ सकती !'

अस्तु, इसमे कवि का लक्ष्य नारी-जीवन की गाथा को सहानुभूतिपूर्ण शब्दो मे प्रस्तुत करने का है । यही कारण है कि इसमे विरह-वर्णन को ही सर्वाधिक विस्तार दिया गया है । सक्षेप मे, यह एक वीर-गाथा नही अपितु विरह-काव्य है ।

यद्यपि नरपति नाल्ह अधिक विद्वान् नही था, सस्कृत के प्रचलित उपमानो से वह अनभिज्ञ प्रतीत होता है, फिर भी उसे कवि-हृदय प्राप्त था । नारी-हृदय की कोमलता, दीनता और विवशता की व्यजना मे उसे पूरी सफलता मिली है । उसका विरह-वर्णन वेदना-पूर्ण मार्मिक उक्तियो से परिपूर्ण है । दीर्घ वियोग के लम्बे-लम्बे दिवसो को एक-एक करके काटती हुई और अश्रु-पूरित नेत्रो से अखड प्रतीक्षा मे लीन प्रियतम-पथ को देखती हुई बाला की मूर्ति का चित्रण अत्यन्त सजीवता से किया गया है । साथ ही उस अहग्रस्त दभी पुरुष वर्ग के प्रति, जो अबोध मुग्धा के एक छोटे से उपहासपूर्ण वाक्य से ही उत्तेजित होकर उसे त्याग जाता है, कवि का गहरा रोष व्यजित हुआ है—

तो थी भली दमयन्ती नारि,
नल राजा मेल्हे गयो,
पुरीष समो नही निगुण ससार ।

'तुमसे भी अच्छी दमयन्ती जैसी नारी को भी नल छोड कर चला गया, (अत तुम्हारा कोई दोष नही —) ससार मे पुरुष के समान कोई निगुणी (अवगुणी) नही है ।'

वस्तुतः अनुभूतियो की सहज स्वाभाविक अभिव्यक्ति की दृष्टि से यह रचना उच्चकोटि की है, किन्तु जो लोग तत्सम शब्दावली, परपरागत उपमाओ, शैलीगत प्रौढता, वर्णन-वैविध्य, कथा-विस्तार आदि की दृष्टि से इसका मूल्याकन करना चाहते हैं, वे अवश्य इससे सतुष्ट न हो सकेगे । इसकी भाषा तेरहवी शती की राजस्थानी है जो कही-कही लिपिकारो के कारण क्रमश विकसित एव परिवर्तित हो गयी है ।

पृथ्वीराज रासो

'बीसलदेव रास' से भी अधिक विवादास्पद किन्तु साथ ही अधिक महत्त्वपूर्ण

रचना पृथ्वीराज रासो (या पृथ्वीराज रासउ) है, जिसका रचयिता अंतिम हिन्दू नरेश सम्राट पृथ्वीराज चौहान का सखा, सामन्त, मन्त्री एवं राज-कवि चंदवरदायी माना जाता है। इस ग्रन्थ की विभिन्न स्थानों में ६० से भी अधिक प्रतिलिपियाँ उपलब्ध हैं जो सभी १६वीं शती के बाद की हैं। इन्हें मुख्यत. चार वर्गों में विभाजित किया गया है—(१) वृहत (२) मध्यम (३) लघु एवं (४) लघुतम। जहाँ वृहत् रूपान्तर ६९ सर्गों में विभाजित है तथा १६ हजार छन्दों का है वहाँ लघुतम संस्करण अध्यायों में विभाजित नहीं है तथा इसकी श्लोक-संख्या केवल १३०० है। वैसे इनमें से मध्यम को छोड़कर शेष सभी संस्करण विभिन्न विद्वानों द्वारा संपादित होकर प्रकाशित हो चुके हैं। लघु संस्करण हाल ही में चंडीगढ़ के डा० बी० पी० शर्मा द्वारा तथा लघुतम संस्करण डा० माताप्रसाद गुप्त द्वारा पर्याप्त श्रम एवं शोधन के अनन्तर संपादित एवं प्रकाशित हुआ है।

रासो का मूल रूप किस संस्करण को माना जाय, यह विवादास्पद है। कुछ विद्वान् सभी संस्करणों को अप्रामाणिक मानते हैं जबकि कुछ लघु एवं लघुतम संस्करणों की प्रामाणिकता स्वीकार करते हैं वस्तुतः रासो का मूल रूप अब उपलब्ध नहीं है, फिर भी अन्य संस्करणों की अपेक्षा लघु एवं लघुतम संस्करण मूल रूप के अधिक समीप माने जा सकते हैं। जो लोग वृहत् संस्करण को ही सर्वथा प्रामाणिक मानते हैं या यह मानते हैं कि चंद नाम का कोई हुआ ही नहीं तथा उसने पृथ्वीराज रासो नाम का कोई ग्रन्थ लिखा ही नहीं, वे यथार्थ से बहुत दूर हैं। अलग-अलग स्थानों में इसके इतने अधिक पाठ-भेदों एवं विभिन्न संस्करणों का मिलना ही यह सिद्ध करता है कि इस ग्रन्थ की रचना १६वीं शती से बहुत पूर्व हो चुकी थी, अन्यथा एकाएक इसका इतना विकास, प्रसार एवं रूपान्तरण संभव नहीं था। फिर भी सभी संस्करणों में बिना किसी अपवाद के चंदवरदायी को ही इसका रचयिता माना गया है, अतः इसमें तो कोई संदेह नहीं कि मूल रासो चंद द्वारा ही लिखा गया था, यह दूसरी बात है कि परवर्ती कवियों ने भी इसमें पर्याप्त प्रक्षेप कर दिया है। ऐसी स्थिति में हमें जैसा कि डा० शंभूनाथ सिंह ने प्रतिपादित किया है, इसे एक विकसनशील काव्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

रासो की ऐतिहासिकता पर लगभग एक शताब्दी से बहुत बड़ा वाद-विवाद चलता आ रहा है, पर अभी तक इसका अंतिम समाधान नहीं हो पाया है। कर्नल टाड ने इसे ऐतिहासिक ग्रन्थ मानकर इसका अंग्रेजी में अनुवाद करना आरंभ किया था, किन्तु १८७५ ई० में डा० बूलर को काश्मीर में कवि जयानक द्वारा संस्कृत में रचित 'पृथ्वीराज विजय' काव्य उपलब्ध हुआ, जिससे तुलना करने पर पृथ्वीराज रासो का इतिवृत्त पर्याप्त अनैतिहासिक सिद्ध हुआ। फलतः डा० बूलर ने इसे अप्रामाणिक घोषित किया। तदनन्तर पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने ऐतिहासिक

दृष्टि से रासो पर आक्षेपो की एक लम्बी सूची प्रस्तुत की, जिसके अनुसार इसमे चौहानो की उत्पत्ति व वंशावली, पृथ्वीराज की माता का नाम, गुजरात के राजा भीमदेव के द्वारा पृथ्वीराज के पिता के वध की घटना, पृथ्वीराज के द्वारा ग्यारह वर्ष से लेकर छत्तीस वर्ष की आयु तक चौदह राजकुमारियो से विवाह करना, पृथ्वीराज को अनगपाल द्वारा दिल्ली का राज्य प्रदान करना, सयोगिता-स्वयवर सम्बन्धी घटनाएँ, गजनी मे पृथ्वीराज का वाण-वेध की घटना, सभी सन-संवत् आदि सामग्री इतिहास-विरुद्ध सिद्ध होती है। प० मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या ने आनद स'वत् की कल्पना करके सन्-सवतो सम्बन्धी आक्षेप के निराकरण का प्रयास किया, किन्तु वह बहुत सफल नही हुआ। अस्तु, ओझाजी के अनुसार यह ग्रन्थ लगभग १५५० ई० के आस-पास रचित सिद्ध होता है।

ओझाजी के आक्षेपो के निराकरण एव रासो की ऐतिहासिकता के स'रक्षण के क्षेत्र मे सर्वाधिक स्तुत्य कार्य मुनि जिन विजय एव डा० दशरथ शर्मा ने किया। मुनि जिन विजय ने 'पुरातन प्रबन्ध स ग्रह' (लिपिकाल सन् १४४१ ई०) मे दिये गये 'पृथ्वीराज प्रबन्ध' की ओर विद्वानो का ध्यान आकर्षित किया जिसमे रासो के कथानक के साराश के साथ-साथ उसके चार छन्द भी उद्धृत किये गये हैं तथा इनमे से तीन छन्द रासो के वर्तमान स स्करणो मे भी मिल जाते है। मुनिजी के विचार से पृथ्वीराज प्रबन्ध मूलत १२९० वि० की रचना है अत पृथ्वीराज रासो का इससे पूर्व ही लिखा जाना सम्भव है। डा० दशरथ शर्मा ने एक ओर 'पुरातन प्रबन्ध-स'ग्रह' को आधार बनाते हुए तथा दूसरी ओर रासो के लघु स स्करण को लेकर ओझाजी के निष्कर्षों का प्रतिवाद पूरी दृढता से किया। उन्होने प्रमाणित किया कि ओझाजी के आक्षेप वृहत् स स्करण पर ही लागू होते हैं, लघु स स्करण पर नही। लघु स'स्करण मे केवल दो ही घटनाएँ ऐसी मिलती हैं जिन्हें इतिहास-विरुद्ध कहा जा सकता है, एक सयोगिता से विवाह की तथा अन्य गजनी मे वाण-वेध की। डा० शर्मा ने इन घटनाओ के भी ऐतिहासिक होने की सभावना पर बल दिया। साथ ही उन्होने भाषा की दृष्टि से भी लघु सस्करण पर विचार करते हुए प्रतिपादन किया कि मूल रासो अपभ्रश मे लिखा गया था तथा लघु सस्करण की भाषा किंचित् परिवर्तित हो गयी है फिर भी अपभ्र श के पर्याप्त निकट पडती है। इस प्रकार डा० शर्मा लघु सस्करण को पूर्णतः प्रामाणिक न मानते हुए भी उसे मूलरूप के पर्याप्त अनुरूप सिद्ध करते हैं।

इधर डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी एव डा० माता प्रसाद गुप्त ने भी इस क्षेत्र मे नया प्रयास किया है। डा० द्विवेदी केवल उन्ही सर्गों को प्रामाणिक मानते है। आरम्भ शुक-शुकी सवाद से हुआ है। इसी आधार पर उन्होने अपने द्वारा सपादित 'सक्षिप्त पृथ्वीराज रासो' मे इन सात सर्गों को स्थान दिया है —(१) आरम्भिक सर्ग (२) इछिनी का विवाह (३) शशिव्रता का विवाह (४) तोमर पाहार का

शहाबुद्दीन को पकडना (५) सयोगिता का विवाह (६) कैमास वध (७) गोरी वध। डा० द्विवेदी के अनुसार इन सर्गों की भाषा-शैली मे भी एकरूपता, व्यवस्था एव सहज प्रवाह मिलता है। दूसरी ओर डा० माता प्रसाद गुप्त ने लघु एव लघुतम सस्करण की विभिन्न प्रतियो के आधार पर पाठ-विज्ञान के नियमो के अनुसार पृथ्वीराज रासउ का संशोधित सस्करण प्रस्तुत किया है, जिसे उनके विचार से मूल रूप का निकटतम पाठ माना जा सकता है। पर साथ ही वे इस निष्कर्ष पर भी पहुँचते हैं कि "रासो पृथ्वीराज के समकालीन किसी कवि की रचना नही हो सकती। यह रचना चन्द्र के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की हुई है। वह अन्य व्यक्ति कौन था, यह जानने के लिए हमारे पास कोई साधन इस समय नही है ?"[1] इसके रचनाकाल के सम्बन्ध मे उनका मतव्य है—'सभी दृष्टियो से पृथ्वीराज रासो की रचना स० १४०० के लगभग ही हुई मानी जा सकती है, इससे पूर्व नही।'

इस प्रकार डा० गुप्त के निष्कर्षो से हम उसी स्थिति पर पहुँच जाते हैं जो बहुत पूर्व श्री ओझाजी ने उत्पन्न की थी अर्थात् रासो चन्द की रचना नही है, परवर्ती (=अप्रामाणिक) रचना है। अन्तर केवल इतना पडा कि डा० गुप्त ने इसके रचनाकाल को स० १६०० के स्थान पर स १४०० को मान लिया है।

हमारे विचार से रासो निश्चित रूप से चन्दवरदायी की ही रचना है और पृथ्वीराज रासो का जो पाठ डा० माताप्रसाद गुप्त ने प्रस्तुत किया है, वह यदि प्रामाणिक है (या मूल रूप के निकट है) तो इसमे भी कोई सदेह नही रहता कि चन्दवरदायी एक ऐसे ऐतिहासिक व्यक्ति एव सफल कवि है जिन्हे पृथ्वीराज से भिन्न नही किया जा सकता। यदि चन्दवरदायी ने रासो जैसा ग्रन्थ न लिखा होता तो उसके २००-३०० वर्ष बाद कोई अन्य कवि रासो जैसी प्रौढ रचना लिखकर उसका यश चन्द को अर्पित करने का औदार्य्य प्रदर्शित नही कर पाता। नकल सदा असल की ही होती है, असल के अभाव मे किसी नकल के अस्तित्व की कल्पना नही की जा सकती। यदि कहा जाय कि किसी कवि ने धन-लोभ से या अपनी रचना को प्रसिद्ध करने के लिए ऐसा कर लिया होगा तो इस तर्क से भी यही सिद्ध होता है कि चौदहवी शती मे कवि चन्द की इतनी प्रसिद्धि थी कि जिसके नाम को अपनाने का लोभ एक परवर्ती कवि ने किया, पर यहाँ भी यह प्रश्न उठता है कि चन्द को ऐसी प्रसिद्धि किस आधार पर प्राप्त हुई जबकि पूर्व पक्ष के अनुसार उसने रासो लिखा ही नही तथा उसकी कोई अन्य कृति भी नही मिलती। अस्तु, एक ओर यह मानना कि चन्द ने कोई काव्य नही लिखा और दूसरी ओर यह मानना कि उसकी प्रसिद्धि को देख

---

१. 'पृथ्वीराज रासउ . डा० माताप्रसाद गुप्त पृ० १६८।

कर ही परवर्ती कवि ने उसके नाम पर अपनी रचना को प्रसिद्ध कर लिया—दो परस्पर-विरोधी मान्यताएँ हैं। वस्तुतः चन्द की प्रसिद्धि का आधार उसका रासो ही है—अत दोनो को भिन्न नही किया जा सकता।

'पुरातन प्रवन्ध-सग्रह मे, जिसका लिपिकाल पन्द्रहवी शती है तथा जिसकी मूल-रचना इससे भी कम से कम डेढ-दो शताब्दी पूर्व हुई थी, पृथ्वीराज रासो के साराश के साथ-साथ 'चन्द बलिद्दिक (वरदाई) कवि और उसके छन्दो को भी दिया गया है, जिससे चन्द के द्वारा रासो-रचना की पुष्टि सम्यक् रूप मे होती है। डा० माताप्रसाद गुप्त ने पुरातन प्रवन्ध-सग्रह मे उद्धृत चारो छन्दो मे भी पारस्परिक विरोध दिखाया है क्योकि एक छन्द मे कैमास जहाँ लोभी और लम्पट कहा गया है वहाँ दूसरे मे से उसे व्यास एव वशिष्ठ जैसा विद्वान भी माना गया है। हमारे विचार से एक ही व्यक्ति विद्वान होने के साथ-साथ लोभी व लम्पट भी हो सकता है—जैसा कि रावण को माना जाता है—अत केवल उसी के आधार पर इन छन्दो मे विरोध सिद्ध करते हुए इन्हें भी रासो से असम्बद्ध बताना उचित नही।

'पुरातन प्रवन्ध-सग्रह की कथा-वस्तु का स्थूल ढाचा वही है जो रासो के लघुतम सस्करणो मे मिलता है किन्तु सूक्ष्म विवरणो मे कही-कही अन्तर अवश्य है; जैसे—वर्तमान सस्करण मे कैमास को दो बाणो से मार डालने की बात कही है जब कि प्रवन्ध-सग्रह के अनुसार पृथ्वीराज एक ही बाण छोडता है जिससे कैमास जीवित रह जाता है। किन्तु इस प्रकार के विवरणो मे अन्तर होना यही सिद्ध करता है कि रासो के वर्तमान सस्करणो से पूर्व भी एक ऐसा सस्करण विद्यमान था जिसमे चौदनहवी शती तक थोडा-बहुत अन्तर आ गया था। अस्तु, यह अन्तर रासो की प्राचीनता के पक्ष मे पडता है।

डा० गुप्त का कथन है—'रचना कथा-नायक की समकालीन नही हो सकती है क्योकि जैसा हमने अन्यत्र देखा है उसके प्रस्तुत सस्करण के पाठ मे भी कुछ न कुछ इतिहास-असम्मत विवरण हैं, उसमे अनेक ऐसे शब्द आते है जो लगता है कि उत्तरी भारत की बोलचाल की भाषा मे सम्मिलित हो गये थे और उसकी भाषा भी 'प्राकृत पैंगल मे सकलित हम्मीर के सम्बन्ध के छन्दो (रचना काल स० १३५८ अर्थात् हम्मीर की देहान्त तिथि) और 'रणमल्ल छन्द (रचना-काल स० १४५४ के बीच की प्रतीत होती है। इस प्रकार सभी दृष्टियो से पृथ्वीराज रासो की रचना स०१४०० के लगभग हुई मानी जा सकती है, इससे पूव नही।[२] इस प्रकार डा० गुप्त ने रासो को चन्दपरवर्ती मानने के दो ही आधार बताये हैं—(१) इतिहास-असम्मत विवरण (२) भाषा। इनमे ऐतिहासिक विवरणो के सम्बन्ध मे तो स्वय उन्ही का निष्कर्ष इसी

---

२. पृथ्वीराज राउस : डा० माताप्रसाद गुप्त पृ० १६८।

पुस्तक के अन्य अध्याय मे इस प्रकार है—"रासो सम्पूर्ण रूप मे ऐतिहासिक रचना नही है, उसके अनेक उल्लेख या विस्तार अवश्य ही कल्पना-प्रस्तुत है, और इतिहास से समर्थित नही है। फिर भी अपने व्यापक रूप मे वह एक ऐसे जिम्मेदार कवि की रचना प्रतीत होती है जिसने हिन्दू-सूत्रो से प्राप्त सामग्री का यथेष्ठ सावधानी के साथ उपयोग किया और कथा-नायक के समय के बाद की किसी घटना अथवा किसी व्यक्ति का घाल-मेल कथा मे नही किया… निस्सदेह वह पृथ्वीराज का समकालीन तो नही था किन्तु बहुत बाद का भी नही था और उसने रचना यद्यपि काव्य की दृष्टि से अधिक और इतिहास की दृष्टि से कम की, फिर भी सामग्री का उपयोग जिम्मेदारी और कुशलता के साथ किया है।[१]

इस सम्बन्ध मे यहाँ अधिक विचार के लिए अवकाश नही है फिर भी सक्षेप मे हमारा निवेदन इतना ही है कि रासो का रचयिता यदि सचमुच ही इतिहास के प्रति इतना सावधान होता तो उसमे अनैतिहासिक विवरण—जो थोडे बहुत आये हैं—आते ही नही। पृथ्वीराज परवर्ती व्यक्तियो एव घटनाओ का न आना किसी परवर्ती कवि की विशेष सावधानी का काम नही है—क्योकि १४ वी शताब्दी मे ऐतिहासिकता का आज जैसा महत्व नही था जो इतनी सावधानी बरती जाती—अपितु कवि की समकालीनता का सहज स्वाभाविक परिणाम है। विवरणो मे थोडी-बहुत अनैतिहासिकता एक समकालीन कवि मे भी रह सकती है, जैसा कि बाण के 'हर्ष-चरित' मे है। फिर मूल पाठ अभी अनुपलब्ध है। इसकी भाषा-शैली १२ वी शती के अन्य रासो काव्यो—भरतेश्वर बाहुबली रास, आदि—से कुछ प्राचीन ही प्रतीत हो सकती है, परवर्ती नही है तथा थोडी-बहुत परवर्ती लिपिकारो द्वारा परिवर्तित भी हो सकती है, अतः इन कारणो के आधार पर रासो के रचयिता को यशस्वी चन्द से भिन्न एव परवर्ती मानना युक्ति-युक्त नही है। परवर्ती कवियो द्वारा उसमे शोधन, परिवर्द्धन एव क्षेपक होने की ही सम्भावना एक सीमा तक अवश्य स्वीकार की जा सकती है। अतः रासो मूलत पृथ्वीराज के समकालीन चन्दवरदायी की रचना है, इस विश्वास से डिग जाने की अभी आवश्यकता नही है।

काव्य-सौष्ठव—वस्तु-वर्णन, चरित्र-चित्रण, भाव-व्यञ्जना एव शैली की दृष्टि से भी पृथ्वीराज रासो एक उच्चकोटि की रचना है। कवि ने प्रसगानुसार विभिन्न विषयो—प्रकृति, नगर, बाजार, राज-सभा, रग-महल आदि—का वर्णन विस्तार से अलकृत शैली मे किया है। विभिन्न पात्रो का जिनमे तीन प्रमुख है—पृथ्वीराज, चन्द (स्वय), सयोगिता की भी चारित्रिक विशेषताओ का उद्घाटन सम्यक् रूप से किया गया है। पृथ्वीराज को जहाँ एक पराक्रमी, उत्साही एव दृढ योद्धा के रूप मे चित्रित

१. वही, पृ० ११३।

किया गया है, वहाँ चन्दवरदायी को एक ऐसे साहसी एव गम्भीर वक्ता के रूप मे प्रस्तुत किया है जिनकी वाणी विषम परिस्थितियो मे भी सत्य को कहने से नही चूकती। पृथ्वीराज के राजपूती गौरव एव आदर्श की झलक उस समय देखी जा सकती है जब कि कन्नौज मे संयोगिता का पाणिग्रहण कर लेने के अनन्तर उसके साथी सैनिक उसे परामर्श देते है कि वह अपनी नव-विवाहिता को लेकर दिल्ली प्रस्थान करे तब तक वे लोग किसी प्रकार जयचन्द की विशाल सेना का मुकाबला करते हुए उसे आगे रोकने का प्रयास करेगे। पृथ्वीराज का आत्म-गौरव इस प्रस्ताव को स्वीकार नही कर सका। भला, उसके साथी लडें और वह चुपचाप दिल्ली प्रस्थान कर जाय! जिसने बडे बडे हिन्दू एव तुर्क (सेनापतियो) को सरक्षण दिया, वही आज इस तरह अपने-आपको अपने ही सेना-नायको के सरक्षण मे सौप दे? नही, उसका उत्तर है—

मति घट्टी सामत मरण हुउ मोहि दिखावहु।
जम चीठी विणु कदन होइ जउ तुमउ वतावहु।
तुम गजउ भर भीम तास गव्वह भय मत्ता।
मइ गोरी साहव्वदीन सरवर साहत्ता।
मुहि सरणहि हीदू तुरक तिह सरणागत तुमकरहु।
बूझिअइ न सूर सामत ही इतउ वोझ अपन्न धरहु॥

अर्थात् 'हे सामन्तो! क्या तुम्हारी मति घट गई है जो मुझे इस तरह मृत्यु का हौआ दिखा रहे हो! क्या यम के परवाने के विना कभी मौत आ सकती है? ठीक हैं, तुमने भट्ट भीम को नष्ट किया जिसके गर्व से तुम मदमत्त हो गये हो, पर मैंने भी गोरी शहाबुद्दीन को सरवर मे साधा (वश मे किया) है। जिसकी शरण मे हिन्दू तुर्क (सब) हैं, उसी को आज तुम शरण देना चाहते हो? तुम शूर सामन्त होकर भी नही समझते हो, (कि मैं इस प्रस्ताव को कैसे स्वीकार कर लूगा।) अपना यह भार (एहसान) अपने पास ही रखो।

उपर्युक्त अश से जहाँ नायक के आत्म-गौरव की व्यजना हुई है वहाँ उसमे उस राजपूती अह की भी पूरी झलक मिलती है, जिसके कारण ये नरेश अपने ही सामन्तो को मौके बे मौके, छोटी सी बात पर दुत्कार देते थे। सामन्तो ने जो प्रस्ताव रखा था, वह उनकी सच्ची स्वामि-भक्ति का ही द्योतक था, भले ही पृथ्वीराज उसे स्वीकार न करते किन्तु इसे इतनी दुत्कार के स्थान पर ऐसे शब्दो के द्वारा भी टाला जा सकता था जिससे कि सामन्तो के सद्भावपूर्ण हृदय को ठेस न लगती। पर उस युग के राजपूती नरेशो मे इस नीति का अभाव था और सभवत यही कमी उनके पतन का सबसे बडा कारण बनी। पृथ्वीराज रासो मे भी यह स्पष्ट रूप मे दिखाई देता है कि पृथ्वीराज का पतन उसकी अपनी ही तीन महत्त्वपूर्ण गलतियो के कारण

होता है एक कैमास जैसे साथी को छोटी सी बात पर मार देना, दूसरे, जयचन्द जैसे शक्तिशाली नरेश के राजसूय यज्ञ का विरोध करना और तीसरे सयोगिता के साथ विलास मे इस प्रकार लीन हो जाना कि राज-काज की सुध भी भूल जाना। पृथ्वीराज सभवत अत्यधिक आत्म-विश्वासी होने के कारण इन भूलो की परवाह नही करते थे, किन्तु कवि चन्दवरदायी इनके परिणाम से भली भाँति परिचित थे, उन्होने अपने स्वामी को समझाने का प्रयास भी बार-बार किया, जैसे कैमास के वध के समय उन्होने स्पष्ट कह दिया था—'कइवास विआस विसटठ् विणु मच्छि वन्धि बद्धओ मरिसि' (व्याम और वशिष्ट जैसे कैमास के विना तुम मछली की भाति जाल मे बध कर मरोगे !), और इसी प्रकार सयोगिता के मोह-पाश मे आवद्ध हो जाने पर उसे चेताते हुए कहा था—'गोरी रत्तउ तुव धरा तु गोरी अनुरत्त' अर्थात् शहाबुद्दीन गोरी तेरी धरा पर अनुरक्त हो रहा है और तू गोरी (सयोगिता) मे अनुरक्त हो रहा है।

यद्यपि इस काव्य का नायक पृथ्वीराज है किन्तु व्यक्तित्व की गम्भीरता एवम् चारित्रिक गरिमा की दृष्टि से उसकी अपेक्षा चन्द अधिक प्रभावशाली प्रतीत होते हैं, वे सम्राट के अधीन है किन्तु ऐसा औपचारिक रूप मे ही है, सामान्यतः तो वे एक ऐसे फक्कड, ओजस्वी, स्पष्टवक्ता, गम्भीर, दूरदर्शी एव कल्पनाशील कवि के रूप मे दिखाई देते है, जिनका हृदय और मस्तिष्क किसी की भी परतन्त्रता एव अधीनता को स्वीकार नही करता। पृथ्वीराज के स्वभाव की तो वे परवाह ही नही करते, जयचन्द की समस्त शक्ति और उसके सारे वैभव को देखकर भी वे तनिक विचलित नही होते। कन्नौज मे पहुँचकर वहा की पनहारियो, बाजारो, राज-द्वार, राज्य-सभा एव राजमहल के अद्भुत सौंदर्य एव वैभव को देखकर वे चकित होते है, पर मुग्ध नही। पर सारे कन्नौज मे एक स्थल अवश्य ऐसा है जहाँ कवि पहुँचकर अपने आपको मुग्ध, विभोर एव धन्य समझे बिना नही रहता, वह स्थल है, कवि दरबार ! वहाँ उसे अनुभव होता है कि वह आज सच्चे काव्य-मर्मज्ञो के बीच पहुचा है ! कन्नौज के कवि-समाज मे प्रतिष्ठा पाकर वह कदाचित् जीवन मे पहली बार अपने कवि-जीवन की चरम सार्थकता का अनुभव करता है और यहाँ तक सोचने लगता है कि यदि यह अवसर उसे न मिलता तो उसकी वैसी ही स्थिति होती जैसी स्वर्ण के अभाव मे दीन (विच्छिन्न) नग की होती है ! उसके शब्दो मे—

कवि देषत कवि कउ मन रत्तो।
न्याय नयर कनवज्जि पहुत्तो।
कवि अग्गहि अगीकित हीनउ।
हेम विना जिम नग्ग दीनउ॥

कन्नौज मे पृथ्वीराज को अपने ताम्बूल-वाहक के रूप मे रखते हुए उसे तथा

अपने आपको जयचन्द के समक्ष सुअवस्थित एव संयमित बनाये रखने का कार्य भी चन्द ने बडी कुशलता से निर्वाहित किया। परिस्थितिवश एक बार इस ताम्बूल-वाहक को जयचन्द की सेवा मे भी ताम्बूल अर्पित करने का कार्य करना पडा। ऐसी स्थिति मे पृथ्वीराज कही कुछ और न कर बैठे, इसे भाँप कर चन्द ने पहले ही सकेत मे कहा—

थिरु रहहि थवाइत वज्र कर छडि सकारह पिनुक रहि।
जिहि असी लष्ष पल्लाणिहि तिहि पान देहि दिठ हथ्थ गहि॥

अर्थात् 'हे ताम्बूल-वाहक! तू स्थिर रह और वज्र कर को छोडकर एक क्षण सत्कार मे रह। जिसके अस्सी लाख (घोडे) पलाने जाते है, उसे तू दृढ हाथो से ग्रहण कर पान दे!'

चन्द के इस सकेत के बावजूद पृथ्वीराज से भली-भाँति पान देते नही बनता, उसकी चेष्टाओ को देखकर अन्तत जयचन्द जान जाते हैं कि यह ताम्बूल-वाहक कोई और नही, पृथ्वीराज ही है। इस प्रकार उनका रहस्य उद्घाटित हो जाता है। अस्तु, इसमे कोई सन्देह नही कि समय-समय पर चन्द ने अपनी सयम शक्ति, व्युत्पन्न मति एवं दूरदर्शिता का परिचय सम्यक् रूप से दिया है, भले ही कथा-नायक उसका लाभ न उठा पाया हो।

पृथ्वीराज एव चन्द की दर्पोक्तियाँ जहाँ सामान्यतः वीर-रस की व्यजना करती हैं, वहाँ सयोगिता का प्रसग सौन्दर्य, प्रेम और विरह की मार्मिक झाँकियाँ प्रस्तुत करता है। सयोगिता के महज सौन्दर्य, उसकी यौवनकालीन छटा उसकी अनुरागपूर्ण चेष्टाओ एव उसके हृदय की कोमल भावनाओ से परिपूर्ण उक्तियो के प्रस्तुतीकरण मे कवि ने पूर्ण सहृदयता, मनोवैज्ञानिकता एव मार्मिकता का प्रमाण दिया है। उसकी प्रथम झलक ही पर्याप्त मनोमुग्धकारी है—

जव अकुर करि पानि चरावति वच्छ मृगु।
मनु मानिनि मिस इदु आनदइ देखि दृगु।
सहि सहचरिति चरत्त परस्पर वत्तु किअ।
सुभ सजोगि सजोग जानुह मनमथ्थ किअ॥

'वह यवाङ्कुरो को हाथ मे लेकर मृग-शावको को खिला रही थी। मानो उस मनिनी के मिस इंदु ही उन्हे देखकर आनन्दित हो रहा था। साथ की सखियाँ और सहचरियाँ कह रही थीं, ऐसी शुभा सयोगिता के लिए तो कोई कामदेव ही (वर) होना चाहिए।

मृग-शावको के साथ खेलने वाली यह सयोगिता ऐसी अभिमानिनी एवं अनुरागिनी है कि कुटुम्ब के लोगो के द्वारा बार-बार समझाये जाने पर भी पृथ्वीराज को वरण करने के निश्चय से जरा भी नही डिगती! वह स्पष्ट शब्दो मे घोषित कर देती है—'कइ वहि गगहि सचरउ कइ पानि गहउ पृथ्वीराज!' (या तो गगा मे वह जाऊँगी या पृथ्वीराज का ही पाणिग्रहण करूँगी!)

वह अपने प्रणय-व्रत मे इतनी दृढ है कि यदि उस जीवन मे भी उसे पृथ्वीराज न मिले तो न सही, अगले जीवन मे ही सही, पर उसके प्राणेश्वर सदा वही दिल्लीश्वर रहेगे—"··· अन्य प्राणेऽथवा प्राणे प्राणेश दिल्लीश्वर'

पर इसी सयोगिता को जब भ्रम हो जाता है कि उसका आराध्य नायक युद्ध से विमुख होकर प्रेमिका के पास लौट रहा है तो एक सच्ची वीराङ्गना की भाँति उसे ग्लानि होती है, और वह यह कहे विना नही रहती—'जिहि प्रिय तन अगलि फिरइ तिहि प्रियजन कहा कज्ज ! (जिस प्रिय की ओर लोग अगुली उठावे उस प्रियजन से क्या काम !)

अस्तु, हम देखते है कि 'पृथ्वीराज रासो, बावजूद अपनी सारी अनैतिहासिकता एव अप्रामाणिकता के एक उच्चकोटि का महाकाव्य है, जिसमे उच्च पात्रो, उदात्त विचारो एव गभीर भावो की अभिव्यक्ति मार्मिक रूप मे हुई है। इसके पात्र जहाँ मध्यकालीन सामंत वर्ग की एक जीवित तस्वीर प्रस्तुत करते है, वहाँ इसमे व्यजित भावनाएँ उस युग के आदर्शो एव लक्ष्यो को पूर्ण सच्चाई के साथ व्यक्त करते हैं। साथ ही इसका छद-वैविध्य—दोहा, कवित्त, रासा, मुडिल्ल, पद्धडी, गाथा, अडिल्ल, चौपाई, सारिका, भुजग, आदि का प्रयोग—पूर्व-वर्ती एव परवर्ती काव्य-शैली के विकास-क्रम को भी भली-भाति स्पष्ट करता है। अत विषय-वस्तु, भाव-व्यजना एव शैली—तीनो की दृष्टि से यह काव्य अपने युग के आदर्शों, भावो एवं परम्पराओ का एक ऐसा सरस कलात्मक इतिहास कहा जा सकता है, जिससे सन्-सवतो का अक-गणित भले ही असत्य हो किन्तु भावनाओ की सूक्ष्म रेखाएँ निश्चित ही यथार्थ और सत्य हैं।

रासो पर यह आक्षेप भी लगाया है कि इसका कवि अपने युग को कोई स देश नही देता, किन्तु वस्तुत· ऐसा नही है। उन परिस्थितियो मे कवि जो स देश दे सकता था, वह उसने अवश्य दिया है। पृथ्वीराज के वैभव-काल मे वह उसे सदा सुमार्ग पर चलाने का प्रयास करता रहा तो उसके कैद हो जाने पर वह समस्त क्षत्रियो को तलवार उठाने के लिए आमन्त्रित करते हुए कहता है—

प्रथिराज देव दूवन गहउ रे छत्रिअ कर षग्ग गहु न !

"क्षत्रियो ! देव पृथ्वीराज को दुर्जन ने पकड लिया है, क्यो नही तलवार उठाते !"

हमे लगता है कवि की यह पुकार उसके काव्य की अन्तिम पक्ति है। इसके बाद अगले अध्याय मे प्रसग जोड़ा गया है वह संभवत. परवर्ती कवि द्वारा—या कवि के पुत्र द्वारा रचित है।

अस्तु, राष्ट्र-पतन की विषम बेला मे समस्त क्षत्रियो के द्वारा एक साथ तल-

वार उठाने के सदेश से बढकर कोई और सदेश क्या हो सकता था । काश उस युग के क्षत्री इस सदेश को ग्रहण कर पाते ।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि हिन्दी के ऐतिहासिक रासो काव्यो मे 'पृथ्वीराज रासो' का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। वह कथावस्तु की नियोजना, चरित्र-चित्रण की स्वाभाविकता, भावो की उत्कटता, शैली की उत्कृष्टता एव उद्देश्य की उच्चता की दृष्टि से अपने युग का अनूठा काव्य है। कदाचित् इसी काव्य के प्रभाव से आगे चलकर मध्यकाल मे ऐतिहासिक रासो-काव्यो की रचना भारी सख्या मे हुई, जिनकी चर्चा यहाँ सभव नही है, जैसा कि हिन्दी-साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास मे स्पष्ट किया गया है, मध्यकाल मे राजस्थान के राज दरबारो मे अनेक दर्जन ऐसे काव्य लिखे गये जो कि ऐतिहासिक रासो-काव्य परपरा मे आते हैं। वस्तुत. आदिकाल मे तो इस परपरा का प्रवर्त्तन ही हो पाया था, पूर्ण विकास तो मध्यकाल मे ही हुआ है।

४. महाराष्ट्रीय सन्त-काव्य एवं नामदेव

हिन्दी मे सन्त-काव्य परम्परा के प्रचलन के लगभग दो शताब्दी पूर्व ही महाराष्ट्र मे सत-काव्य की रचना आरम्भ हो गई थी। जैसा कि हम आगे स्पष्ट करेगे, हिन्दी की सत-काव्य-परम्परा वस्तुत इस महाराष्ट्रीय परम्परा की ही एक शाखा है, या उसी का एक विकसित रूप है। महाराष्ट्र मे इस परम्परा के आदि कवि मुकुन्दराज (११२७-१२०० ई०), माने जाते हैं जिन्होने सन् ११९० मे मराठी का पहला काव्य ग्रन्थ 'विवेक सिन्धु' लिखा था। इसमे गुरु के महत्त्व, ब्रह्म, जीव, माया, पच महाभूत, सगुण, निर्गुण, तत्त्वमसि आदि विषयो का प्रतिपादन ऐसी शैली मे किया गया है जिसे जन-साधारण भी समझ सके। मुकुन्दराज का एक अन्य ग्रन्थ 'परमामृत' भी उपलब्ध है, जिसमे अद्वैत की अनुभूति का प्रकाशन है। जैसा कि प्रो० देशपाडे ने लिखा है—'इन दोनो ग्रन्थो मे शाकर अद्वैत, योगानुभव और सगुणोपासना का प्रतिपादन'[६] किया गया है। वैसे मुकुन्दराज स्वय नाथ सम्प्रदाय मे दीक्षित थे किन्तु उन्होने अपने ग्रन्थो मे ऐसे विचारो का प्रतिपादन किया जो सत-मत के अधिक अनुरूप हैं। अत मुकुन्दराज को हम नाथ-पथ संत मत के बीच की कडी मान सकते है।

मुकुन्दराज के देहात-काल के कुछ पूर्व ही महात्मा चक्रधर (११९४-१२७४ ई०) का आविर्भाव हुआ, जिन्होने 'महानुभाव पथ' की स्थापना करते हुए अपने क्रान्तिकारी विचारो का प्रचार किया। उन्होने विविध देवी-देवताओ की उपासना के स्थान पर परब्रह्म परमेश्वर की ही उपासना पर बल दिया पर साथ ही वेदो और अद्वैतवाद को अमान्य घोषित किया। जाति-पाँति और छुआछूत के विचारो का भी उन्होने पूरी शक्ति से खण्डन किया। इस प्रकार उन्होने धर्म-क्षत्र मे एक नया दृष्टि-कोण प्रस्तुत किया जो परवर्ती सतो के द्वारा भी मान्य हुआ। फिर भी सन्त-मत को सम्यक् प्रतिष्ठा का पूर्ण श्रेय चक्रधर को नही दिया जा सकता। इसका कारण यह है कि इन्होने उस अवतारवाद को अधिक महत्त्व दिया जो निर्गुण-उपासना की अपेक्षा सगुण-भक्ति के अधिक समीप पडता है। इसलिए महानुभाव-सम्प्रदाय के कवियो ने

---

६. मराठी का भक्ति-साहित्य . भी० गो० देशपाडे, पृ० १५।

अपने काव्यों—वत्सहरण (१२७८), रुक्मिणी-स्वयवर, (१२९२), शिशुपाल वध (१३०६) आदि—मे पौराणिक आधार पर लीलाओ का गुण गान किया है। वस्तुत. मुकुन्दराज एव चक्रधर को सन्त-परम्परा की पृष्ठ भूमि तैयार करने का ही अधिक श्रेय है, उसकी सम्यक् प्रतिष्ठा तेरहवीं शती के अन्तिम चरण मे वारकरी सम्प्रदाय के सन्तो के द्वारा ही हुई। सम्भवत. यही कारण है कि प्रारम्भ के इन दोनो कवियो के साथ 'सन्त' विशेषण का प्रयोग नही किया जाता।

वारकरी सम्प्रदाय के मूल प्रवर्त्तक तो सन्त पुण्डलिक माने जाते हैं किन्तु उनके सम्बन्ध मे ऐतिहासिक सामग्री का सर्वथा अभाव है। वस्तुत. पुण्डलिक के साथ इस प्रकार के चमत्कार-पूर्ण प्रसग जुड गये हैं जिसमे वे एक ऐतिहासिक व्यक्ति के स्थान पर पौराणिक ही अधिक प्रतीत होते है। ऐतिहासिक दृष्टि से इस सम्प्रदाय के प्रथम उन्नायक सन्त ज्ञानेश्वर (१२७५-१२९६ ई०) सिद्ध होते हैं। इन्होने गीता की प्रसिद्ध टीका 'भावार्थ दीपिका' (ज्ञानेश्वरी'), अमृतानुभव, हरिपाठ के अभग, चागदेव पैसठी और सैकडो फुटकर अभगो की रचना की, जिनमे इनके दार्शनिक विचारो एव भक्ति की अनुभूति की अभिव्यक्ति हुई है।[७] ज्ञानेश्वर के ही साथ-साथ नामदेव (१२७०-१३५० ई०), निवृत्तिनाथ (१२७३-१२९३), सोपानदेव (१२७८-१२९७), मुक्ताबाई (१२७९-१२९७) प्रभृति सन्त हुए जिन्होने अपनी अलौकिक अनुभूतियो को साहित्यिक माध्यम से प्रकाशित किया। यहाँ यह उल्लेखनीय है, कि इनमे नामदेव को छोडकर शेष तीनो ज्ञानेश्वर के भाई-बहन थे जिन्होने अपना समस्त जीवन आध्यात्मिक साधना मे ही व्यतीत किया। नामदेव भी ज्ञानेश्वर के समाधि-काल तक उनके साथ ही रहे किन्तु बाद मे वे धर्म का प्रचार करते हुए पंजाब मे चले गये तथा वही अठारह वर्ष तक रहे। वस्तुत ज्ञानेश्वर एवं नामदेव ने अपने आकर्षक व्यक्तित्व, दिव्य-चरित्र एव सच्ची भक्ति-भावना से जनता को इस प्रकार मुग्ध कर लिया कि थोडे समय मे ही सारे महाराष्ट्र एव उत्तरी भारत मे भक्ति की बाढ-सी आ गई। वैसे तो आगे चलकर इस क्षेत्र मे और भी कई सम्प्रदाय अवतरित हुए किन्तु महाराष्ट्र का महानुभाव सम्प्रदाय इनमे अग्रणी माना जा सकता है। वह अग्रणी केवल समय की दृष्टि से ही नही, विचारो की दृष्टि से भी कहा जा सकता है। उसने जनता के निम्नतम स्तर के लोगो के हृदय मे भक्ति की लौ प्रज्वलित की, परिणाम-स्वरूप हम इनकी मडली मे गोरा कुम्हार (१२६७-१३०९ ई०), सावता माली (१२५०-१२९५) नरहरि सुनार (१३वी शती), सेनानाई, विसोबा खेचर, राका कुम्हार, वका धेड जैसे सतो को देखते हैं जो जाति और पेशे से निम्न होते हुए भी सतो मे उच्चतम स्थान के अधिकारी हुए। वारकरी सप्रदाय की यह सत-परपरा

---

७. मराठी का भक्ति साहित्य, पृ० ४६।

आगे अठारहवी शती के अंत तक अखंड रूप से चलती रही जिसमे सत्यामल नाथ (१२७८-१३५८ ई०), कवि चोखा (१३७८), कवयित्री कान्होपात्रा (१४वी शती), संत भानुदास (१४वी शती), दामा जी पंत (१४वी शती), नृसिंह सरस्वती (१४०८-१४५८), जनार्दन स्वामी (१५०४-१५७५), दासोपंत देशपांडे (१५५१-१६१५ ई०) संत एकनाथ (१५३३-१५९९ ई०) कवीश्वर मुक्तेश्वर (१५७४-१६४५), संत तुकाराम (१६०८-१६५०), कवयित्री बहिणाबाई (१६२८-१७००), महिपति बोवा तहराबादकर (१७१५-१७९०) प्रभृति संत हुए। प्राय इन सभी ने मराठी मे साहित्य-रचना की है, जिसका विवरण प्रो० भी० गो० देशपांडे की पुस्तक 'मराठी का भक्ति-साहित्य' मे देखा जा सकता है।

जहाँ तक हिन्दी की संत-काव्य परम्परा का सम्बन्ध है, हम वारकरी सम्प्रदाय के इतिहास को दो खण्डो मे बाँट सकते हैं—(१) १४वी शती के अन्त तक (२) १४वी शती के बाद का। इनमे से प्रथम खण्ड के साधको को हिन्दी संत-कवियो के पूर्वज रूप मे स्वीकार किया जाता है जिन्होने विभिन्न स्रोतो से प्राप्त विचार, भाव एवं शैली को नया रूप देकर हिन्दी संत-काव्य परम्परा का मार्ग प्रशस्त किया। सिद्ध एवं नाथ पंथ की जो विशेषताएँ हिन्दी के संत-काव्य मे दृष्टिगोचर होती हैं, वे संभवत महाराष्ट्रीय संतो के माध्यम से ही उसमे आई है। इसलिए जहाँ अन्य स्रोतो से हिन्दी संत काव्य का अप्रत्यक्ष सम्बन्ध है, वहाँ महाराष्ट्रीय सन्त सम्प्रदाय से इसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। इतना ही नही, हिन्दी सन्त-परम्परा के प्रथम कवि कबीर के आविर्भाव से भी बहुत पूर्व चक्रधर, ज्ञानेश्वर, नामदेव, मुक्ताबाई आदि ने हिन्दी मे ऐसे पदो की रचना की थी, जो शैली की दृष्टि से कबीर के पदो से गहरा साम्य रखते हैं। इन महाराष्ट्रीय सन्तो ने हिन्दी की अपेक्षा मराठी मे अधिक रचना की है, अन्यथा हिन्दी साहित्य के इतिहास मे भी उन्हे उतना ही स्थान दिया जा सकता था जितना कि इन्हे मराठी साहित्य के इतिहास मे प्राप्त है। वस्तुत: विचारधारा, भावना, शैली और भाषा से सम्बन्धित प्राय वे सभी तत्त्व इन कवियो मे मिल जाते है जो परवर्ती सन्तो - कबीर, रैदास, दादू आदि—मे मिलते है। इस तथ्य को अधिक स्पष्ट करने के लिए हम यहा संक्षेप मे महाराष्ट्रीय सन्त-काव्य की उन विशेषताओ की चर्चा करते है जो हिन्दी सन्त-काव्य मे भी प्रमुख रूप मे मिलती है:

(१) **अद्वैतवाद और भक्ति मे सामंजस्य**—वारकरी सम्प्रदाय के सन्तो ने अन्य भक्ति-सम्प्रदायो की भाति अद्वैतवाद का विरोध नही किया, अपितु उन्होने इसे स्वीकार करते हुए बताया कि अद्वैत की 'सच्ची अनुभूति भक्ति के द्वारा ही संभव है। उनके विचार से अद्वैतवाद और भक्ति मे विरोध नही है, अपितु भक्ति की चरम अवस्था ही अद्वैतानुभूति है। सन्त ज्ञानेश्वर ने लिखा है—'जब गुरु की कृपा से ऊषाकाल हो जाता है तो ज्ञान-सूर्य की किरणे आकर पड़ने लगती हैं, तब दृष्टि के सामने भेद-भाव-

रहित एकत्व की सम्पत्ति प्रकट होती है। ऐसी अवस्था मे भक्त जिस दिशा मे देखता है उस दिशा मे केवल मै (ईश्वर) ही दिखाई पडता हूँ। मेरे सिवा उसके कही और कुछ भी नही रहता।'[८] आगे चलकर सन्त एकनाथ ने भी इस सम्बन्ध मे लिखा है—'अद्वैतानुभव के बिना खरी भक्ति सम्भव ही नही है। आर्त, जिज्ञासु और अर्थार्थी भक्त के प्रकार हैं पर जो अभेद भाव से ईश्वर की उपासना करते हैं वे ही श्रेष्ठ भक्त हैं। जिनका देहाभिमान नष्ट हो जाता है जो सब भूतो मे भगवान को देखते हैं, जिनके मन से द्वन्द्व की भावना मिट जाती है वे ही अद्वैतानन्द के पात्र बनते हैं।'[९] अद्वैत और भक्ति का यह समन्वय हिन्दी के सन्त-काव्य मे दृष्टिगोचर होता है, जिसकी विवेचना आगे की जायगी।

(२) **सगुण और निर्गुण में समन्वय**—यद्यपि महानुभाव सम्प्रदाय मे सगुण को निर्गुण की अपेक्षा अधिक महत्त्व दिया गया है किन्तु परवर्ती वारकरी सम्प्रदाय के सन्तो ने ऐसा नही किया। उन्होने ब्रह्म को अनादि, नित्य, ज्ञानमय, अव्यक्त, निर्गुण और सर्वव्यापक माना है पर साथ ही उसके सगुण रूप को भी अस्वीकार नही किया। इनके विचार मे निर्गुण ईश्वर ही सगुण के रूप मे अवतरित होता है। सन्त ज्ञानेश्वर ने निर्गुण और सगुण की इसी एकता को स्वीकार करते हुए अपने एक अभग मे कहा है—हे गोविन्द! मेरी समझ मे नही आता कि मैं तुझे सगुण कहूँ या निर्गुण। तुझे स्थूल कहूँ या सूक्ष्म! तू तो इन दोनो मे व्याप्त है। तुझे दृश्य कहूँ या अदृश्य! तू तो दृश्य और अदृश्य दोनो है।[१०] परवर्ती सन्तो मे भी यही दृष्टिकोण मिलता है।

(३) **माधुर्यभाव की अनुभूति**—इन सन्तो ने भक्ति के अन्तर्गत उस माधुर्य भाव का भी सम्मिश्रण किया है, जिसे हिन्दी के विद्वान भूल से सूफी रहस्यवाद का प्रभाव मानते हैं। सन्त ज्ञानेश्वर ने आराध्य देव एव स्वय के बीच पति-पत्नी सम्बन्ध की स्थापना करते हुए अपनी प्रेमानुभूतियो की व्यजना अनेक पदो मे की है। एक पद मे वे कहते हैं—'मुझे रात्रि दिन जैसी हो गई है और नीद हराम हो गई है। मेरे पति के परदेश मे होने के कारण उसकी स्मृति मुझे सदा जला रही है। ऐ रुक्मिणी के पति श्री विठ्ठल। मुझे त्वरित दर्शन दीजिए।'[११] सन्त नामदेव, एकनाथ, तुकाराम, तथा अनेक सन्त-महिलाओ ने भी इसी भावना का प्रकाशन किया है।

उपर्युक्त प्रवृत्तियो के अतिरिक्त गुरु के महत्त्व का गुण-गान, सभी मनुष्यो की समानता, जाति-पाति का विरोध, नाथ-पथी शब्दावलियो का प्रयोग, उलटवासियो एव रूपको का प्रयोग आदि की प्रवृत्तियाँ भी इनमे हिन्दी सत-काव्य के समान ही मिलती है, केवल स्थानाभाव से ही उनकी विस्तृत चर्चा यहाँ नही की जा रही है।

८—९ मराठी साहित्य का भक्ति-साहित्य भी० गो० देशपाडे, पृ० १४-१५।

१० मराठी का भक्ति-साहित्य भी० गो० देशपाडे, पृ० १७।

११ वही, पृ० २४।

अस्तु उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि सत-काव्य का यह वट-वृक्ष हिन्दी-क्षेत्र मे फैलने से पूर्व महाराष्ट्र मे पर्याप्त पल्लवित एव विकसित हो चुका था। मराठी और हिन्दी के सत-काव्य की समानताओ को देखते हुए हम बिना किसी सकोच के परवर्ती को पूर्ववर्ती की ही एक शाखा मान सकते है। इतना अवश्य है कि पन्द्रहवी शती के अनन्तर ये शाखाएँ एक दूसरी से क्रमश दूर होती गई, जिससे इनमे थोडा अन्तर आ गया। यह अन्तर मुख्यत. इस बात का है कि जहा मराठी लीलाओ का भी गुण-गान किया, वहाँ हिन्दी के संत कवियो ने राम, कृष्ण, गोविंद के केवल नाम का ही स्मरण किया, उनकी लीलाओ को अधिक महत्त्व नही दिया। दूसरे, मराठी के सतो मे खण्डन-मण्डन की तीक्ष्णता हिन्दी सत कवियो की अपेक्षा कम है, भक्ति का आवेश अधिक है। मराठी सतो मे अनेक उच्च जाति—ब्राह्मण—के हिन्दू थे, जो सुशिक्षित एव सुसंस्कृत थे जब कि हिन्दी के प्राय सभी प्रारम्भिक सत-कवि उच्च वर्ग एव उच्च-शिक्षा के सस्कारो से वचित थे, सभवत इसी अन्तर के कारण हिन्दी सत-काव्य मे मराठी सत-काव्य की अपेक्षा अधिक तीक्ष्णता एव विद्रोह मिलती है। पर यह अन्तर न केवल मराठी और हिन्दी के सतो मे अपितु हिन्दी के पूर्ववर्ती एव परवर्ती सतो मे भी परस्पर मिलता है, यथा कबीर का सा खण्डन-मण्डन सुन्दरदास मे नही मिलता। अस्तु, यह अन्तर इतना अधिक महत्त्वपूर्ण नही हैं, जिसके कारण मराठी और हिन्दी के सन्तो को, या हिन्दी के पूर्ववर्ती एव परवर्ती सन्तो को एक-दूसरे से अलग किया जा सके। अत हिन्दी सन्त-परम्परा का महाराष्ट्रीय सन्त-परम्परा से अविच्छेद्य सम्बन्ध स्वीकार किया जा सकता है।

हिन्दी मे सत-काव्य परपरा का प्रवर्त्तन—अब तक के विवेचन से स्पष्ट है कि हिन्दी मे इस काव्य-परम्परा का प्रवर्त्तन सर्वथा मौलिक रूप मे नही हुआ, अपितु यह मराठी मे विकसित होती हुई हिन्दी मे पहुँची है। हिन्दी मे इसे प्रचलित करने का श्रेय भी महाराष्ट्रीय सन्त नामदेव (१२७०-१३५० ई०) को है, जिन्होने एक ओर उत्तरी भारत मे दीर्घकाल तक रहकर अपने विचारो का प्रचार किया तो दूसरी ओर हिन्दी मे विपुल पदो की रचना की, जिनमे से शताधिक आज भी उपलब्ध हैं। उनके पदो मे परवर्ती सन्त-काव्य की प्राय सभी विशेषताएँ—विचार, भाव, भाषा, शैली आदि—मिलती हैं, ऐसी स्थिति मे कोई कारण नही कि हम उन्हे हिंदी-सन्त-काव्य परम्परा का प्रवर्त्तक न माने। पर यह आश्चर्य की बात है कि अब तक हिन्दी के प्राय सभी इतिहासकारो ने इनकी चर्चा करते हुए भी हिन्दी सन्त-परम्परा का प्रवर्त्तक इन्हे न मानकर कबीर को माना है, जिनका आविर्भाव-काल नामदेव के देहावसान के भी ४८ वर्ष बाद (=१३९८ ई०) पडता है। हमारे इतिहासकारो ने इसका कोई स्पष्ट कारण भी नही बताया है। नामदेव मूलत: मराठी के कवि थे, सम्भवत इसलिए उन्हे इस श्रेय से वचित कर दिया गया है, किन्तु यह ठीक नही। विद्यापति

ने संस्कृत और अपभ्रंश के अतिरिक्त हिन्दी मे पदो की रचना की थी, जिसके लिए उन्हें हिन्दी की कृष्ण-गीति-परम्परा का प्रवर्त्तक माना जाता है। नामदेव की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है, फिर उन्हे प्रवर्त्तक क्यो न माना जाय ? प० परशुराम चतुर्वेदी ने एक स्थान पर लिखा है कि 'नामदेव मे उत्तरी भारत के सन्त मत की सारी विशेषताएँ नही मिलती' पर यह बात भी ठीक नही है। उदाहरण के लिए यहा नामदेव के हिन्दी-काव्य से उन सभी प्रवृत्तियो के प्रमाण प्रस्तुत किये जाते हैं, जो उत्तरी भारत के सन्त मत से सम्बन्धित हैं, देखिए—

(क) ईश्वर के प्रति दृढ अनुराग, माधुर्यपूर्ण भक्ति एव विरह-व्यजना—

मोहि लागत ताला वेली। बछरे बिनु गाइ अकेली।
पानीआ बिनु मीनु तलफै। ऐसे राम नामो बिनु बापुरो नामा॥

× × ×

कामी पुरुष कामनी पिआरी। ऐसी नामे प्रीत मुरारी

× × ×

मैं बउरी मेरा राम भरतार।
रचि रचि ताकउ करउ सिंगार॥

(ख) अद्वैतवाद का प्रतिपादन—

सभु गोविन्दु है, सभु गोविंदु है, गोविंदु बिनु नही कोई।
सूतु एकु मणि सत सहस जैसे उतिपोति प्रभु सोई॥
जलतरग अरु फेन बुदबुदा, जल ते भिन्न न कोई।
इहु परपन्चु पारब्रह्म की लाला विचरत आन न होई।

× × ×

कहत नामदेऊ हरि की रचना देखहु रिदै विचारी।
घट-घट अंतरि सरब निरन्तरी केवल एक मुरारी॥

—(हिन्दी को मराठी सन्तो की देन, पृ० १११)

(ग) गुरू का महत्त्व स्वीकार करना—

जऊ गुरदेऊ न मिलै मुरारी।
जऊ गुरदेऊ न उतरै पारि॥ —(वही पृ० ११३)

(घ) मूर्ति-पूजा पर व्यंग्य—

एकै पाथर कीजै पाऊ। दूजै पाथर धरिए पाऊ।
जै इहु देऊ तऊ उहु भी देवा। कहि नामदेव हरि की सेवा।

(ङ) जाति-पाति भेद का विरोध—

कहा करउ जाती, कहा करउ पाती।
राम को नामु जपउ दिन राती। —(वही, पृ० ११४)

(च) अनहद नाद एवं अलौकिक अनुभूतियों की अभिव्यक्ति—

नादि समाइलो रे सति गुर भेटिले देवा।
जह झिलिमिलि कारु दिसता। वह अनहद सबद वजंता।
जोति-जोति समानी। मैं गुर परसादी जानी।
ततखिण वल्यउ नीसाणे घाव॥
राजा माहइ उछव हूवउ ।
ब्राह्मण दीयउ बहुत पसाव॥
जीण सजोगी सुणावीयउ।
सूणी वचन हरष्यो मनि राव॥११॥

राजा भोज बोलइ तिणी ठाई।
"देस देसारा तेडावौ राई"॥
तैरह पोहण दल मिला।
बाजइ पटह पखावज भेर॥
असी सहस्र हाथो गुड्या।
भाण न सूझइ उठो रज रेण॥ १२॥

बाजइ पटह पखावज पूर।
ढोल निसाण वाजइ रिणतूर॥
वीर घटा तिहा रुणझूणइ।
मेघाडम्बर छत्र सिर दीयौ राय॥
अन्तर वासउ हो दियो मिलाण॥ १३॥

दूरुग चितोड ससोभित ठाई।
ततषीण राय पहूँतो जाई॥
ठाम ठाम डेरा हुबा।
भोजन भगति करई तीणी वार॥
साथे चालइ राव को।
गढ अजमेर पहूँतौ जाई॥ १४॥

चिहु खडा का मीलीया छइ राय।
गढ अजमेर पहूँतौ जाई॥
आगइ प्रोहीत चालीयउ।
जाई उभो रह्यो सीह—दुवार॥
राजमती देह वधामणी।
आयो राजा भोज पमार॥ १५॥

राजा भोज आयो तीणी ठाई।
सामहो आयो छै वीसल-राई॥

गढ अजमेरा राजीयौ ।
राजा भोज नै वीसल-राई ॥
दोई राजा मेलावडौ ।
राजा भोज चाल्यो गढ माहि ॥ १६ ॥

राजा भोज आयो तीणी ठाई ।
राजमती हरखी मन माहि ॥
कुँवर मीलइ जाई वाप हुई ।
लेई उछगति भोज कुँवार ॥
कुसले पुत्रीहे मील्या ।
आज जनम राजा सफल ससार ॥ १७ ॥

घणी भगति करइ साभर्‌यो-राव ।
पाट पटोला कुलह कवाई ॥
उल्हण मीणा सौ पूरव्यो ।
भोजन भगति करइ तिणी-ठाई ॥
कर जोडे 'नरपति' कहई ।
राजमती मुकलावउ राय ॥ १८ ॥

भोज कुँवर मुकलावी राय ।
आतर वासो दीयौ तीणी ठाई ॥
मान अधिक तिह्वा आपीयो ।
कुँवर बउलावी बीसल-राव ॥
राइ बुयावै वाहुड्या ।
जाई मिलाण दीयो तिणी ठाइ ॥ १९ ॥

राजमती लै आव्यो राइ ।
देस मालागिर सेन पठाई ॥
थाणो आयौ राव आपणौ ।
घरि घरि तोरण मगलाचार ॥
घरि घरि गुडि उछली ।
हुवउ वधावउ नगरी धार ॥ २० ॥

कुँवर गई अतेवर माहि ।
पाट–महा–दे–राणी मिलै छै भाई ॥

अतेवर सहे को मीलई ।
मील्या सहोवर भोज कुमार ॥
नयण ते आसू खेरीया ।
राजमती मीली तिण बार ॥ २१ ॥

अतेवर माही रमइ राज कुमार ।
दुख सुख माइ पूछइ तीणी बार ॥
"कही पुत्री ! राई किम गयउ ? ।
रग भरी रयणी माडीयो खेल" ॥
"अही वीष जी मै मो बसई ।
एके वचन थी चाल्यो मेल्ही" ॥ २२ ॥

श्रावण मास सुवाहणो होई ।
सखी सहेली खेलै सब कोई ॥
कुँवर रमई राजा भोज की ।
पेहलई श्रावण खेलाव जाई ॥
सही सयाणी सब मीली ।
"कहि कुँवर ! कीसो बीसल-राई ? ॥ २३ ॥

राई भलो जीसो पून्यचद ।
गोकुल माही सोहै ज्युं गोव्यद ॥
ईसो राजा साभरी तणो ।
राय मुकुट राय सिर अग ॥
चउरस्या जै के उलगै ।
राई बदन जिसो पूरणचद ॥ २४ ॥

आसोज मास सूहावण होई ।
घरि घरि पूज करई सब कोई ॥
पूजी देव्या मनी हरीखीयो ।
बहु मादल बाजइ तिणी ठाई ॥
दीवल्या कई आगही ।
धूरि दरसावै चाल्यो राव ॥ २५ ॥

धूरि दरसावै चाल्यो राव ।
वाजित्र बाजइ निसांणो घाव ॥

चौरास्या सहू आवीया ।
सात सैं हाथी मत-गयद ॥
असी सहस साहण मीले ।
राइ दिसइ जीसौ पून्यमचद ॥ २६ ॥

मिल्या चौरास्या राणौ राण ।
जाइ बघेरइ दीयो मेल्हाण ॥
गढ अजमेरा राजीयो ।
मेघाडंबर सिर छात्र दीयो राई ॥
भाट विडद तिहा उचरै ।
"धनि धनि हो वीसल चहुँवाण" ॥ २७ ॥

चाल्यो राई दीयौ महुमान ।
काथ सुपारी पाका पान ॥
बलगे चाल्यो राई आपणाइ ।
हीयडइ हरषि मनि रग अपार ॥
सूभट सेन्या राज तणी ।
जाई पहुँतो मडप धार ॥ २८ ॥

धार नगरी [पहूतो] बीसल-राव ।
सामहो आव्यो भोज खधार ।-
कुसल रस प्रसन्न हुवा ।
दासी दी कोला मीली तिणि ठाइ ॥
नयर—लोक सहुँ को मीलयो ।
जाई जहुणो वीसलराव ॥२६॥

धन जननी जिण जायो वीसलराव ।
बीसल समो नवि कोई भोवाल ॥
रूप अपूरव पेखीयौ ।
लावण लाडु अरी पकवान ॥
सेना सहित राज जीमीयौ ।
राई भतीजो भोज दे वहुमान ॥३०॥

राजा भोज बोलइ तिणी ठाई ।
पाटी वैंठाड्या वीसल—राइ ॥

गढ़ अजमेरा राजीयौ ।
माणिक मोती चौक पुराई ॥
दीया खरोदक पइहरणइ ।
राजा कुँवर बेसाणी आणी ॥
मोती का अखा किया ।
अतेवर सहूँ जोवइ छह राई ॥ ३१ ॥

करि पहरावणी भोज सयूत ।
दीधा पेई भरी बहुत ॥
हाथी दीधा अति घणा ।
पाषर्‌या दीधा-तरल तुषार ॥
पहिरावणी राजा करी ।
ऊछव गुडी भोज-दुवारि ॥ ३२ ॥

अतेवर सवहू मीलैई कुँवार ।
दीधा मोती नव-सर हार ॥
कूँ कुँ काजल सयल सयूत ।
खावो पीयो घरि आपणइ ॥
अविचल राज करउ वहूत ॥ ३३ ॥

राजमती मुकलावी राई ।
पाट—महा-दे-राणी रुदन कराई ॥
कुँवण चालि चर आपणौ ।
बाजइ पडह पखावज भेर ॥
भोज बलावै वाहुड्यो ।
चाल्यो राजा गढ अजमेर ॥ ३४ ॥

बाजइ गुहीर निसाणो घाव ।
दुरग चीतोड़ पहुँतो राई ॥
अतर—बासइ गम कियौ ।
साभर थाणौ आवीयो राव ॥
चौरास्या सहू बाहुड्या ।
ठामि ठामि घर आव्यो कहइ राव ॥ ३५ ॥

गढ अजमेर पहुँतो जाई ।
वाजित्र वाजै नीसाणौ घाई ॥

गढि माहि गुडी उछली ।
कुँवर सहीत लागै छई पाई ॥
राई शवास्या सचरयो ।
सैंज पधार्यो साँभर्यो-राव ॥ ३६ ॥

राजमती धन कीयो सीणगार ।
गलि पइहर्यो टकाउलि हारि ॥
पहिरि पदारथ काचु—वड ।
कहइ नु 'नाल्ह' सारदा को दास ॥
राजा राणी सू मीलइ ।
पढइ सूणइ सवि पूरइ आस ॥ ३७ ॥

गायो रसायण लील— विलास ।
'नाल्ह' कहइ सब पूरज्यो आस ॥
रास रसायण उपजई ।
गढ अजमेरा उतिम ठाई ॥
'नाल्ह' रसायण आरभई ।
रास रच्यो तिणी बीसल–राई ॥ ३८ ॥

साझी समइ धल किया सीणगार ।
सीरह महमद गलि मोती-हार ॥
काने कुण्डल दाडीमा ।
पहिरी पटोली झीणइ जकी ॥
कूँ कूँ भरीय कचोलडी ।
बाधन—सेज अदीष्ठे जाई ॥
स्वामी हइ सासो पड्यो ।
झीणी हरराषी उपमजाई ॥ ३९ ॥

चौथा को लैंहँगो झूना को दाव ।
ठमिक ठमिक धन दे छइ पाव ॥
आवी अवासई साचरी ।
हीयइइ हरीष मन रग अपार ॥
धन दीहाडउ आज कउ ।
कुँवर तगायउ छइ वीसल-राव ॥ ४० ॥

जब लगि ग्रहीयल उगइ सूर ।
जव लगि गग बहइ जल पूर ॥

जब लगि प्रथमी मैं जगन्नाथ।
जीणि राजा सिर दीधो हाथ॥
रास पहूँत्तो राव को।
बाजै पडह पखावज भेर॥
कर जोडे 'नरपति' कहइ।
अविचल राज कीज्यो अजमेर॥
जू तारायण मीसी सो चन्द।
गोवल माहि मिलइ ज्युं गोव्यद॥
ज्युँ उलिगाणइ घरि मिल्यो।
गढि उलिगाणइ कीधो हो वास॥
मनका मनोरथ पूरव्या।
भणइ सूणइ तिणी पूरज्यो आस॥ ४२॥

इति चतुर्थ खड
समाप्त

महाराष्ट्रीय संत कवियों के हिन्दी-पद[1]

१. चक्रधर का पद

"मूल स्थानी भिउ वध बाँधो हो जोई ना काल कलाई।
गुरूवचनें अठीयाना दृढ बधाई जे वीना चचल नाही।
सुती वधी स्थिर होई जेणो तह्मी जाई :
सो परी मोरी वैरी, आपणां काई।

× × ×

पाचे पचायत पावै जन हो धावती आप आण स्थानी।
पवण पुरो ही मनि स्थिर करो हो चन्द्र मैली वा भान।
अवागमन दुई जे वारो बुद्धि राखो अपन थे।
काटिये जाता निवारो हो भिडे न वायो जाई।।
आँखें निरजन लो लो करी हो भाव आभाव दोन्ही नाही।

२ महदायिसा का पद

"नगर द्वार हो भिच्छा करो हो, वापुरे मोरी अवस्था लो।
जिहाँ जावो तिहाँ आप सरिसा कोउ न करी मोरी चिंता लो।
हाट चौहाटा पड रहूं हो मांग पच घर भिच्छा
बापुछ लोक मोरी आवस्था कोउ न करी मोरी चिन्ता लो।

३. दामोदर पण्डित के पद

(१)

नवनाथ कहे सो नाथपथी जुगुत कहे सो जोगी।
विश्व बुझे सो कहि वैरागी, ज्ञान बुझे सो योगी,
सुन हो तुम्ह सिद्धान्त गरूवा ज्ञान पथु हमारा,
शुन्य निरसुन्य कहाकें कहिजे ब्रह्मादिक नेनेति पारा। १।
ये शिव शकती समा जुगती, कवन युक्ति तुम पाया,
ब्रह्मा विष्णु महेश चन्द्र रवि भ्रमण करत समाया। २।

---

१. हिन्दी को मराठी सन्तों की देन (डा० विनय मोहन शर्मा) के आधार पर।

पुछु तोहिकें श्रोता पडित इन्द्र केतिवार आया,
बतिस मुख का ब्रह्मा प्रत्यक्ख कवण जुग तुम पाया। ३।
पच कृष्ण खेल भाव हो ज्याकी, किल (ण) कन्हे न जणाया,
कवण तें युग कवन ते थान, निज रूप काहा समाया। ४।
सारमसार बुझाते हैं विरला, तत्व ज्ञान जीन्ह पाया,
कलयुग माहे बदति ज्ञानी सब लोकु धघे लगाया। ५।
अलेख कहिजे अपरापरू, जीव कहिजे अविनाश,
उत्पति प्रलय नागदेव कहे श्री राऊल के दास। ६।

(२)

एकु जागा एकु सुता भया रे, खबना भगि चढिबो,
भवरि देत सुता खान खाइ एर निहुल बास पाहिबो। १।
कट भूलिवो रे कट भूलिवो रे कापट मूठ बुझाइ,
तत्व बीचार न आणति जोइ, तो विथ्या पडित म्हनाई,
आगे नागा पाछे कथा पहिरे, लोक लाज न धरे,
अष्ट भोग भोगि मगल गाई, तो न्हान याँ कलसी न्हाये रे। २।
सप्त दीपू अरु सप्त पताले, ब-हाड भला मिलिबो,
काल राति मधि मारि घालिवो, तो कोण जाग सूत धरिबो। ३।
आदि पति माया निचिया लोइ, बखाण के पढियासो,
नागदेव म्हणे चक्र सामि बिन, तीहा जगु भइ भजे सो। ४।

४ ज्ञानदेव के पद

(१)

"सब घट देखो माणिक मौला
कैसे कहूँ मैं काला धवला
पंचरंग से न्यारा होय
लेना एक और देना दोय। ध्रुवपद।

निर्गुण ब्रह्म भुवन से न्यारा
पोथी पुस्तक भये अपारा।
कोरा कागद पढ कर जाय
लेना एक और देना दोय।

अलख पुरुष मे देखा दृष्टि
करकर आउन समार मुष्टि।
छाटा मे कछु न होय
लेना एक और देना दोय।
खलल दिया त्रिलिका
तिरते तिरते मन न थका
इस पार न भावे कोय
लेना एक न देना दोय।
निर्गुन दाता कर्ता हर्ता
सब जुग बन मो आपहिता
सदा सर्वदा अच्चल होय
लेना एक न देना दोय।

(२)

"सोई कच्चा वे नही गुरू का बच्चा
दुनिया तज-कर खाक रमाई, जाकर बैठा बम मो
खेचरि मुद्रा वज्रासन मा ध्यान धरत है मन मो
तीरथ करके उम्मर खोई जागे जुगति मो सारी
हुकुम निवृति का ज्ञानेश्वर को तिनके ऊपर जाना
सदगुरु की (जव) कृपा भई तव आपहि आप पिछाना।"

५. नामदेव के पद

(१)

मन मेरे गजु जिह्वा मेरी काती।
मपि मपि काटउ जम की फासी।
कहा करउ जाती कहु करउ पाती।
रामको नाम जपउ दिन-राती।
रागनि रागउ सीवनि सीवउ।
राम नाम बिनु घीअ न जीवउ।
भगति करउ हरिके गुन गावउ।
आठ पहर अपना खसमु धिआवउ।
सुइनेकी सुई रूपे का धागा।
नामे का चितु हरि सउ लागा॥

(२)

जौ राजु देहि त कवन वडाई ।
जौ भीख मगावहि त किआ घटि जाई ।
तू हरि भजु मन मेरे पदु निवानु ।
बहुरि न होई तेरा आवनजानु ।
सभ तैं उपाई भरम भुलाई ।
जिस तू देवहि तिसहि बुझाई ।
सतिगुरु मिलै त सहसा जाई ।
किस हऊ पूजक दूजा नदरि न आई ।
एकै पाथर कीजै भाऊ ।
दूजै पाथर धरिए पाऊ ।
जै उहु देऊ त उहु भी देवा ।
कहि नामदेऊ हम हरि की सेवा ॥

(३)

भलै न लाछै पारमलो परमलीउ बैठोरी आई ।
आवत किनै न पेखिऊ कवने जाने री बाई ।
कवणु कहै किणि बूझिए रमईआ आकुलु री बाई ।
जिऊ आकासै पखिअलो खोज निरखिउ न जाई ।
जिउ जल माझै माछलो मारगु पेखणो न जाई ।
जिऊ आकसै घड़ुअलो म्रिगत्रिसना भरिआ ।
नामेचे सुआमी बीठलो जिन तीने जरिआ ॥

परिशिष्ट

हिन्दी का प्रथम कवि कौन ?[1]

यद्यपि हिन्दी साहित्य के इतिहास एव अनुसधान के क्षेत्र मे विगत सौ-सवा सौ वर्षों से इस प्रश्न पर बराबर विचार होता रहा है कि हिन्दी साहित्य का आविर्भाव या आरभ कब से माना जाय, किन्तु इसका कोई सर्वसम्मत उत्तर अभी तक प्राप्त नही हुआ। जहाँ कुछ इतिहासकार हिन्दी साहित्य का आविर्भाव सातवी-आठवी शती से मानते है तो वहाँ कुछ ग्यारहवी-बारहवी शती से। वस्तुत इस प्रश्न का उत्तर इस निर्णय पर निर्भर है कि हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना जाय। हिन्दी के प्रथम इतिहास-लेखक गार्सा द तासी ने तो इस प्रश्न पर विचार ही नही किया था। किन्तु उनके अनन्तर जार्ज ग्रियर्सन, मिश्र-बन्धु, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, राहुल साकृत्यायन, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ० रामकुमार वर्मा प्रभृति इतिहासकारो व शोधकर्त्ताओ ने पुष्य, दलपति विजय, सरहपा, अब्दुर्रहमान, आदि विभिन्न कवियो को हिन्दी का प्रथम कवि होने का गौरव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप मे प्रदान किया, किन्तु इन सभी मतो पर पुनर्विचार करते हुए हमने 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' (प्रकाशन-काल १९६५ ई०) मे भरतेश्वर बाहुबली रास (रचनाकाल सन् ११८४ ई०) के रचयिता मुनि शालिभद्र सूरि के पक्ष मे अपना निर्णय दिया था। हमारे इस निर्णय के मूल आधार सक्षेप रूप मे ये थे—१ विभिन्न इतिहासकारो द्वारा हिन्दी के प्रथम कवि के रूप मे उल्लिखित अनेक कवि,—जिनमे 'पुष्य' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है—अस्तित्वशून्य है क्योकि न तो उनके जीवनकाल के बारे मे कुछ पता चलता है और न ही उनकी कोई रचना उपलब्ध है। जब इनकी रचना ही उपलब्ध नही है तो यह कैसे कहा जा सकता है कि ये हिन्दी के कवि थे या किसी और भाषा के ? पूर्ववर्ती इतिहासकारो द्वारा उल्लिखित अनेक कवियो का जीवन-काल एव रचनाकाल सदिग्ध या बहुत बाद का है, जैसे कि 'खुमानरासो' के रचयिता दलपति विजय का है। आचार्य शुक्ल ने 'खुमानरासो' को लगभग नवी-दसवी शती मे रचित मानते हुए उसे आदिकाल की हिन्दी रचनाओ मे सर्वप्रथम स्थान दिया है, किन्तु अब यह असदिग्ध रूप मे प्रमाणित

१. 'पुराकल्प' वाराणसी मे प्रकाशित लेख।

हो गया है कि इसका रचनाकाल अठारहवी शती का उत्तरार्द्ध है। स्वय कवि ने इसमे अपना परिचय दिया है जिससे प्रमाणित होता है कि वह मेवाड के उन राणा सग्रामसिंह द्वितीय का समकालीन था जो अठारहवी शती मे हुए थे। वस्तुत इस ग्रथ मे इस काल तक की ऐतिहासिक घटनाओ का भी वर्णन उपलब्ध है। अत अब इसमे कोई सदेह नही कि यह रचना अठारहवी शती से पहले की नही है। इसी प्रकार वीसलदेव रासो, पृथ्वीराज रासो, परमाल रासो आदि ऐसी रचनाएँ है जिनका रचना-काल तेरहवी शती से पहले का नही है। अत इनमे से भी किसी रचना को पहली रचना के रूप मे स्वीकार नही किया जा सकता। कुछ इतिहासकारो ने हिन्दी को अपभ्र श से अभिन्न मानते हुए अपभ्र श के विभिन्न कवियो सरहपा, स्वयभू, अब्दुर्रहमान (सदेशरासक के रचयिता)—मे से किसी को हिन्दी के प्रथम कवि के रूप मे स्थापित करने की चेष्टा की है, किन्तु अब भापावैज्ञानिक, ऐतिहासिक एव व्यावहारिक दृष्टि से यह निर्णीत हो गया है कि ये दोनो भाषाएँ भिन्न है। आज से चालीस-पचास वर्ष पूर्व, जबकि अपभ्र श का अधिकाश साहित्य प्रकाश मे नही आया था, हिन्दी और अपभ्र श को एक मानने की भ्रान्ति प्रचलित थी। इसीलिए जहाँ प० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी एव महापडित राहुल साकृत्यायन ने 'अपभ्र श' को 'पुरानी हिन्दी' के नाम से विहित किया वहाँ आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने अपने 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' के प्रारभिक अध्यायो मे स्थान-स्थान पर अपभ्रंश के लिए 'प्राकृताभास हिन्दी' या 'पुरानी हिन्दी' जैसी शव्दावली का प्रयोग किया, किन्तु इस बारे मे वे कोई स्पष्ट निर्णय नही दे पाये थे। इसलिए अन्यत्र उन्होने अपभ्र श की रचनाओ की सूची हिन्दी-रचनाओ से अलग रूप मे भी प्रस्तुत की है। किन्तु परवर्ती अनुसधान से यह स्पष्ट हो गया है कि अपभ्र श हिन्दी की ही नही, उत्तर भारत की अन्य आधुनिक भापाओ की भी जननी है। अत उसे हिन्दी से अभिन्न नही माना जा सकता। इस तथ्य की स्पष्ट रूप से घोपणा एव व्याख्या प्रमुख भापावैज्ञानिको—डॉ० सुकीतिकुमार चटर्जी, डॉ० धीरेन्द्र वर्मा, डॉ० उदयनारायण तिवारी, डॉ० भोलानाथ तिवारी प्रभृति द्वारा हो चुकी है। साथ ही इसे अब हिन्दी साहित्य के प्रमुख इतिहासकार एव आलोचक भी स्वीकार कर चुके है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपभ्र श को हिन्दी या पुरानी हिन्दी कहे जाने के विचार को अमान्य घोपित करते हुए लिखा है—"यह विचार भापाशास्त्रीय और वैज्ञानिक नही है।·· अपभ्र श को अब कोई भी पुरानी हिन्दी नही कहता।"[१] इतना ही नही, स्वयं प० राहुल साकृत्यायन ने भी, जिन्होने कि सन् १९४५ ई० मे अपनी 'हिन्दी-काव्य-धारा'

१ हिन्दी साहित्य उद्भव और विकास, पृष्ठ सख्या १६-१७।

मे अपभ्रंश के काव्य को हिन्दी मे सम्मिलित करने का प्रस्ताव अत्यन्त जोरदार शब्दो मे किया था, अपनी परवर्ती रचना 'दोहा-कोश' (प्रकाशन काल सन् १९५७ ई०) मे अपभ्र श और हिन्दी के अन्तर को स्वीकार करते हुए लिखा है—"अपभ्र श वैसे केवल हिन्दी की अपनी चीज नही है। उस पर उत्तर भारतीय या भारत की हिन्दू-आर्यस भी भाषाओ का, एक समान अधिकार है।"[1] ऐसी स्थिति मे किसी भी अपभ्रंश-काव्य को हिन्दी का प्रथम काव्य मानने की बात स्वत ही समाप्त हो जाती है।

अस्तु, यदि हम उपर्युक्त तीनो प्रकार के कवियो—अस्तित्वहीन, सदिग्ध या परवर्ती एव हिन्दीतर कवियो—को छोडकर ऐसे हिन्दी कवियो पर विचार करें जिनकी रचना प्रामाणिक हो और जिनका रचना-काल असदिग्ध हो तो उनमे कालक्रमानुसार सबसे पहला नाम 'भरतेश्वर बाहुबली रास' (११८४ ई०) के रचयिता शालिभद्र सूरि का ही आता है जिनसे हिन्दी रास-काव्यो की एक ऐसी परम्परा का सूत्रपात होता है जो आगे तीन-चार शताब्दियो तक अखड रूप मे चलती रही। यदि आदिकाल की तथोक्त सदिग्ध रचनाओ—बीसलदेव रासो, पृथ्वीराज रासो, अमीर खुसरो की पहेलियाँ आदि को भी प्रामाणिक मान लिया जाय तो भी भरतेश्वर बाहुबली रास का यह स्थान सुरक्षित रहता है। अत हमने इसी रचना के आधार पर हिन्दी-साहित्य का आविर्भावकाल ११८४ ई० निर्धारित किया है। इस तथ्य की पुष्टि तद्युगीन ऐतिहासिक, सास्कृतिक एव भाषा-वैज्ञानिक दृष्टियो से भी होती है—इस पर यथोचित प्रकाश 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' मे डाला जा चुका है।[2]

हाल ही मे डॉ० नगेन्द्र द्वारा सपादित 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' (१९७३ ई०) प्रकाशित हुआ है जिसमे आदिकाल सम्बन्धी अध्याय डॉ० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' के द्वारा लिखित है। इसमे उन्होंने 'भरतेश्वर बाहुबली रास', के रचयिता शालिभद्र सूरि को हिन्दी का प्रथम कवि मानने का विरोध करते हुए सिद्ध कवि सरहपाद (७६९ ई०) को हिन्दी का पहला कवि घोषित किया है क्योकि उनके विचारानुसार सरहपाद की भाषा अपेक्षाकृत हिन्दी के अधिक निकट है।[3] सरहपाद के पक्ष मे उन्होने एक अन्य तर्क देते हुए लिखा है—"रही परम्परा की बात, तो उसके लिए ग्रन्थो का उतना महत्त्व नही जितना चेतना, भावना और विचारणा का है, क्योकि इन्ही से साहित्य का अस्तित्व जाना जाता है न कि मात्र ग्रथ-सख्या से। इस दृष्टि से सरहपाद की

१. दोहा-कोश, पृष्ठ सख्या ८।
२. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, पृष्ठ सख्या ९१-११०।
३ हिन्दी-साहित्य का इतिहास, स० डॉ० नगेन्द्र, पृष्ठ सख्या ३२।

देन अधिक महत्त्वपूर्ण है—उनकी भावधारा सिद्धो और नाथो से होती हुई कबीर तक अपनी परम्परा बनाती है जबकि शालिभद्र सूरि की देन इस सदर्भ मे नगण्य है। अत सरहपाद को ही हिन्दी का प्रथम कवि मानना तर्क-सगत है।[1]

यदि डॉ० दिनेश के उपर्युक्त निष्कर्ष को स्वीकार कर लिया जाय तो हिन्दी-साहित्य का आविर्भाव-काल सातवी-आठवी शती ही सिद्ध हो जाता है जो कि हिन्दी-भापा के भी उद्भव-काल से पहले पडता है। जैसा कि अन्यत्र सकेत किया जा चुका है प्राय सभी भापा-वैज्ञानिक हिन्दी-भापा का उद्भव लगभग १००० ई० से स्वीकार करते हैं, यहाँ तक कि डॉ० नगेन्द्र द्वारा सपादित इस इतिहास मे भी 'हिन्दी-भाषा के उद्भव एव विकास' सम्बन्धी अध्याय मे इसी मत को मान्यता दी गयी है किन्तु यह आश्चर्य की बात है कि हिन्दी-साहित्य का आरभ इससे भी दो-तीन शताब्दी पूर्व माना गया है। क्या इसका अर्थ यह माना जाय कि हिन्दी-साहित्य की रचना हिन्दी-भापा के उद्भव से पूर्व भी होने लग गयी थी!

सभवत इस असगति के लिए डॉ० दिनेश स्वय को दोषी न मानकर इस का उत्तरदायित्व ग्रन्थ-सपादक पर डाले, क्योंकि इस स्थिति मे उनका कर्त्तव्य था कि वे एक ही ग्रन्थ मे प्रस्तुत विभिन्न परस्पर-विरोधी धारणाओ मे अपेक्षित सामजस्य स्थापित करते। किन्तु जैसा कि इसकी भूमिका मे सपादक ने निवेदन किया है—"इस अनेकता मे एकता स्थापित करने का प्रयत्न एक सीमा तक तो सफल हो सकता है।" इस प्रकार के सम्मिलित प्रयासो मे इस प्रकार के अन्तर्विरोध का रह जाना स्वाभाविक है। फिर भी विद्वान् लेखक से इतनी आशा अवश्य की जा सकती थी कि वे इस प्रकार की क्रान्तिकारी धारणा प्रस्तुत करते समय हिन्दी-भाषा के उद्भव-काल के बारे मे पूर्व स्थापित मतो एव निष्कर्षो पर भी थोडा-बहुत विचार कर लेते।

डा० दिनेश के निष्कर्षो मे दूसरी असगति यह है कि बारहवी शती के शालिभद्र सूरि की भाषा की अपेक्षा आठवी शती के सरहपाद की भाषा को हिन्दी के अधिक निकट बताया गया है। अपनी बात को प्रमाणित करने के लिए उन्होने सरहपाद की कुछ सरलतम उक्तियाँ उद्धृत की है। वस्तुत उन्होने जो उक्तियाँ उद्धृत की है वे दोनो ही कवियो की भाषा के सामान्य स्तर का प्रतिनिधित्व नही करती।

तीसरे, हिन्दी की जननी अपभ्रंश भाषा एव उसके साहित्य का भी आविर्भाव एव विकास लगभग इसी समय से माना जाता है, अत यदि सरह-

1 हिन्दी-साहित्य का इतिहास, स० डॉ० नगेन्द्र, पृष्ठ सख्या ३३।

पाद को हिन्दी का पहला कवि मान लिया जाय तो हिन्दी अपभ्रंश की परवर्ती सिद्ध न होकर पूर्ववर्ती या समकालीन सिद्ध होगी जोकि भाषाओ के सहज विकास-क्रम के विपरीत है। चौथे, यह भी उल्लेखनीय है कि स्वय राहुल साकृत्यायन ने भी, जो कि सिद्ध कवियो के सबसे बडे समर्थक एव उनके साहित्य के सबसे अधिक ज्ञाता एव शोधक माने जाते हैं, सरहपाद को हिन्दी का नही, अपितु अपभ्रंश का पहला कवि माना है। उनके शब्दो मे—"इस प्रकार अपभ्रंश की सर्वप्रथम कृति सरहपाद के दोहो के रूप मे ही आज मौजूद है, इसलिए अपभ्रंश के आदिकवि के तौर पर सरहपाद का ही नाम लिया जा सकता है।"[1] यहा यहाँ ज्ञातव्य है कि राहुल जी का यह मत उस समय का है जबकि वे हिन्दी और अपभ्रंश की भिन्नता स्वीकार कर चुके थे क्योकि इन पक्तियो के तुरन्त बाद वे इसे स्पष्ट कर देते है कि अपभ्रंश पर केवल हिन्दी का ही नही, उत्तर भारत की अन्य आधुनिक भाषाओ का भी अधिकार है।

अत हमारे सामने दो परस्पर-विरोधी स्थितियाँ है—एक ओर महापडित के अनुसार सरहपाद हिन्दी की जननी अपभ्रंश के आदिकवि है तो दूसरी ओर डॉ० दिनेश के मतानुसार वे हिन्दी के प्रथम कवि हैं। यदि हम दूसरी स्थिति को स्वीकार करते हैं तो उसका अर्थ होगा कि पूरे अपभ्रंश-साहित्य को भारतीय साहित्य की परम्परा मे से निकाल देना या उसे हिन्दी-साहित्य मे ही समेट लेना। डॉ० दिनेश ने सचमुच ही सिद्धो और नाथो के साहित्य को हिन्दी-साहित्य मे सम्मिलित करके इस दूसरे विकल्प को ही स्वीकार किया है। वैसे इस प्रकार का प्रयास अनेक पूर्ववर्ती इतिहासकार भी कर चुके है किन्तु उन्होने उसे उस समय किया था जबकि अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी मानने की भ्रान्ति प्रचलित थी। किन्तु आज जबकि प्रत्येक दृष्टि से दोनो की भिन्नता सिद्ध हो चुकी है, ऐसा करना उचित नही कहा जा सकता।

वस्तुत डॉ० दिनेश का उक्त मत इस भ्रान्ति पर आधारित है कि सरहपाद की भाषा हिन्दी है जबकि वास्तविकता यह है कि सरहपाद तथा अन्य सिद्ध कवियो का अधिकाश काव्य अपनी मूल भाषा मे उपलब्ध नही है, उसे विभिन्न विद्वानो ने तिब्बती भाषा से अनूदित करके प्रस्तुत किया है। ऐसी स्थिति मे उनकी भाषा के आधार पर कोई भी निष्कर्ष निकालना भ्रामक सिद्ध होगा। इस तथ्य को स्वय राहुल साकृत्यायन ने भी 'दोहा-कोश' की भूमिका मे सरहपाद के काव्य की विवेचना करते हुए स्पष्ट रूप मे स्वीकार किया है। यहाँ उनकी तत्सम्बन्धी कुछ उक्तियाँ प्रस्तुत हैं—

(क) "सरहपाद की अपभ्रंश कृतियाँ 'दोहा-कोश' या 'दोहागीत' के नाम

१. 'दोहा-कोश', स० राहुल साकृत्यायन, प्रथम सस्करण (१९५७), पृष्ठ सख्या ८।

से प्रसिद्ध है।"[१]

(ख) "सरहपाद के समय मे पहुँचते-पहुँचते सस्कृत और प्राकृत दोनों साहित्यो का मध्याह्न बीत चुका था।······सरहपाद पहिले सस्कृत के महापडित थे······पर उन्होने शिष्ट साहित्य की जगह लोक-साहित्य का अनुसरण करना पसन्द किया।"[२]

(ग) "उनकी कविता मे शास्त्र-सम्मत गुणो का अभाव नही है। उनके 'दोहा-कोश' एव 'चर्यागीति' के तो एक-एक पद मे उपमाएँ भरी पडी हैं। अफसोस है कि सरहपाद की इन अनमोल कृति को अभी मूल भाषा मे नही पाया गया और उसके तिब्बती अनुवाद से ही हमे सतोष करना पडेगा।"[३]

(घ) "सरहपाद आज की भाषा मे अन्नार्मल प्रतिभा के धनी थे।······शायद उन्होने स्वय इन पदो का लेखन ही नही किया। यह काम साथ रहने वाले सरह" के भक्तो ने किया। यही कारण है जो 'दोहा-कोश' के छन्दो मे क्रम और सख्या मे इतना अन्तर मिलता है।"[४]

(ङ) "आठ सौ से कुछ ऊपर दोहो के मूल-रूप मे आये बिना हम उनकी कविता का पूरा मूल्याकन नही कर सकते।"[५]

उपर्युक्त उक्तियाँ तो सरह के आधारभूत ग्रन्थ 'दोहा-कोश' के बारे मे है, किन्तु उनकी कुछ अन्य कृतियो की भी चर्चा की जाती है, जो सबकी सब तिब्बती (भोट) भाषा से राहुल साकृत्यायन द्वारा हिन्दी मे अनूदित हैं। स्वयं साकृत्यायन जी के शब्दों मे—"युगप्रवर्तक पुरुष की एक ही कृति को हिन्दी-भाषी पाठको के सामने रखकर सतोष कर लेना मैंने अच्छा नही समझा। इसलिए उनके जो अन्य ग्रन्थ तिब्बती (भोट) भाषा मे अनुवाद के रूप मे मौजूद हैं उनको भी हिन्दी मे ला देने की मैंने कोशिश की है।"[६]

सरहपाद के नाम पर कुछ 'चर्या-गीत' भी मिलते है। उनके सम्बन्ध मे भी साकृत्यायन ने एक ओर तो उनमे निहित विचारो के आधार पर उन्हे अग्राह्य माना है तो दूसरी ओर उनकी भाषा को भी बहुत परवर्ती स्वीकार किया है।

(क) "सरह वज्रयानी चर्याओं के प्रवर्त्तक थे, यह कहना मुश्किल है। उन्होने अपने 'दोहाकोश-गीति' के आरम्भ मे ही इस तरह के अनुष्ठानो और

१. दोहा-कोश, प्रथम सस्करण, पृष्ठ सख्या १८।
२ वही, पृष्ठ सख्या २२।
३. वही, पृष्ठ सख्या २२।
४. वही, पृष्ठ सख्या २३।
५ वही, पृष्ठ सख्या २४।
६. वही, पृष्ठ सख्या ६६।

विश्वासो का खडन किया है।·· ····· यदि वे स्वय चर्याओ के प्रवर्त्तक या समर्थक होते तो यह वदतोव्याघात होता।"[1]

(ख) "चर्या-पदो के पुराने पाठ के लिए हम अधिक अच्छी स्थिति मे नही है। नेपाल या भारत की जो प्रतियाँ मिली हैं वे उस समय की हैं जबकि भूत-काल का 'इल' प्रत्यय प्रचलित हो चुका था। सरहपाद से ५-६ शताब्दियो वाद उनके गीतो मे भारी परिवर्तन हो जाना स्वाभाविक है।"[2]

अस्तु, साकृत्यायन जी की मान्यता के अनुसार प्रथम तो चर्यागीत सरहपाद द्वारा रचित हैं ही नही और यदि है भी तो उनका वर्तमान रूप सरहपाद से ५-६ शताव्दियो के वाद का अर्थात् तेरहवी-चौदहवी शती का है। ऐसी स्थिति मे यदि उनकी भाषा शालिभद्र सूरि की भाषा से भी अधिक विकसित सिद्ध हो जाय तो आश्चर्य नही।

साकृत्यायन जी को 'दोहाकोश-गीति' की एक ऐसी प्रति भी मिली थी जो ताल-पत्र पर अकित थी। इसके मिलने की कहानी भी वडी विचित्र है। तिव्वत मे यह अध-विश्वास प्रचलित रहा है कि यदि 'मरणोन्मुख व्यक्ति के मुँह मे तालपोथी का धुला एक वूद जल पड जाय तो उसके पाप धुल जाने मे सदेह नही ··· अधिक चढावा चढाने वाले भक्त को पुजारी ताल-पोथी का टुकडा काटकर प्रसाद के रूप मे दे दिया करता था, और इसी उद्देश्य से नाना पुस्तको के पत्रो का यह वण्डल उसके पास था।'[3] कहना न होगा कि इस रूप मे उपलव्ध इस ताल-पोथी का शोध एव इतिहास की दृष्टि से विशेष महत्त्व नही है, क्योकि उन पुजारियो एव उनके भक्तो के लिए इस वात का कोई महत्त्व ही नही था कि उस ताल-पोथी मे क्या लिखा है। ऐसी स्थिति मे स्वाभाविक है कि विना विषय-वस्तु को महत्त्व दिये ऐसी तालपोथियाँ पिछली शताव्दियो मे वरावर तैयार होती रही होगी, जिनमे से कुछ साकृत्यायन जी के हाथ लगी थी। यह भी उल्लेखनीय है कि इस तालपोथी के प्रतिलिपिकाल के वारे मे कुछ भी पता नही चलता। वैसे यह कुटिला-लिपि मे लिखी हुई है तथा इस लिपि का प्रचार साकृत्यायन जी के अनुसार दसवी-ग्याहरवी सदी मे हुआ था। किन्तु कुटिला लिपि के ज्ञाता उसके वाद मे भी रहे है, अत यह आवश्यक नही कि यह तालपोथी दसवी-ग्यारहवी सदी की ही हो।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'दोहाकोश-गीति' की एक प्रति महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री को भी प्राप्त हुई थी, किन्तु उसका भी प्रतिलिपिकाल निश्चित

१. दोहा-कोश, प्रथम सस्करण, पृष्ठ सख्या ६६।
२. वही, पृष्ठ सख्या ३५७।
३. वही, पृष्ठ सख्या ६७।

नही है। इस प्रति मे केवल ५० दोहे ही थे जबकि साकृत्यायन जी वाली प्रति मे यह सख्या १६४ तक पहुँच गयी है। दोनों के उपलब्धि-काल मे लगभग ४० वर्षों का अन्तर है, किन्तु इतने थोडे समय मे ही इस रचना का आकार-प्रकार कितना वढ गया था—यह इस वात का प्रमाण है कि इसमे किस तेजी से प्रक्षेप होता रहा है। वैसे साकृत्यायन जी अपनी प्रति को इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण मानते थे, क्योकि उसमे शास्त्री जी वाली प्रति से अधिक दोहे हैं किन्तु आधुनिक पाठ-विज्ञान के अनुसार यह तथ्य इसमे प्रक्षिप्तता की अधिकता को ही प्रमाणित करता है।

वस्तुत सरहपाद ही नही, अन्य सिद्धो के भी तथाकथित ग्रन्थ अपने मूल रूप मे उपलब्ध नही हैं। उनमे से अधिकाश तिब्वती से अनूदित है तथा जो अनूदित नही भी हैं वे वहुत कुछ प्रक्षिप्त एव परिवर्तित रूप मे हैं। अत विचार-धारा की दृष्टि से भले ही वे मूल विचार-धारा का प्रतिनिधित्व थोडी-वहुत मात्रा मे करते हो, किन्तु जहाँ तक भाषा का प्रश्न है, वे मूल रूप से बहुत दूर हैं। सभव है उनकी रचनाओ मे कही-कही मूल अश भी घुले-मिले हो किन्तु उन्हे अलग करना वहुत कठिन कार्य है। इस मिश्रित रूप के कारण ही उनकी भाषा कही शुद्ध अपभ्र श दिखाई पडती है तो कही तेरहवी-चौदहवी शती की हिन्दी अथवा आधुनिक उडिया के अनुरूप प्रतीत होती है जिसके कारण विद्वानो ने उनकी भाषा के सम्वन्ध मे परस्पर-विरोधी मत व्यक्त किये है। उदाहरण के लिए एक ओर आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की मान्यता है—"वस्तुत इन दोहो और पदो की भाषा भी अपभ्र श ही है पर कुछ पूर्वी प्रयोग इनमे अवश्य है। दोहो की भाषा मे तो परिनिष्ठत अपभ्र श की मात्रा अधिक है"[1] तो दूसरी ओर उडिया के सुप्रसिद्ध विद्वान् राय वहादुर आर्त्तवल्लभ महन्ती उसे शुद्ध आधुनिक उडिया मानते हुए लिखते हैं—"इन गानो की भाषा के साथ आधुनिक उत्कल का जो साम्य है वैसा अन्य किसी प्रान्त की भाषा के साथ नही। हजारो वर्ष के वाद भी भाषा मे पार्थक्य कम ही दीख पडता है।"[2]

अस्तु, उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि भाषा की दृष्टि से सिद्ध-साहित्य के आधार पर कोई भी निर्णय कर लेना निरर्थक एव भ्रामक है। वस्तुत उनके ग्रन्थ मूल रूप मे उपलब्ध ही नही हैं। जो उपलब्ध है वे प्रक्षिप्त, परिवर्तित एव परवर्ती हैं, उनमे समय-समय पर प्रक्षेप एव परिवर्तन होता रहा है, इसीलिए उनमे दसवी-ग्यारहवी शती से लेकर अठारहवी-उन्नीसवी शती तक की

१. हिन्दी साहित्य उद्भव और विकास (१६५२), पृष्ठ सख्या ५।

२. चतुर्दश भाषा-निवन्धावली (प्रथम सस्करण), पृष्ठ सख्या ७०।

भाषा के विभिन्न नमूने उपलब्ध होते है। ऐसी स्थिति मे उन्हे हिन्दी या आधुनिक उडिया का कवि वताना एक नयी भ्रान्ति को जन्म देना है।

डॉ० दिनेश ने सरहपाद को हिन्दी का प्रथम कवि मानने के पक्ष मे दूसरा तर्क यह दिया है कि चेतना, भावना और विचारधारा की दृष्टि से वे शालिभद्र सूरि की अपेक्षा हिन्दी कवियो के अधिक निकट हैं। उनके शब्दो मे—"उनकी (सरहपाद की) भाव-धारा सिद्धो और नाथो से होती हुई कबीर तक अपनी परम्परा वनाती है जबकि शालिभद्र सूरि की देन इस सदर्भ मे नगण्य है।"[1] इसके सम्वन्ध मे हमारा निवेदन है कि एक तो यह कहना ही अनुचित है कि शालिभद्र सूरि की इस दृष्टि से कोई देन नही है। वस्तुत शालिभद्र सूरि हिन्दी की रास-परम्परा के प्रवर्त्तक एव सस्थापक है जो आगे चलकर तीन-चार शताब्दियो तक अखड रूप मे प्रवाहित होती हुई अपने युग की चेतना एव भावधारा का प्रतिनिधित्व करती रही है। दूसरे, केवल चेतना, भावना और विचार-धारा के साम्य या नैकट्य के आधार पर ही किसी अन्य भाषा के कवि को हिन्दी का कवि नही माना जा सकता। हिन्दी के विद्यापति का सस्कृत के जयदेव से, विहारी का अमरु एव गोवद्र्धन से, कृष्ण-भक्त कवियो का भागवतकार से भावना एव विचार की दृष्टि से गहरा सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है—इतना ही नही अनेक विदेशी कवियो से भी स्वदेशी कवियो का नैकट्य इस दृष्टि से माना जा सकता है, जैसे सुमित्रानन्दन पत का अग्रेजी के वर्ड्सवर्थ या शैली से, किन्तु इसीलिए हम इन हिन्दीतर कवियो को हिन्दी-साहित्य के इतिहास मे स्थान नही दे सकते। हिन्दी काव्य की अनेक परम्पराएँ सस्कृत, प्राकृत, अपभ्र श आदि के काव्य से प्रभावित एव विकसित हैं, किन्तु इसी से इनका भाषागत पार्थक्य लुप्त नही हो जाता। अत भाव-धारा के साम्य के आधार पर भी अपभ्र श के कवि सरहपाद को हिन्दी का प्रथम कवि नही माना जा सकता।

इसी वर्ष (१९७३ ई०) प्रकाशित एक अन्य कृति—'हिन्दी-साहित्य का उद्भवकाल' के लेखक डॉ० वासुदेव सिंह ने भी हमारे मत का खडन करते हुए लिखा है—"हमारे कहने का तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार 'भरतेश्वर वाहुवली रास' मे प्रारम्भिक हिन्दी के नमूने देखकर गुप्त जी ने उसे हिन्दी की प्रथम रचना और शालिभद्र को हिन्दी का प्रथम कवि स्वीकार किया है, उसी आधार पर योगीन्द्र मुनि को हिन्दी का प्रथम कवि क्यो न माना जाय ? 'भरतेश्वर वाहुवली रास' के पूर्ववर्ती तीन महत्त्वपूर्ण रास-ग्रन्थ और मिलते हैं—उपदेश रसायन रास (जिनदत्त सूरि), सदेश रासक (अब्दुल रहमान)

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास—सपादक डॉ० नगेन्द्र, प्रथम सस्करण, पृष्ठ सख्या ३३।

और मुंज रासो। इनका रचना-काल क्रमश: सं० १२०० (सन् ११४३), ११वी शताब्दी और सं० ११५० (सन् १०९३) है। इन रास या रासो ग्रन्थों के अतिरिक्त रोडाकृत 'राउरवेल' (११ वी शती), मुनि रामसिंह कृत 'पाहुड़ दोहा' (११वीं शती) तथा पं० दामोदर विरचित 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' (१२वी शती) भी पूर्ववर्ती रचनाएँ है।"[1] इस प्रकार इन्होने क्रमश: इन सात कवियो—योगीन्द्र मुनि, जिनदत्त सूरि, अब्दुर्रहमान, मुंज रासो के रचयिता, रोडा, मुनि रामसिंह और पं० दामोदर—को शालिभद्र का पूर्ववर्ती बताया है। यदि ये सचमुच शालिभद्र से पूर्ववर्ती हिन्दी कवि सिद्ध हो जाते हैं तो हमें इस मत मे सशोधन करने मे कोई आपत्ति नही है। अत इस दृष्टि से इन सभी पर क्रमश: विचार किया जाता है।

इन कवियों मे क्रमानुसार सर्वप्रथम योगीन्द्र मुनि आते हैं जिनकी दो रचनाएँ—'परमात्मप्रकाश' और 'योगसार'—उपलब्ध हैं। इनके जीवन-काल या रचना-काल के बारे मे विद्वानो मे परस्पर गहरा मतभेद है। जैसा कि स्वयं डॉ० वासुदेवसिंह ने इस रचना का परिचय देते हुए स्वीकार किया है कि श्री मधुसूदन मोदी इन्हे दसवी शती का कवि मानते हैं तो श्री कामताप्रसाद जैन ने बारहवी शताब्दी का माना है।[2] आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी उन्हें आठवी-नवी शती मे स्थान देते हैं तो राहुल साकृत्यायन ११वीं शती मे। विभिन्न मतो पर विचार करते हुए डा० रामसिंह तोमर ने यह निष्कर्ष प्रस्तुत किया है कि निश्चित प्रमाणों के अभाव मे इन्हे हेमचन्द्र के पूर्व का कवि माना जा सकता है। इस प्रकार योगीन्द्र का रचना-काल अनिश्चित है। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि भाषा की दृष्टि से ये अपभ्रंश के कवि सिद्ध होते है न कि हिन्दी के। डॉ० हरिवंश कोचड, डॉ० रामसिंह तोमर, डॉ० नामवरसिंह प्रभृति शोध-कर्त्ताओ ने इनकी रचनाओ की भाषा को अपभ्रंश ही माना है। उदाहरण के लिए इनके दो दोहे प्रस्तुत हैं[3]—

जो जाया झाणग्गिए, कम्म कलक डहेवि ;
णिच्च णिरजण-णाणमय, ते परमप्प णवेवि ॥
देउल देउ विसत्थु गुरु तिप्थु वि बेउवि कब्बु।
बच्छु जु दीसे कुसुमिय इंधणु होसइ सव्बु।

निश्चय ही उपर्युक्त दोहो की भाषा हिन्दी की अपेक्षा अपभ्रंश के ही अधिक निकट हैं। इनकी तुलना मे शालिभद्र सूरि की भाषा को रखकर देखा

१ हिन्दा-साहित्य का उद्भव-काल डॉ० वासुदेव सिंह पृष्ठ सख्या ४४-४५।
२. वही, पृष्ठ सख्या १२२।
३. हिन्दी के विकास मे अपभ्रंश का योग, पृष्ठ सख्या २९६।

जाय तो यह स्पष्ट होगा कि दोनो मे से कौन हिन्दी कवि कहलाने का अधि-कारी है —

तु बाहुबलि जपइ कहिं वयण म काचु
भरहेसर भय कपइ ज जगतु सांचु ।
× × ×
दूत भणई एहु भाई पुन्निहिं पामीजइ ॥
पई लागीजइ भाई, अम्ह कहीउ कीजइ ॥

वस्तुत योगीन्द्र हिन्दी के कवि न होकर अपभ्र श के कवि है। अत उन्हे हिन्दी के कवि के रूप मे स्वीकार किये जाने का प्रश्न ही नही उठता। इसके अनन्तर तीन महत्त्वपूर्ण रासग्रन्थ—'उपदेश-रसायन-रास', 'सन्देशरासक-और मुंज रासो'—आते हैं। इनकी चर्चा करते हुए डॉ० वासुदेव सिंह ने पाद टिप्पणी मे डॉ० माताप्रसाद गुप्त के 'रासो-साहित्य-विमर्श' का सदर्भ दिया है जिससे यह भ्रान्ति उत्पन्न होती है कि वे भी (डॉ० गुप्त) इन्हे हिन्दी काव्य ही मानते हैं किन्तु वास्तविकता इसके विपरीत है। डॉ० माताप्रसाद गुप्त ने इन ग्रन्थो का परिचय देते हुए जो निष्कर्ष दिये है, वे इस प्रकार है—

(क) 'उपदेश रसायन रास'—"रचना तिथि ज्ञात नही है। · इसलिए इस रचना का समय भी स० १२०० के आसपास या कुछ बाद मे माना जा सकता है। रचना अपभ्र श की है।[1]"

(ख) सदेशरासक—"रचना तिथि ज्ञात नही है। · · ·इसकी भाषा अप-भ्र श है।"[2]

(ग) मुंजरासो—"इस नाम की अभी तक कोई रचना नही मिली। किन्तु हेमचन्द्र के "प्राकृत् व्याकरण"· ·· आदि मे मुंज विषयक किसी रचना के लग-भग बीस छन्द मिलते हैं। · · इसका रचयिता अज्ञात है। रचना-काल भी निश्चित नहा है।"[3]

अस्तु, डॉ० माताप्रसाद गुप्त के अनुसार तो उपर्युक्त तीनो रचनाएँ एक तो अपभ्र श मे रचित हैं तथा दूसरे इनका रचना-काल निश्चित नही है। इस तथ्य की पुष्टि अन्य विद्वानो ने भी की है। 'उपदेग-रसायन' का परिचय देते हुए डा० दशरथ शर्मा एव डा० दशरथ ओझा ने उसे अपभ्र श की रचना माना है। 'सदेश-रासक' की भाषा को कुछ विद्वानो ने परिनिष्ठित अपभ्र श से आगे

१. रासो-साहित्य-विमर्श डॉ० माताप्रसाद गुप्त, प्रथम सस्करण, पृष्ठ सख्या ८।
२ वही, पृष्ठ सख्या ११-१२।
३ वही, पृष्ठ सख्या १२।

बढ़ी हुई माना है किन्तु वह हिन्दी नही है। डॉ० उदयनारायण तिवारी ने इसकी भाषा का सूक्ष्म विश्लेषण करने के अनन्तर अपना निर्णय देते हुए लिखा है—"ध्वनि-विकास, एव शव्द-रूपो की दृष्टि से सदेश-रासक की भाषा साहित्यिक अपभ्र श से बहुत आगे नही बढी है।"[1] डॉ० नामवर सिंह ने भी इसकी भाषा को साहित्यिक अपभ्र श मानते हुए स्पष्ट शव्दो मे घोषणा की है कि यह समझना भ्रान्ति है कि यह ग्राम्य अपभ्र श मे रचित है।"[2] वस्तुत 'सदेश-रासक की भाषा मे भले ही कुछ प्रवृत्तियाँ नयी हो, किन्तु सामान्यत यह साहित्यिक अपभ्र श की ही रचना है। यहाँ इसकी कुछ पक्तियाँ द्रष्टव्य है—

पडिउट्ठिय सविलक्ख-सलज्जिर सभसिया।
तउ सय सच्छ णियसण मुद्धहिव बलसिया।
त सवरि अणुसरिय पहिय पावयणमणा
फुडवि णित्त कुप्पास विलग्गिय दर सिहणा

'मुंज रासो' का तो अस्तित्व ही नही है। केवल मुज सम्वन्धी वीस छुटपुट दोहे उपलब्ध है, जिन्हे काव्य-ग्रन्थ की सज्ञा नही दी जा सकती, न ही इसके रचयिता और रचना-काल का पता चलता है। कुछ लोग इन्हे मुँज-प्रणीत मान कर इनका रचना-काल ११वी १२वी शती अनुमित करते हैं किन्तु स्वयं डॉ० वासुदेव सिंह के ही शव्दो मे—"मुज रासो के कितने दोहे मुंज-प्रणीत है और कितने परवर्ती, इसका निश्चय कर पाना कठिन हो गया है।"[3] फिर जो वीस दोहे मिलते भी हैं उनकी भाषा हिन्दी न होकर अपभ्र श है। यहाँ उदाहरण प्रस्तुत है—

सउचितहरिसट्टी मम्मणह वत्तीस डीहिया।
हियझि ते नर दड्ढ सीझे जे बीससह थिया॥[4]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि पूर्वोक्त तीनो रासो-काव्यो मे से एक का तो अस्तित्व ही नही है शेष दो भी अपभ्र श मे रचित हैं। ऐसी स्थिति मे उनके रचयिताओ को हिन्दी के प्रथम कवि के रूप मे स्वीकार नही किया जा सकता। किन्तु यहाँ हमे एक अन्य दृष्टि से भी विचार करना है—विशेषत 'उपदेश-रसायन-रास' के सम्बन्ध मे। इस ग्रन्थ मे जैन-धर्म के सिद्धान्तो का परिचय

१. हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास, द्वितीय सस्करण, पृष्ठ सख्या १४७।
२. हिन्दी के विकास मे अपभ्र श का योग, चतुर्थ सस्करण, पृष्ठ सख्या २३९।
३. हिन्दी साहित्य का उद्भव काल, प्रथम सरकरण पृष्ठ २०६।
४. वही, पृष्ठ सख्या २७८।

काव्यत्व शून्य शुष्क शैली मे दिया गया है तथा इसकी भाषा भी अपेक्षाकृत अप-भ्रंश के निकट है। इन सब कारणो से हमने इसे हिन्दी काव्य मे स्थान देना उचित नही समझा किन्तु इस पर डॉ० वासुदेवसिंह इतने अधिक कुपित एव क्षुब्ध हुए है कि उन्होने हमारे सारे प्रयास को ही सिद्धान्त-विरुद्ध एव अवैज्ञानिक घोषित कर दिया है।[1] इस प्रसग मे उनका सबसे बडा आक्षेप यह है कि जबकि हमने जैन सम्प्रदाय सम्बन्धी अन्य रचनाओ (भरतेश्वर बाहुबली रास आदि) को ग्रहण किया है तो 'उपदेश रसायनरास' को क्यो नही लिया ? इसके उत्तर मे हमारा निवेदन है कि 'साम्प्रदायिक रचना' और 'साम्प्रदायिक काव्य' मे अन्तर है। जहाँ सिद्धान्तो का शुष्क वर्णन हो वह 'रचना' मात्र है जबकि काव्यमय शैली मे रचित रचना को 'काव्य' मे स्थान दिया जाता है। 'उपदेश रसायन रास' के बारे मे डॉ० वासुदेव सिंह स्वय भी इसी निर्णय पर पहुँचे है —"इन शुष्क तथा नीरस उपदेशो मे कवित्व का सर्वथा अभाव है।"[2] शायद ये पक्तियाँ लिखते समय डॉ० सिंह भूल गये कि इसी प्रकार के निर्णय के लिए वे अपनी इसी पुस्तक मे पीछे किसी अन्य लेखक की भारी भर्त्सना कर चुके हैं।

अस्तु, भर्त्सना के लिये भर्त्सना करना और बात है किन्तु वास्तविकता यह है कि 'उपदेश रसायन-रास' किसी भी दृष्टि से हिन्दी काव्य मे स्थान पाने के योग्य नही है और जैसा पीछे कहा जा चुका है—'मुंज रासो' और 'सदेश-रासक' पर भी यही बात लागू होती है। शेष रचनाओ मे से रोडा कृत 'राउल-वेल' एक शिलालेख है—जिसमे अवधी, मराठी, पश्चिमी हिन्दी-पजाबी, बगला, मालवी आदि भाषाओ मे विभिन्न प्रदेशो की नायिकाओ को नख-शिख वर्णित किया गया है, अत इससे तद्‌युगीन लोक भाषाओ की जानकारी मे तो सहायता मिलती है किन्तु इसे हिन्दी की काव्य कृति के रूप मे स्वीकार नही किया जा सकता। इसी प्रकार 'उक्तिव्यक्तिप्रकरण' एक व्याकरण-ग्रन्थ है जिससे तद्‌युगीन लोक भाषा के स्वरूप पर प्रकाश पडता है किन्तु इसे काव्य-ग्रथ कहना अनुचित होगा। मुनि रामसिंह रचित 'दोहा-पाहुड' को डॉ० हरिवश कोछड, डॉ० राम सिंह तोमर, डॉ० नामवर सिंह प्रभृति विद्वानो ने अपभ्र श-काव्य मे स्थान दिया है। वस्तुत इसकी भाषा अपभ्र श से अग्रसरित होती हुई भी हिन्दी से दूर है, उदाहरणार्थ कुछ पक्तिया द्रष्टव्य है—

अक्खरडेहि जि गव्विया, कारणु ते ण मुणति।
बस विहत्था डीम जिम, परहत्थड़ा घुणति॥

१. वही, पृष्ठ सख्या ४५।
२ वही, पृष्ठ सख्या ११६।

इसकी भाषा मे कही-कही अपभ्रंश-परवर्ती प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होती है जिसका कारण कदाचित् यह है कि इसकी कोई भी प्रति सत्रहवी शती से पहले की नही मिलती, अत सम्भव है कि प्रतिलिपिकारो के द्वारा मूल मे थोडा-बहुत परिवर्तन हो गया हो। इसके अतिरिक्त इसका रचना-काल भी सदिग्ध है। स्वय डॉ० वासुदेव सिह के शब्दो मे—'दोहा पाहुड' का रचनाकाल भी अनिश्चित है। डॉ० हीरालाल जैन को जो दो हस्तलिखित प्रतियाँ मिली हैं उनमे से एक का लिपिकाल स० १७८४ है। मुझे जयपुर से प्राप्त प्रति का लिपि काल स० १७११ है। अत 'दोहा-पाहुड' इसके पूर्व ही लिखा गया होगा।"[1] आगे चलकर डॉ० सिह ने विभिन्न अनुमानो के आधार पर इसका रचना काल बारहवी शती अनुमित किया है जबकि 'भरतेश्वर बाहुबली रास' का रचना-काल निश्चित रूप से सन् ११८४ ई० है। ऐसी स्थिति मे इसके रचयिता मुनि रामसिह को शालिभद्र सूरि से पहले स्थान कैसे दिया जा सकता है।

इस प्रकार हम देखते है डॉ० सिह द्वारा उल्लिखित सातो रचनाओ मे से कोई भी ऐसी नही है जिसे हिन्दी-काव्य-परम्परा मे 'भरतेश्वर बाहुबली रास' से पहले स्थान दिया जा सके। वस्तुत इस प्रसग मे उन्होने जिन रचनाओ का जोरदार समर्थन किया है, आगे चलकर उन्ही की उक्तियो से उनका खडन हो जाता है।

अन्त मे हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते है कि यदि हम अपभ्रश या हिन्दी-तर रचनाओ को या हिन्दी की असाहित्यिक (व्याकरण या नीति-उपदेश सम्बन्धी, रचनाओ) को अथवा अप्रामाणिक व सदिग्ध रचनाओ को छोडकर हिन्दी भाषा के उद्भव-काल को ध्यान मे रखते हुए विचार करें तो निश्चित ही 'भरतेश्वर बाहुबली रास' ही हिन्दी की प्रथम प्रामाणिक काव्य-कृति तथा उसके रचयिता 'शालिभद्र सूरि' हिन्दी के प्रथम कवि सिद्ध होते हैं। रोडाकृत 'राउलवेल' तथा दामोदर के 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' आदि से इस तथ्य की पुष्टि भली भाँति हो जाती है कि हिन्दी भाषा का उद्भव लगभग ईसा की दसवी शती के अन्त मे हुआ है तथा किसी भाषा को साहित्य के द्वार तक पहुँचने मे एक दो शताब्दियो का समय अवश्य लग जाता है, अत इस दृष्टि से भी हिन्दी-साहित्य का आविर्भाव-काल 'भरतेश्वर बाहुबली रास' के रचना-काल अर्थात् सन् ११८४ ई० से मानना सगत सिद्ध होता है।

हमारे उपर्युक्त निष्कर्ष की पुष्टि कतिपय अन्य साक्ष्यो से भी होती है। एक तो तद्युगीन राजनीतिक एव सास्कृतिक पृष्ठभूमि की दृष्टि से विचार किया जाय तो यह स्पष्ट होगा कि बारहवी-तेरहवी शती मे समूचे उत्तर भारत मे

१ हिन्दी साहित्य का उद्भव-काल, पृष्ठ सख्या १२८।

गुर्जर-प्रदेश ही एक ऐमा भूभाग था जो स्वतन्त्रता, शक्ति एव सस्कृति का केन्द्र था। इसलिए उत्तरी भारत की अन्य आधुनिक भाषाओ में से पश्चिमी हिन्दी अर्थात् पश्चिमी राजस्थानी का, जो कि तद्युगीन गुर्जर प्रदेश की लोक भापा थी सर्वप्रथम उदय एव विकास हुआ इस तथ्य को स्वीकार करते हुए डॉ० नामवर सिंह ने प्रतिपादित किया है कि हिन्दी की विभिन्न उपभाषाओ या वोलियो मे मध्यप्रदेश का वोलियो (अवधी और व्रज) की अपेक्षा राजस्थानी और मैथिली का उदय एव विकास पहले हुआ। इसका कारण स्पष्ट करते हुए उन्होने लिखा है—गुजरात के सोलकी, देवगिरि के यादव और वगाल के पाल राजाओ ने अपने-अपने भूखडो मे स्वतन्त्र शासन स्थापित करने के साथ ही, अनेक लोकप्रिय सास्कृतिक कार्यों द्वारा जातीय इकाइयो को सगठित होने का अवसर प्रदान किया। ··· इसके अतिरिक्त इन प्रदेशो के राजवशो ने सस्कृत की अपेक्षा लोक वोलियो को अधिक प्रश्रय और प्रोत्साहन दिया। इस प्रकार जातीय सगठन ने भापा का उत्थान किया और भापा ने जातीय सगठन का। दोनो ही परस्पर वर्धमान हुए···[१] ऐतिहासिक दृष्टि से राजस्थानी और मैथिली वोलियो का उदय पहले हो गया, इनके वाद अवधी का उदय हुआ।···मैथिली का उदय इतना पहले इसीलिए सभव हो सका, कि मिथिला शासन की स्वतन्त्र इकाई के रूप में एक ही राजवश के अन्तर्गत कई शताब्दियो तक स्थापित रहा। ····· राजस्थानी की स्थिति भी वहुत-कुछ मैथिली जैसी ही है। पश्चिमी राजस्थान वहुत दिनो तक जातीय और प्रशासकीय रूप मे गुजरात से सम्वद्ध रहा, दोनो जातियो और वोलियो का विकास साथ-साथ हुआ।"[२]

अस्तु, तद्युगीन पश्चिमी राजस्थानी जो कि वारहवी-तेरहवी शती के सम्मिलित गुजरात एव पश्चिमी राजस्थान की लोक भाषा थी, हिन्दी की अन्य उपभापाओ से अपेक्षाकृत पहले उदित हुई। दूसरे जिस प्रकार पालि, प्राकृत, अपभ्र श को भी सर्वप्रथम वौद्ध एव जैन कवियो ने ही अपने धर्म प्रचार के लिए साहित्य मे स्थान दिया लगभग उसी प्रकार हिन्दी की उस उपभापा—पश्चिमी राजस्थानी—को भी सर्वप्रथम जैन कवियो ने, जिनमे शालिभद्र सूरि अग्रणी थे, अपने साहित्य मे स्थान दिया। ये तथ्य इस शका का भी निराकरण करते हैं कि हिन्दी की सवसे पहली रचना मध्यवर्ती हिन्दी प्रदेश मे न मिलकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे क्यो मिलती हैं। भाषा की दृष्टि से विचार किया जाय तो 'भरतेश्वर वाहुवली रास' की भापा 'राउलवेल' मे प्रस्तुत उस अश से वहुत

१. हिन्दी के विकास मे अपभ्र श का योग, चतुर्थ सस्करण, पृष्ठ सख्या १००-१०१।

२ वही, पृष्ठ सख्या १०२।

मिलती-जुलती है जिसे विद्वानों ने पश्चिमी राजस्थानी का रूप माना है। यहाँ दोनो के नमूने प्रस्तुत हैं—

एहु कानोड़उ काइ सउं भांखइ।
वेस अम्हाणउं ना जउ देखइ।
आ उंडउ जो राउलु सोहइ।
थइ नउ सो एथु को वकु न मोहइ।
× × ×
पहिरणु फरहरे पर सोहइ।
राउल दोसतु सउ जण मोहइ।
× × ×
जहि घरे अइसी ओलंग पइसइ।
त घरु राउल जइसउँ दीसइ॥

—'राउलवेल' से उद्धृत

'राउलवेल' के इस अंश की विवेचना करते हुए डॉ० नामवर सिंह ने लिखा है—"तृतीय उदाहरण मे 'अम्हाणउँ', 'काईं करेवउ' 'थइ नउ' आदि प्रयोग ऐसे हैं जो पुरानी पश्चिमी राजस्थानी की याद दिलाते हैं। प्रसंगात् यह वही खंड है जिसमे 'खताजणु' अर्थात् क्षत्रिय-जन का उल्लेख हुआ है। इसलिए बहुत संभव है कि इसमे तत्कालीन राजस्थानी बोली का नमूना प्राप्त हो।" हमारे विचार से इसे असदिग्ध रूप से उस समय की लोक प्रचलित पश्चिमी राजस्थानी के उदाहरण के रूप मे स्वीकार किया जा सकता है। अब इसकी तुलना मे 'भरतेश्वर वाहुबली रास' की भाषा के कुछ नमूने रखकर देखे जा सकते हैं—

मति सागर किणि काज चक्क न पुरि परबस करइ।
तइजि अम्हारह राजि, घोरीय घर घरीउ॥ ४५
× × ×
काँइ मरावउ तम्हि इम जीव, पड़सिउ नरकि करँता रीव।१८२
× × ×
पइसइ मालाखाडइ वीर, गिरिवंर पाहिइं सबल शरीर।१८४
× × ×
कीजई ए आज़ पसाउ, छंडि न छंडि न छयल छलो। १९५

वस्तुत दोनो की भाषा मे वहुत कम अन्तर दृष्टिगोचर होता है। 'राउलवेल' का शिलाकन-काल विद्वानो ने ११ वी शती ईस्वी सिद्ध किया है, जबकि भरतेश्वर वाहुवली रास का रचना-काल ११८४ ई० है—इस दृष्टि से दोनो के रचना-काल मे अधिक से अधिक एक शताब्दी का अन्तर सभव है। कहना न होगा कि दोनो की भाषा मे भी इससे अधिक समय का अन्तर दृष्टिगोचर नही होता। अत भाषा की दृष्टि से भी यह रचना-काल की लोकभापा का सही प्रतिनिधित्व करती है।

अन्त मे यह भी उल्लेखनीय है कि डॉ० माताप्रसाद गुप्त, डॉ० दशरथ ओझा, डॉ० हरीश प्रभृति विद्वानो ने तो 'भरतेश्वर वाहुवली रास' को प्रारभिक हिन्दी रास-काव्य के रूप मे स्वीकार किया ही है, साथ ही इस तथ्य का भी कम महत्त्व नही है कि 'भरतेश्वर वाहुवली रास' की रचना के साथ ही जैन रास-काव्य की हिन्दी मे एक अविच्छिन्न परम्परा का सूत्रपात हो जाता है, विभिन्न कवियो द्वारा रचित रास-काव्य—'जीवदया रास' (१२०० ई०), 'चन्दनवाला रास' (१२०० ई०), 'जम्वूस्वामी रास' (१२०९ ई०) 'स्थूलिभद्र रास' (१२०९ ई०), 'रेवतगिरिरास' (१२३१ ई०), 'आवूरास' (१२३२ ई०), 'नेमिनाथ रास' (१२३८ ई०), 'गयसुकुमाल रास' (१२५० ई०), 'कच्छुली रास' (१३०६ ई०)। जिन पद्मसूरि पट्टाभिषेक रास (१३३३ ई०) आदि—इस परम्परा की वे सशक्त कडियाँ है जिनके आधार पर आज भी हिन्दी साहित्य के आदिकाल का भवन टिका हुआ है, अन्यथा सिद्धो, नाथो और चारणो की तथाकथित रचनाओ की अप्रामाणिकता एव सदिग्धता के कारण इसकी आधारभूमि वहुत पहले खोखली सिद्ध हो चुकी है।

अत हमे यह स्वीकार करने मे कोई सकोच नही होना चाहिए कि अब तक ज्ञात एव उपलब्ध रचनाओ मे 'भरतेश्वर वाहुवली रास' ही हिन्दी का प्राचीनतम काव्य है जिसके आधार पर उसके रचयिता मुनि शालिभद्र सूरि को हिन्दी का प्रथम कवि तथा उसके रचनाकाल (सन् ११८४ ई० या सवत १२४१ वि०) को ही हिन्दी साहित्य का वास्तविक आविर्भाव काल माना जाना चाहिए। राजनीतिक, सास्कृतिक एव भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से भी हिन्दी साहित्य का आरभ लगभग इसी समय से मानना तर्कसगत एव समीचीन प्रतीत होता है।

●●